कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी 03:23 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 65, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90 16

पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज 15

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने प्रवासी श्रमिक को गोली मारी

- उप्र के बिजनौर जिले का है शुभम, अस्पताल में भर्ती

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में गोली मार दी। कुमार को गोली हाथ में लगी थी।

अधिकारियों ने बताया कि कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिछले एक हफ्ते में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सेना के वाहन पर किया हमला, दो जवान घायल

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में गुरुवार को सेना के एक वाहन पर हुए आतंकी हमले में दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने बारामूला जिले के बोटापथरी में वाहन पर गोलीबारी की जिसमें दो सैनिक घायल हो गए।

## ग्राम पंचायतों को बनाएं स्मार्ट, जाति-निवास व आय प्रमाण पत्र वहीं बने

### मुख्यमंत्री ने दिया स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी सुझाव, सरकारी सेवा में चयनित 1950 युवाओं को लोकभवन में दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ग्राम पंचायतों को भी स्मार्ट बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने तमाम सुझाव देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में जनसहभागिता से साफ-सफाई की व्यवस्था हो। लोगों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र वहीं पर मिले। महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। इससे सुरक्षा भी होगी तो रात में लाइट भी जलेगी। सेंसर या किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं कि समय पर ऑन-ऑफ हों। गांवों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाएं। केंद्र सरकार के स्तर पर कोई प्रतियोगिता हो तो हमारी ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय अतिरिक्त आय के भी माध्यम बन सकते हैं। वहां कम्युनिटी सेंटर बन सकता है, सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकते हैं। यूजर चार्ज के आधार पर सुविधा दीजिए। इससे गांव के पास भवन भी होगा। फेयर प्राइस शॉप ग्राम सचिवालय के पास मॉडल के रूप में बन रही है। केवल सरकारी राशन ही नहीं, अन्य सामान भी वितरित कीजिए। इसका किराया ग्राम पंचायत में जमा होगा। यह भी ग्राम पंचायत के अतिरिक्त इनकम का माध्यम बन सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग, अपर मुख्य सचिव (पंचायती राज) नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव (समाज कल्याण) डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव (नियुक्ति व कार्मिक) एम. देवराज, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रभारी अध्यक्ष ओएन सिंह आदि मौजूद रहे।



लोकभवन में नव चयनितों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मंत्रिगण ओम प्रकाश राजभर, असीम अरुण, संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

### राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** राज्य कर्मियों को दिवाली से पहले वेतन, बोनस और अब महंगाई भत्ता भी दिए जाने की घोषणा शासन ने की है। राज्य के 17 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी की बढ़ोतरी का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत हो गया। बढ़ा हुआ डीए दिवाली के पहले 30 अक्टूबर को सैलेरी के साथ मिल जाएगा। डीए वृद्धि का लाभ जुलाई 2024 से मिलेगा। इस बार दीपावली से पहले कर्मचारियों को वेतन, बोनस और महंगाई भत्ता तीनों मिलेंगे।

## एक नजर

### पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करेंगे

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने दिल्ली में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही।

### पानी की टंकी गिरने से पांच श्रमिकों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में गुरुवार की सुबह श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थायी टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में उस वक्त हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पिंपरी चिंचवड के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेसी ने कहा कि प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई।

### मजहर आसिफ जामिया के कुलपति नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मजहर आसिफ को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का कुलपति नियुक्त किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आसिफ फिलहाल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ लैंग्वेज में प्रोफेसर हैं।

## एयर इंडिया सहित 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

### धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानें की गईं डायवर्ट, कई की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

- विमानों की गहन छानबीन के बाद फर्जी निकलीं धमकियां
- पिछले 11 दिनों के भीतर 250 विमानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों की 70 से अधिक उड़ानों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया जबकि अन्य की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद गहन जांच की गई, छानबीन के बाद ये धमकियां फर्जी निकलीं।

पिछले 11 दिन में लगभग 250 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने वाली थीं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अकासा एयर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर रख रहा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। नागर विमानन मंत्रालय, उड़ानों को मिल रही झूठी धमकियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सकता है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढ़ने से प्रतिबंधित करना है।



### आगरा एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के खेरिया एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने इस सूचना के साथ थाना शाहगंज में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि विगत चार अक्टूबर को सीआईएसएफ की आगरा एयरपोर्ट इकाई की ऑफिशियल मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश भेजा गया। जानकारी गृह मंत्रालय को देने के बाद सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बुधवार देर रात थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया। सीआईएसएफ के अधिकारिक ईमेल पर चार अक्टूबर दोपहर 1.16 बजे ये धमकी भरा मेल मिला। धमकी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया।

### भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर आई धमकी भरी कॉल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और झारसुगुड़ा में वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे पर गुरुवार को बम की धमकी की कॉल मिलने पर हाईअलर्ट के साथ ही बम और डॉग स्क्वॉड को तुरंत तैनात किया गया। बीपीआईए के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया कि दोनों हवाई अड्डों और बेंगलुरु से पहुंची एयर आकाश की फ्लाइट की जांच में कोई बम नहीं मिला। धमकी 'एक्स' पर एक पोस्ट से मिली, जिसमें कहा गया था कि बेंगलुरु-भुवनेश्वर एयर आकाश की फ्लाइट में बम है। बेंगलुरु-झारसुगुड़ा इंडिगो विमान के बारे में बम की धमकी वाली कॉल मिलने के बाद झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई।

## छठ और दिवाली पर चलाई जाएंगी 7 हजार स्पेशल ट्रेनें

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को दी गई मंजूरी

- दो बड़ी रेल परियोजनाओं को भी मंत्रिमंडल की मिली स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष (स्पेशल) ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलाई थीं, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है। सरकार ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी 6798 करोड़ रुपये की लागत वाली दो रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा। कहा गया कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क सुविधा मजबूत होगी। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नाम्बुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। सरकार के अनुसार, तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों से गुजरने वाली वाली ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की बढ़ोतरी करेंगी।



### अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस कोष से क्षेत्र की लगभग 40 स्टार्टअप इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद है और इससे निजी अंतरिक्ष उद्योग की वृद्धि में तेजी आएगी। सरकार ने कहा कि इससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी।

## सभी जिलों में नियुक्त होंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी

- उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 77 पदों का दिया प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की औषधि नियंत्रण शाखा में जल्द ही जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी का पद गठित होगा। जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी विभाग की औषधि शाखा का प्रभारी होगा। जो जिले में तैनात औषधि निरीक्षकों (ड्रग इंस्पेक्टरों) के कार्यों की मॉनिटरिंग करेगा और मंडल स्तर पर तैनात सहायक आयुक्त औषधि को रिपोर्ट करेगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिला स्तर पर जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों के नए पद के सृजन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसमें 77 नए पद गठित करने की मांग की गई है।औषधि नियंत्रक अधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश के 75 जिलों में व दो जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों की तैनाती मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। तैनाती सीधे न होकर ड्रग इंस्पेक्टरों के प्रमोशन से करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में प्रदेश में ड्रग इंस्पेक्टर के 198 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 109 ड्रग इंस्पेक्टर तैनात हैं।

## शर्मा को एनआईओएस अध्यक्ष पद से हटाया

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली पुलिस ने सरोज शर्मा के खिलाफ उनके ड्राइवर की आत्महत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। ड्राइवर ने शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर शर्मा पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया था। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, शर्मा को उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में वापस भेज दिया गया है। इस घटनाक्रम पर शर्मा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

## एडीएम की संदिग्ध हालात में मौत

- पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लिया मौके पर जायजा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में तैनात फर्रूखाबाद के रहने वाले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था की गुरुवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव नगर कोतवाली क्षेत्र में सुरसरि कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में मिला है।

बेडरूम से लेकर कमरों में खून बिखरा हुआ था। मामले की खबर पर मंडलायुक्त-आईजी समेत अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयाघात के चलते मौत की बात सामने आई है और मृतक का लीवर, फेफड़ा डैमेज तथा भोजन नली में खून मिला है। फर्रूखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव मझना निवासी सुरजीत सिंह (58) पुत्र स्व. हृदयराम यहां रामजन्मभूमि परिसर में अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था के पद पर तैनात थे। लगभग एक साल पूर्व गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए एडीएम नगर कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र में एसएसपी आवास के पीछे स्थित सुरसरि कॉलोनी के टाइप फोर के आवास संख्या 6 में अकेले रहते थे। रोज की तरह गुरुवार सुबह 10.30 बजे आवस पर काम करने वाली पूराकलंदर थाना क्षेत्र के खानपुर मसौधा निवासी महिला किरन (44) पत्नी विनोद कुमार गौड़ उनके आवास पर पहुंची तो दरवाजा खुला हुआ था। एडीएम बाहरी कमरे में पीठ के बल पड़े मिले और बेडरूम से लेकर अगले कमरे तक खून बिखरा मिला। नौकरानी की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गिरिजा दयाल गोस्वामी ने मामले की जानकारी पुलिस और आला अधिकारियों को दी। जिसके बाद उनके परिवार को सूचना दी गई।

## न्याय की देवी की नई प्रतिमा पर जताई आपत्ति

- सुप्रीम कोर्ट बार ने कहा-नहीं किया गया विचार-विमर्श

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने उसके साथ विचार-विमर्श किए बगैर न्याय की देवी की प्रतिमा और शीर्ष अदालत के प्रतीक चिह्न में किए गए आमूलचूल बदलावों पर आपत्ति जताते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय की देवी की छह फुट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। सफेद पारंपरिक पोशाक पहने न्याय की देवी की नई प्रतिमा की आंखों पर पट्टी नहीं बंधी हुई है और सिर पर मुकुट है।

एससीबीए के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और कार्यकारी समिति के अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव में उस स्थान पर प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई गई है, जहां उन्होंने बार के सदस्यों के लिए कैफे-लाउंज बनाने की मांग की थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने पाया है कि हाल ही में न्यायालय ने बार से परामर्श किए बिना प्रतिमा में बदलाव किए हैं।

## पूर्व कोतवाल और चौकी इंचार्ज को 5 साल की सजा, 10-10 हजार जुर्माना

- कानपुर देहात के बलवंत सिंह हत्याकांड में सुनाई गई सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने गुरुवार को तत्कालीन शिवली कोतवाल और मैथा चौकी प्रभारी को 5-5 साल की सजा दी। साथ ही 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनियां थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस मामले में तत्कालीन शिवली कोतवाली इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, एसआई संपत सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, हेड कांस्टेबल सोनू यादव, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार, दुर्गेश कुमार व आरक्षी जय कुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसआईटी ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की कोर्ट ने 19 अक्तूबर को तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय को दोषी ठहराते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था।

डीजीसी राजू पोरवाल और एडीजीसी संतोष कटियार ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट ने राजेश कुमार सिंह और ज्ञानप्रकाश पांडेय को 5-5 साल की सजा सुनाई व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।



ज्ञान प्रकाश पांडेय



राजेश कुमार

## भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित किए 8 प्रत्याशी

### बहुजन समाज पार्टी ने आठ सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा, कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी बने भाजपा के प्रत्याशी

- सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के बहनोई को भाजपा ने करहल से लड़ाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने भी आठ और सपा ने दो और उम्मीदवार के नाम घोषित किए हैं। इसके पहले सपा सात प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। भाजपा ने करहल सीट से अनुजेश यादव को चुनाव में उतारा तो वहीं कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी लड़ेंगे। गाजियाबाद से महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, खैर (अजा) सीट से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर (प्रयागराज) से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवा सीट से सुचिस्मिता मौर्या को टिकट दिया है।

कटेहरी से धर्मराज निषाद तीन बार बसपा से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री भी रहे हैं। वह वर्ष 2022 से पहले भाजपा में आए, चुनाव लड़े और हार गए थे। भाजपा ने इन्हें फिर मौका दिया है। मझवा से सुचिस्मता मौर्य भाजपा से विधायक रही हैं। वर्ष 2022 में सीट निषाद पार्टी को दे दी गई थी। इस बार भाजपा मौर्य को लड़ा रही है। अलीगढ़ की खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर, पूर्व भाजपा सांसद राजवीर दिलेर के बेटे हैं। भाजपा ने करहल से आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। अनुजेश सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की भतीजी संध्या यादव के पति हैं।

### बसपा आज घोषित करेगी खैर सीट से उम्मीदवार

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बसपा अलीगढ़ की खैर सीट से प्रत्याशी घोषित करेगी। बसपा की ओर से आठ प्रत्याशियों की घोषित सूची के अनुसार कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर से शाहनजर, सीसामऊ से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करहल से डॉ अवनीश शाक्य, कुंदरकी से रफलउल्ला, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग व मझवां से दीपक तिवारी शामिल हैं।

### सपा ने गाजियाबाद व खैर सीट पर घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** कांग्रेस के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद से सिंह राज जाटव और खैर में डॉ .चारू कैन को प्रत्याशी बनाया है।

### रालोद ने मीरापुर सीट से मिथलेश पाल को उतारा

राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में मीरापुर सीट पर मिथलेश पाल को उतारा है। यह सीट रालोद को एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा द्वारा मिली है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में मीरापुर सीट जीतेंगे, सभी नौ सीटों पर एनडीए गठबंधन जीतेगा।

## एक नजर

### युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने बेवजह युवक से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डिगसरा निवासी राजीव पुत्र रामलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 अक्टूबर की शाम लगभग 07 बजे वह गांव की पंचायत घर के सामने था। तभी गांव के ही पिंटू पुत्र रामतीर्थ, राम शंकर व गिरीश चंद्र, रामतीर्थ पुत्रगण दर्शन लाल आए और बेवजह उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू कर दी है।

### वृद्ध को पीटकर घायल किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समर्सिवल की केबिल डालने को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित वृद्ध ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इंदुईयागंज निवासी वृद्ध श्याम सुंदर पुत्र पातीराम प्रजापति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पड़ोसी रामकुमार प्रजापति, राधा देवी, बेंचेलाल व प्रमोद प्रजापति 20 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे सबमर्सिबल की केबिल डालने को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा में छूटा बैग पुलिस ने किया बरामद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बहन के घर शादी में आई महिला का बैग वापस घर जाते समय ई-रिक्शा में छूट गया। जेवरात, मोबाइल व नगदी भरा बैग पुलिस ने खोजकर महिला को सौंप दिया। कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला से शेखपुरा निवासी माजदा पत्नी आरिफ कोतवाली क्षेत्र गुरसहायगंज के कस्बा समधन में अपनी बहन के घर शादी में आयी थी। बुधवार को बहन, भाइयों व बेटे के साथ ई-रिक्शा पर बैठकर घर वापस जा रही थी। शाम करीब 07 बजे नगर के चौराहे पर उतरकर वह फल लेने लगी। इस दौरान रुपये देने के लिये बैग निकालना चाहा तो नहीं था। बैग में उसका एक हार, दो बुंदे, एक अंगूठी, एक जोड़ी पायल, एक मोबाइल फोन व कुछ नगदी थी। उसने कस्बा चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने ही पुलिस की ईगल पुलिस टीम के सिपाही मोनू कुमार व अमन ठाकुर ने महिला के बैग में रखे मोबाइल की लोकेशन प्राप्त कर बैग को बरामद कर लिया और महिला के सुपुर्द किया।

### आज प्रभावित रहेगी बिजली

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के 220 केवी उपकेंद्र में दीपावली से पहले 132 केवी मेन लाइन की मजबूतीकरण का कार्य होने के चलते 25 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी। यह जानकारी देते हुए जेई अनिल कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते यहां से निकले समस्त 33 केवी सौरिख, गुरसहायगंज, छिबरामऊ प्रथम व द्वितीय, बहवलपुर, सिकंदरपुर और मिघौली फीडर की बिजली बंद रहेगी।

### त्योहार बाद होगा पेंशन निर्धारण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिले के वित्त एवं लेखाधिकारी ने बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि पेंशन का निर्धारण दीपावली के तुरंत बाद कर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन के संयोजक भारत सिंह ने बताया हमारा शिष्टमंडल वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला। शिष्ट मंडल में पूर्व प्रधानाध्यापक एवं संयोजक भारत सिंह, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, सेवक राम यादव, महेश प्रसाद झा एवं बालिस्टर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# अब तक खंगाली गई नवाब नीलू की 16 करोड़ की संपत्ति

## गुरसहायगंज कोतवाल पहुंचे तिर्वा के बचपन स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


नवाब सिंह।


नीलू।

- जिलाधिकारी से परमीशन लेकर पुलिस जब्त करेगी संपत्ति

**अमृत विचार।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी नवाब सिंह यादव व नीलू यादव की संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया पुलिस ने शुरू कर दी है। गुरसहायगंज कोतवाल ने तिर्वा पहुंचकर बचपन स्कूल को देखा व जांच की। पुलिस जिलाधिकारी से जल्द परमीशन लेकर जब्ती की कार्रवाई कर सकती है। अब तक पुलिस ने करीब 16 करोड़ रुपये की संपत्ति खंगाली है।

बताते चलें कि 12 अगस्त को कोतवाली पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह को उनके ही कॉलेज से किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया था। मामले में भाई नीलू यादव व पीड़िता की बुआ भी आरोपी है और सभी जेल में बंद हैं। न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों की संपत्ति जब्ती प्रक्रिया को भी गति दे दी है। बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे पुलिस बल के साथ तिर्वा कस्बे में स्थित बचपन स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने संपत्ति की खोजबीन की। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि संबंधित स्कूल नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव के नाम भूमि पर बना है। इसके अलावा भी पुलिस ने आरोपियों की अन्य संपत्ति की खोज की है। इसमें पुश्तैनी संपत्ति को छोड़ कर उनकी मां के नाम पर भी करोड़ों रुपये की संपत्ति पाई गई है। यह कुछ वर्ष पहले मां के नाम खरीदी गई है। इसी तरह की अन्य संपत्ति भी पुलिस ने जांची है जो नवाब व नीलू के नाम पर है। सीओ सदर ने बताया कि अब तक की जांच में करीब 16 करोड़ रुपये की संपत्ति प्रकाश में आई है। अवैध तरह से बनाई गई संपत्ति की जब्ती कार्रवाई करने के लिये जिलाधिकारी से जल्द ही परमीशन ली जायेगी। इसके बाद राजस्व विभाग के साथ मिल कर पुलिस दोनों भाइयों की संपत्ति की जांच करायेगी। जो भी अवैध तरह से बनाई गई संपत्ति होगी उसको जब्त किया जायेगा। दुष्कर्म के मामले में आरोपी दोनों भाइयों पर पुलिस लगातार एक न एक कार्रवाई कर शिकंजा कस रही है। गैंगस्टर से लेकर कई कार्रवाई पुलिस कर चुकी है। सीओ सदर ने बताया कि अब तक कीमत के हिसाब से बात करें तो करीब 16 करोड़ की संपत्ति का आंकलन किया जा चुका है। अन्य की खोज की जा रही है।

# चार्जशीट लेकर कोर्ट में हाजिर हुए थानाध्यक्ष तालग्राम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**खाकी की मनमानी**

- दाखिल करने के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी से मांगा 10 दिन का समय
- कोर्ट ने 5 नवंबर को सुनवाई की तारीख मुकर्रर की, साढ़े 3 साल पहले का है मामला

**अमृत विचार।** जिस मारपीट के साढ़े तीन साल पुराने मामले में चार्जशीट न दाखिल करने का नोटिस थानाध्यक्ष तालग्राम को जारी हुआ है उसमें आरोप पत्र लेकर वह कोर्ट में हाजिर हो गए। थानाध्यक्ष ने 10 दिन का समय मांगा है। इस पर अगली सुनवाई के लिए पांच नवंबर की तारीख लगा दी गई।

वादी के अधिवक्ता विकास गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया चार्जशीट लेकर सीनियर डिवीजन सिविल जज एफटीसी/ एसीजेएम अजय प्रताप के समक्ष हाजिर हुए। उन्होंने कहा कि चार्जशीट मिल गई व पूरी तरह से तैयार है। क्षेत्राधिकारी के हस्ताक्षर व अन्य प्रक्रिया के लिए 10 दिन का समय दे दिया जाए। इस पर कोर्ट ने समय देते हुए पांच नवंबर को सुनवाई के लिए समय मुकर्रर किया। अधिवक्ता का कहना है कि 26 अप्रैल 2021 को अपराध संख्या 89/2021 के तहत धारा 147, 323, 427, 452 व 504 आईपीसी के तहत वाद दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद न्यायालय में अब तक आरोप पत्र या अंतिम रिपोर्ट नहीं दी गई है। इसको लेकर 17 अक्टूबर को थानाध्यक्ष के अदालत में हाजिरी होने नोटिस गया था। उनके न आने पर उसी दिन अंतिम नोटिस जारी कर 24 अक्टूबर को प्रपत्रों के साथ बुलाया गया। न्यायालय में न आने पर थानाध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने का मामला दर्ज करने की चेतावनी दी गई। उसी के तहत वह हाजिर हुए। दरअसल, थाना तालग्राम क्षेत्र के मवई निवासी अवधेश पुत्र बटेश्वर सिंह ने 20 अप्रैल 2021 की घटना का हवाला देते हुए 26 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि गांव निवासी शेर सिंह पुत्र ईश्वरी प्रसाद, संतोष, राजीव व संजीव पुत्रगण मैकूलाल और अनिल व अवनीश पुत्रगण कामता प्रसाद, शिवम पुत्र अनिल कुमार, कौशलेंद्र व गोरेलाल पुत्र राजेश, रोहित पुत्र अशोक, प्रमोद पुत्र रामरतन, शिवम उर्फ मोहित पुत्र मनोज कुमार, विनोद व राजेश पुत्रगण नत्थू सिंह कुल 14 लोगों ने गालीगलौज करते हुए घर पर लाठी डंडे व ईंट पत्थर से महिलाओं पर हमला बोल दिया था। इसमें देवकी पत्नी नरेंद्र सिंह, मंजू पत्नी प्रदीप कुमार व रोहिनी पुत्री अवधेश के गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। इसमें अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।

## घायल किशोर की दर्ज हुई रिपोर्ट

**सौरिख, कन्नौज।** सकरावा कस्बा में ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर मिलते ही पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

सकरावा थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रामवृक्ष शाक्य पुत्र राम रतन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि औरैया जनपद के बिधूना थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी भांजा बॉबी पुत्र बृजेश कुमार 22 अक्टूबर को सकरावा होते हुए गुलजार नगर जा रहा था। तभी रास्ते में ट्रैक्टर चालक अनिल शर्मा पुत्र गेंदालाल निवासी जखा थाना किशनी मैनपुरी ने लापरवाही से चलाते हुए भांजे को टक्कर मार दी। वह गिर गया तो ट्रैक्टर ऊपर से गुजर गया। हादसे में बॉबी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर बनी हुई है।

## सार-संक्षेप


मासिक बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### बीईओ ने दिए विद्यालयों को निपुण बनाने के निर्देश

**जलालाबाद, कन्नौज।** बीआरसी पर विद्यालय को निपुण बनाने के लिए मासिक बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार को विकास खंड गुगरापुर के बीआरसी में हुई मासिक बैठक में बीईओ शिवेंद्र वर्मा ने समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक को तय समय में विद्यालय को निपुण बनाने के निर्देश दिए। कहा कि जो विद्यालय तय समय सीमा में निपुण नहीं बनाते उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसआरजी संजीव कटियार ने कक्षा 1, 2, 3, के समस्त छात्र छात्राओं का प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में निपुण आकलन करने के लिए कहा। एआरपी सौरभ सैनी ने शिक्षक संदर्शीकाओं जबकि संदीप राजपूत व सुरेंद्र सिंह ने गणित व विज्ञान किट के नियमित प्रयोग पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षण संकुल आदि मौजूद रहे।

### नाली बंद कर चकरोड पर कर रहे हैं अवैध निर्माण

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में कुछ लोग पानी की निकास के लिए बनाई गई नाली बंद कर चकरोड पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर निर्माण कर बंद कराए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी गेंदालाल पुत्र सीताराम में पुलिस से शिकायत की कि गांव में चकरोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण हुआ है। इस पर गांव के कुछ दबंग जबरन नाली को बंद कर चकरोड पर अवैध पक्का निर्माण कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। अगर निर्माण बंद न कराया गया तो गांव का बरसाती व गंदा पानी निकलना बंद हो जाएगा। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहेगा। साथ ही ग्रामीणों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### निगम मंडी की आढ़तों में लगी आग से हजारों का नुकसान

**छिबरामऊ।** निगम मंडी परिषद परिसर में संचालित होने वाली आढ़तों में अचानक आग लगने से आढ़तियों, व्यापारियों व किसानों में हड़कम्प मच गया। मंडी में मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दो आढ़तों का सामान व नकदी जलकर राख हो गयी। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर के रहने वाले नंदू यादव पुत्र बलवीर सिंह यादव व भारापुर निवासी विजय पुत्र रामप्रकाश की मंडी परिषद परिसर में आढ़त की दुकानें है। मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख मंडी में मौजूद पल्लेदारों में हड़कम्प मच गया। यहां मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में नंदू यादव की आढ़त का वारदाना, पैकेट के साथ धान से भरे 7 पैकेट के साथ अन्य सामान जिसकी कीमत लगभग 36 हजार रुपये व विजय की आढ़त में इनर्वटर, बैट्री, 5 पैकेट सरसों के साथ अन्य सामान जल कर राख हो गया। आग की घटना के कारणों का पता नहीं चल सका। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### एक वर्ष बाद सौ शैय्या अस्पताल में आंखों के ऑपरेशन शुरू

**छिबरामऊ।** नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में 13 माह बाद आंखों के आपरेशन शुरू हो गए। पहले दिन एक व्यक्ति का ऑपरेशन किया गया। नगर के सौ शैय्या अस्पताल में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मनीष तिवारी का स्थानांतरण 10 सितंबर 2023 को अमरोहा के जिला अस्पताल हो गया था। तबसे अस्पताल में आंखों के आपरेशन बंद थे। ऐसे में मोतियाबिंद के मरीजों को दिक्कत हो रही थी। मरीज जिला अस्पताल और तिर्वा मेडिकल कॉलेज जाते थे। अब अस्पताल में शासन की ओर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अविनाश गुप्ता की तैनाती कर दी गई है और गुरुवार से उन्होंने आपरेशन शुरू दिया। उन्होंने बताया कि शुरुआती ऑपरेशन के लिए दो लोगों को चिन्हित किया गया था, जिसमें से एक व्यक्ति पहुंचा। उसकी आँख का ऑपरेशन किया गया।

### छात्र को पीटने वाला शिक्षक निलंबित

**कन्नौज।** छात्र की पिटाई करने वाला सहायक अध्यापक निलंबित कर दिया गया है। पिटाई व चोट का वीडियो बनाकर लोगों ने जिलाधिकारी के पास भेजा। उसके बाद जांच के आदेश हुए जिसमें पीटने की पुष्टि हुई। मामला ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल औराई ( थाना तालग्राम क्षेत्र ) का है। कक्षा तीन के छात्र गोपाल का आरोप है कि सहायक अध्यापक जसवंत राय ने उसको डंडे से खूब पीटा, जिससे उसके पीठ के नीचे वाले हिस्से में चोटें आ गईं। घर पहुंचने पर गोपाल ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद घायल को घरेलू उपचार दिया गया। उधर, जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल के पास जब इसका वीडियो पहुंचा तो उन्होंने जांच को कहा। बीएसए संदीप कुमार ने बीईओ आनंद द्विवेदी को मौके पर भेजा। बीईओ छिबरामऊ ने पीड़ित छात्र गोपाल पुत्र हीरालाल के घर पहुंचकर जांच की। परिजनों ने गोपाल के चोटें दिखाईं और नाराजगी जताई। बीईओ ने जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजी। बीएसए ने कहा पिटाई करने पर रोक है इसलिए निलंबन किया गया है।

### घरों में साफ-सफाई के काम में आई तेजी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खुशी और समृद्धि के प्रतीक दीपावली को लेकर घरों को सजाने और संवारने की तैयारियां निरंतर तेज होती जा रही हैं। वैभव लक्ष्मी व भगवान गणेश की स्तुति और घरों में उनके स्वागत और आगमन के लिए हर घर में गृहणियों द्वारा विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई के बाद साज सज्जा के सामान से घरों को सजाने का सिलसिला जारी है। हिंदू संस्कृति की मान्यताओं के अनुसार प्रकाश और खुशहाली के पर्व का प्रतीक बन चुका दीपोत्सव इस वर्ष 1 नवंबर को मनाया जाना प्रस्तावित है। इस त्योहार को लेकर इन दिनों घरों में महिलाओं एवं युवतियों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। भगवान लक्ष्मी-गणेश के आगमन और त्योहार पर चारों ओर खुशियां छाईं रहें, इसके लिए घरों की सफाई का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।

### टेंपो चालकों से वसूली, धर्मकांटा खराब

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें व्यापरियों ने टेंपो चालकों से वसूली करने, मंडी समिति में स्थापित धर्मकांटा खराब होने की समस्या बताई। साथ ही मंडी समिति परिसर में स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने की मांग जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल से की। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी उद्यमी/ व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी व आवेदन पत्रों पर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिजली ट्रिपिंग की समस्या पर अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि धनतेरस, दीपावली आदि को लेकर विशेष व्यवस्था रखें। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने प्रतिभाग किया।

# मुठभेड़ की पुलिसिया कहानी झूठी साबित, कैदी दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 2009 में हुई थी घटना, एक अन्य आरोपी भी दोषमुक्त
- लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने की निःशुल्क पैरवी

**अमृत विचार।** प्रदेश में इन दिनों पुलिस मुठभेड़ को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि पुलिस गुड वर्क के नाम पर फर्जी एनकाउंटर कर रही है। ऐसे ही एक मामले में अपर जिला जज प्रथम ने गुरुवार को 2009 में हुई पुलिस मुठभेड़ को झूठा ठहराते हुए दो आरोपियों को दोषमुक्त किया है। मामले में एक बंदी केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध था जिसकी निःशुल्क पैरवी लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने की।

घटना कुछ यूं थी कि सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम मादरी नगला में 4 दिसम्बर 2009 को उपनिरीक्षक अशाराम पुलिस बल के साथ ग़श्त पर थे। तभी लालजी उर्फ़ दिनेश पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम भीकेपुर थाना अछल्दा ज़िला औरैया व गिरंद कुमार पुत्र अभय राम निवासी ग्राम नगला घासी थाना भरथना ज़िला इटावा ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फ़ायर कर दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ़्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध विवेचक ने आरोपपत्र दाखिल किया गया। विचारण के दौरान लालजी की ओर से पैरवी को कोई अधिवक्ता नहीं था। उसने निःशुल्क पैरवी को अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए आवेदन किया। अपर ज़िला जज प्रथम लोकेश वरुण ने इसके लिए चीफ़ लीगल एड डिफ़ेंस काउंसिल श्वेतांक तिवारी को नियुक्त किया। प्रकरण में पुलिस ने गवाहों को प्रस्तुत किया। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने पुलिस के साक्ष्यों में विरोधाभास होने, किसी भी गवाह के घटना का साक्षी न होने और किसी भी पुलिसकर्मी को चोटें न आने का आधार लिखते हुए दोनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# वार्ड स्तर तक धूमधाम से मनाया जाएगा नगर पालिका महोत्सव

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज


महोत्सव के लिए बैठक करते चेयरमैन मनोज दुबे। अमृत विचार

- दूसरे स्थापना उत्सव की तैयारी शुरू, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**अमृत विचार।** बीते वर्ष की तरह से इस बार भी नगर पालिका का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर नगर पालिका में बैठक कर रूपरेखा तैयार की गई। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया 20, 21 एवं 22 नवंबर को होने वाले महोत्सव को गली-गली पहुंचाने की योजना है। इसके लिये अंतरविद्यालय स्पर्धा के अलावा वार्ड स्तर पर प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, खो खो, नृत्य, गायन, इनडोर गेम्स, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, भाषण प्रतियोगिताओ के अलावा बैडमिंटन एवं वालीबॉल टूर्नामेंट भी प्रस्तावित हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम, विराट कवि सम्मेलन, संगीत संध्या आदि के साथ खेलों का आयोजन भी होगा। कहा कि पालिका के तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर को प्रतिस्पर्धा संबधित कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल लिपिक संजय सिंह आयोजन प्रभारी, ऑपरेटर प्रवेश यादव लिपिकीय कार्यों को देखेंगे।

अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया विद्यालयों की इंट्री की समय सीमा 26 अक्टूबर तक है जबकि प्रतियोगियों की सूची 6 नवंबर तक पालिका के नगर सेवा ऐप में अपलोड करनी होगी। पुनः स्पर्धा के लिये गत वर्ष के विद्यालयों से चल वैजन्ती ट्रॉफी ढोल नगाड़े के साथ पालिका में वापस लाई जायेगी जिसे 6 से 9 नवंबर तक प्रतियोगी विद्यालयों में भ्रमण हेतु ले जाया जायेगा।

# कपड़े पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज


लकी मानसिक मंदित अनाथ आश्रय गृह का निरीक्षण करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी।

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह का गुरुवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्हें आश्रय गृह में 32 लाभार्थी मौजूद मिले। उन्होंने मानसिक मंदितों से वार्ता कर उनका हाल जाना और प्रबंधक से व्यवस्थों की जानकारी ली।

सीडीओ राम कृपाल चौधरी को निरीक्षण के दौरान उन्होंने मानसिक मंदितों के आवास, भोजनालय, शिक्षण व प्रशिक्षण कक्ष सहित परिसर का जायजा लिया। आश्रय गृह में प्रकाश, मनोरंजन, खेलकूद, स्नान, स्वच्छता आदि की बेहतर व्यवस्था को देख उन्होंने प्रबंधक की सराहना की। इसके बाद उन्होंने दीपावली पर्व पर लाभार्थियों के द्वारा बनाई गई मोमबत्ती भी देखी। प्रबंधक डॉ. वाईपी सिंह ने बताया कि आश्रय गृह में आने वाले लाभार्थी को क्षमतानुसार शिक्षा व प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। सीडीओ ने आश्रय गृह के 32 मानसिक मंदितों को कपड़े, फल व मिठाई वितरित कर पर्व की बधाई दी।

# जेवरात व बच्चे छीनकर महिला को घर से निकाला

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- पति सहित ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** शादी के बाद दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जेवरात व बच्चे छीनकर घर से बेघर कर दिया। ग्राम इस्माइलपुर निवासिनी शिवानी पुत्री नरेंद्र मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह 15 दिसंबर 2018 को जलालपुर पनवारा निवासी रचित दुबे पुत्र सर्वेश दुबे के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने 10 लाख रुपये खर्च किया था। इसमें 06 लाख नगद व घरेलू सामान भी दिया था। पति रचित, सास शकुंतला, ससुर सर्वेश व नन्दे मोना, सोना संतुष्ट नहीं थे और पीड़िता को प्रताड़ित कर 5 लाख की अतिरिक्त मांग की। उसके एक 5 वर्ष का लड़का है और 5 महीने की पुत्री है। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने 18 अक्टूबर को मारपीट की और जेवरात व बच्चों को छीन कर घर से निकाल दिया।

**कार्यक्रम** विधायक व जिलाधिकारी ने की हौसलाफजाई, जनपद से पांच नव चयनितों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का मिला मौका

# 2 वीडीओ, 10 पंचायत अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कन्नौज की दिव्या को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में अन्य विभागों के मंत्री। अमृत विचार



विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल व विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत नियुक्ति पत्र देते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन रोजगार के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मंन नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) और समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे। इसमें कन्नौज से भी पांच अभ्यर्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकास भवन सभागार में भी हुआ और स्थानीय स्तर पर नियुक्ति पत्र दिए गए।

गुरुवार को विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटे। जनपद में 10 ग्राम पंचायत अधिकारी का चयन हुआ है इसमें तीन लखनऊ गए थे।

विधायक ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से आप सबको यह रोजगार प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया जाए। 10 ग्राम पंचायत अधिकारियों में विनीत द्विवेदी, शिवम यादव, रोहित नायक, रूपाली, सुधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नितैश कुमार, विशाल सिंह, श्यामेंद्र सिंह व नीरज खरवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस दौरान विशाल सिंह ने बताया कि वह छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास निवासी हैं। उनके भविष्य की नई शुरुआत हुई है। रूपाली ने बताया कि छिबरामऊ के अलनापुर गांव की रहने वाली हैं।

इस अवसर पर सीडीओ राम कृपाल चौधारी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, डीपीएम शलभ त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### दिव्या को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**कन्नौज।** छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र के रामपुर बैजू की रहने वाली दिव्या पुत्री मनीष कुमार का चयन ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) में हुआ है। गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनिंदा लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे तो उसमें दिव्या भी शामिल थीं। अभिषेक यादव को भी इसी पद की जिम्मेदारी संभालने का प्रमाण पत्र मिला। ग्राम विकास अधिकारी के लिए चयनित विशाल सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह, रूपाली पुत्री श्रीकांत व श्यामेंद्र सिंह पुत्र अयेंद्र कुमार भी सीएम के कार्यक्रम में पहुंचे। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि लखनऊ के कार्यक्रम में वह भी मौजूद रहे। कन्नौज के अभ्यर्थियों को लेकर वह खुद गए थे। कुल पांच लोग सीएम के कार्यक्रम में कन्नौज से शामिल हुए।

**आज का मौसम**

शुक्रवार को दिनभर धूप रहने का अनुमान है।

33.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 05 : 32

# निर्माण करने गए श्रमिकों को प्रधान ने भगाया

## खुरदइया में आंगनबाड़ी निर्माण में घटिया सामग्री व बिना काम के 5.5 लाख रुपये के भुगतान का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिड़ियापुर के मजरा खुरदइया में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को दूसरे दिन निर्माण कार्य करने पहुंचे मिस्त्री व श्रमिकों को प्रधान ने दौड़ा लिया। ईंट वापस लेने पहुंची ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक से भी नोकझोंक हुई। उसे भी लौटा दिया गया। प्रधान ने मौके पर पुलिस भी बुला ली।

प्रधान कप्तान सिंह चौहान का आरोप है कि बिना काम मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए भुगतान किया गया है। जब शिकायत हुई तो ठेकेदार ने खराब गुणवत्ता की निर्माण सामग्री मंगवा ली। ईंट सेम आईं हैं। गुरुवार को निर्माण कार्य करने वाले मिस्त्री व श्रमिकों को वापस कर दिया गया तो उसके बाद दोपहर को ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चालक पहुंच गया। चालक ने बताया कि वह ईंट वापस लेने आया है। जब इस बात की जानकारी प्रधान को हुई तो वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने चालक व श्रमिकों को ईंट ले जाने से यह कहकर रोक दिया कि वह उनको जानते नहीं हैं। मौके पर ठेकेदार आएं और लिखकर दें उसके बाद ही सामग्री यहां से जाएगी।

प्रधान ने दरोगा राजेंद्र सिंह को भी मौके पर बुला लिया। कहा, प्राथमिक स्कूल खुरदइया से निर्माण सामग्री वापस जा रही है और वह ले जाने वाले को नहीं जानते हैं। किसी ने अगर चोरी का आरोप लगा दिया तो वह कैसे जवाब देंगे। बाद में ट्रॉली से भरी ईंटे स्कूल परिसर में वापस रखा दी गईं। प्रधान काफी देर तक स्कूल में डटे रहे।



ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक को ईंट ले जाने से रोकते प्रधान कप्तान सिंह चौहान।



प्राथमिक स्कूल खुरदइया में खड़े दरोगा राजेंद्र सिंह व शिक्षक-शिक्षिकाएं।



ट्रॉली से ईंट उतारकर वापस स्कूल परिसर में रखते श्रमिक। अमृत विचार

### मंत्री ने सात दिनों में मांगी रिपोर्ट

- समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ग्राम पंचायत टिड़ियापुर के आंगनबाड़ी केंद्र के मामले में भुगतान के प्रकरण का संज्ञान लिया है। उन्होंने डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को पत्र भी लिखा है। इसमें कहा है कि ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया ने जानकारी दी है कि निर्माण कार्य प्रारंभ किए बिना ही पहली किस्त में साढ़े पांच लाख रुपये का भुगतान गलत तरीके से किया गया। जब मामले की शिकायत हुई तो जेसीबी से निर्माण स्थल पर खोदाई करा दी गई। मंत्री ने लिखा है कि वीडियो व फोटो भी पत्र के साथ हैं इसमें चूना डाला गया है। उसके बाद वीडियो में खोदाई व मिट्टी के ढेर दिखाई दे रहे हैं। मंत्री का कहना है कि यह गंभीर प्रकरण है। डीएम से कहा है कि पर्यवेक्षण में गहनता से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि मौके पर कोई निर्माण कार्य न होने पाए और यथास्थिति बनी रहे। सात दिन के अंदर आख्या भेजें ।

**एक नजर**

### नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 80 हजार ठगे

**तिर्वा।** नौकरी लगवाने के नाम पर 80 हजार ठग लेने और मांगने पर गालीगलौज कर धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद फिरोजाबाद के घुडिया टीकुर गांव निवासी बृजेश बाबू पुत्र उदयवीर ने इंदरगढ़ थानाध्यक्ष को तहरीर देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी निर्दोश पुत्र सियाराम ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे बात की। उसके झांसे में आकर 10 मार्च 21 व 9 अप्रैल 21 को दो बार में 50 हजार रुपये ऑनलाइन व 30 हजार रुपये नगद दिए। इसके बाद भी जब काफी दिन तक उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने अपना पैसा मांगना शुरू कर दिया। 6अगस्त को वह रुपये मांगने के लिए उसके घर पहुंचा तो आरोपी के साथ परिजन लड़ने लगे और धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**सार-संक्षेप**

### पैमाइश को गए लेखपाल पर हमला, भागकर बचाई जान

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में क्षेत्रीय लेखपाल सरकारी जमीन की पैमाइश करने गया तभी कुछ लोग हमलावर हो गए। लेखपाल ने भाग कर जान बचाई। जानकारी पर जिलाध्यक्ष समेत कई लेखपाल थाने पहुंच गए। पीड़ित ने दो पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। छिबरामऊ तहसील परिसर निवासी अमित कुमार पुत्र घनश्याम सिंह वर्तमान समय में सौरिख विकासखंड के ग्राम पंचायत बेहटा रामपुर में लेखपाल के पद पर तैनात है। गुरुवार को राशन वितरण की गोदाम के लिए बेहटा गांव में प्रधान प्रतिनिधि के साथ गाटा संख्या 2104 खाद के गड्ढे की जमीन में पैमाइश करने गए थे। जैसे ही पैमाइश शुरू हुई तभी बेहटा गांव निवासी अमरेंद्र, नागेंद्र पुत्रगण राकेश बाबू मौके पर पहुंच गए। पैमाइश रोकने का दबाव बनाने लगे। जब लेखपाल ने विरोध किया तो दोनों उत्तेजित हो गए और गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए। किसी तरह जान बचाकर लेखपाल वहां से भागे। घटना के संबंध में छिबरामऊ एसडीएम उमाकांत तिवारी, समेत लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष अखिलेश कठेरिया को दी। जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, समेत लेखपाल जितेंद्र कुमार, आशीष अवस्थी, राजेश सोनकर, निखिल सविता, समेत कई लोग थाने पहुंच गए। लेखपाल ने गालीगलौज, हमला एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का हवाला देते हुए दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सरकारी गाड़ी पर बैठकर युवती ने बनाई रील

**तिर्वा।** पक्षी विहार घूमने गए पर्यटक युवती ने वहां मौजूद सरकारी गाड़ी पर बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वायरल वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सम्बंधित अधिकारी जांचकर कार्रवाई करने की बात कहे रहे है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। तहसील क्षेत्र के लाख बहोसी गांव में स्थित पक्षी विहार में सर्दी में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। ऐसे में एक पर्यटक युवती ने वहां मौजूद सरकारी गाड़ी के बोनट पर बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पक्षी विहार में तैनात ताल प्रभारी ज्ञान चंद्र पटेल ने बताया कि पक्षी विहार के अंदर एक कोठी है जहां गाडी खड़ी रहती है। गाडी से पक्षी विहार का निरीक्षण किया जाता है। गाडी पर बैठकर पर्यटक युवती के वीडियो बनाने की जानकारी उच्चधिकारियों को दी है।

### जीवित पत्नी का श्राद्ध कर रचाई दूसरी शादी

**कन्नौज ।** पहली पत्नी को मृत दिखाकर उसका श्राद्ध कर दिया। इस के बाद दूसरी महिला से शादी कर ली। मायके में रह रही पहली पत्नी के दो पुत्रों को जबरन उठा ले गया। महिला ने एसपी के सामने पेश होकर पति पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है। कानपुर नगर जनपद के दबौली ताना गोविंद नगर निवासी पूजा कटियार पुत्र प्रवीन कटियार ने एसपी अमित कुमार आनन्द को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसकी शादी 2009 में तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी पवन पटेल पुत्र सोनेलाल पटेल के साथ हुई थी। इस के बाद उससे दो बच्चे लक्ष्य(14) व रुद्र पटेल (12) हुए। आरोप लगाया कि पति ने चुपके से 2023 में दूसरी शादी कर ली। इसके बाद पति उसे प्रताड़ित करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने कोर्ट में तलाक का मुकदमा डाल दिया। इसी बीच 23 अक्टूबर को पति उसके दोनों बच्चों को स्कूल जाते समय रास्ते से उठा ले गया। तबसे बच्चों का कोई पता नहीं चल रहा है। पीड़िता ने कहा कि यदि बच्चों को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार पति पवन पटेल होगा। मामले की जांच कराई जाये। पति से बच्चों को दिलाया जाये। पति अपराधिक प्रवत्ती का है। वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने पीड़िता को मृत दिखा कर श्राद्ध भी कर दिया है। एसपी ने मामले को सीओ सदर कमलेश कुमार को सौंपा है। सीओ सदर ने बताया कि संबंधित की खोज शुरू की गई है। दोनों पक्षों को सामने बैठा कर मामले का हल निकाला जाएगा। पीड़िता सहमत नहीं होगी तो आरोपी पर कार्रवाई की जायेगी।

### प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने जानी अत्याधुनिक शस्त्रों की क्षमता

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में अत्याधुनिक शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर पहुंच रहे स्कूली बच्चों को शस्त्र व उनके प्रकार के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस स्मृति दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर 21 से 31 अक्टूबर तक सुबह 10 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक पुलिस लाइन में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य जनता के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से जानने का मौका देना है।

### पति, सास पर मारपीट कर कमरे में बंद करने का आरोप

**तिर्वा।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे कमरे में बंद करने के मामले में पुलिस ने पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कस्वे के शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी रिंकी पुत्री शिवचरण ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका पति शिवशंकर पुत्र रामदास व सास अनीता देवी उससे अतिरिक्त दहेज लाने की बात कहती थी। जब वह मना करती तो उसके साथ मारपीट करते। 23अक्टूबर को दोनों लोगों ने दहेज लाने की बात कही। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर उसे कमरे में बंद कर दिया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



सदर कोतवाली में मुकदमों के विवेचकों की समीक्षा करते सीओ सदर कमलेश कुमार व अन्य। अमृत विचार

# मुकदमों के निस्तारण में न बरती जाए लापरवाही

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी नगर ने कोतवाली सदर में साइबर थाना व कोतवाली कन्नौज के सभी विवेचकों क समीक्षा की गई। समयबद्ध विवेचना निस्तारण के निर्देशित किया गया। साथ ही लाखों की चोरी, नकबजनी समेत अन्य मामलों के निस्तारण पर जानकारी ली गई।

लगातार बढ रहे मुकदमों के निस्तारण को लेकर सीओ सदर कमलेश कुमार ने बुधवार को सदर कोतवाली में साइबर थाना पुलिस व कोतवाली सदर के विवेचकों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सभी से लंबित मुकदमों के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि अधिक तर विवेचकों के पास मुकदमें लंबित है। इस पर सीओ सदर ने समय से मुकदमों की जांच पूरी करने को कहा। कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिये कि वह इस की समीक्षा करते रहे कि किस विवेचक के पास कितने मुकदमें लंबित है। यदि लापरवाही की जाये तो संबंधित की रिपोर्ट दें। जिससे संबंधित पर कार्रवाई की जाये। सीओ सदर ने कहा कि उनके सर्किल में 03 एक लाख से अधिक की चोरी, नकबजनी के अनावरण की थाना प्रभारी और विवेचको के साथ समीक्षा की गई।

इस में सभी को निर्देश दिये गये हैं कि वह विवेचना में लापरवाही न बरतें। यदि किसी तरह की समस्या हो तो उनको जानकारी दे जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। इस मौके पर सीओ सदर की समीक्षा बैठक में कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे, साइबर थाना प्रभारी अजय अवस्थी व कोतवाली के विवेचक मौजूद रहे।

### रात्रि गणना में पुलिस से पूछे सवाल

- **कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने कोतवाली सदर में उपस्थित सभी कर्मियों की रात्रि गड़ना की। अपहताओं की बरामदगी, चोरी नकबजनी की घटनाओं के अनावरण, विवेचना निस्तारण, 10 साला संपत्ति संबंधी अपराधियों के सत्यापन, एचएस सत्यापन, बीट वार सुनारों की दुकानों पर सीसीटीवी की समीक्षा, रात्रि गस्त, पिकेट ड्यूटी की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# ..तो थाना, कोतवाली में पीड़ितों की होती अनसुनी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लगता है कि थाना-कोतवाली पुलिस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरत रही है। शायद इसीका नतीजा है कि एसपी के पास नियमित एक सैकड़ा से अधिक फरियादी पहुंच रहे हैं। गुरुवार को एक बजे तक एसपी कार्यालय में फरियादियों की भीड़ लगी रही।

गुरुवार को एसपी कार्यालय में सुबह 10 बजे से लेकर एक बजे तक फरियादियों की भीड़ लगी रही। लगातार फरियादियों की शिकायत सुनने के बाद एसपी को खुद उठ कर फरियादियों के पास आना पड़ा। उन्होंने फरियादियों के सामने खड़े होकर एक-एक की शिकायत सुनी। यही नहीं संबंधित थाना कोतवाली प्रभारी को मार्क कर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिये। पुलिस सूत्रों की माने तो नियमित एक सैकड़ा से अधिक फरियादी पूरे जिले से फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। किसी के मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही तो किसी एफआईआर में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर ही।

तो कोई दहेज उत्पीड़न को लेकर फरियाद कर रहा है। कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। फरियादी की शिकायत को पुलिस लेने के बाद जांच करने की बात कह कर कई-कई दिन तक जांच करने ही नहीं पहुंच रही है। इस तरह की शिकायतें लेकर पहुंच रहे फरियादी बताते हैं कि स्थानीय पुलिस के पास कई चक्कर लगाये पर पुलिस किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे परेशान होकर वह न्याय पाने के लिये एसपी के पास आये हैं। फरियादियों ने उम्मीद भी जताई है कि अब शायद थाना कोतवाली पुलिस एसपी के आदेश पर उनकी फरियाद पर ध्यान देदे। मालुम हो कि दो दिन पहले ही सीओ सदर कमलेश कुमार ने अपने सर्किल के थाना कोतवाली कन्नौज, गुरसहायगंज व तालग्राम में दो दो दिन दोपहर के बाद बैठ कर जनता की फरियाद सुनने की बात कही है। कहा कि वह फरियादियों की शिकायतों का थाना स्तर पर ही निस्तारण करेंगे। जिससे एसपी कार्यालय में फरियादियों की भीड़ न लगे।



एसपी कार्यालय में उमड़ी फरियादियों की भीड़, शिकायतें सुनते एसपी अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

# उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने ओवन बदलने का पारित किया आदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र, सदस्य वंदना मिश्रा और लोकेश पुंडीर की पीठ का फैसला
- तीन साल पहले ऑनलाइन मंगाया था और कुछ महीने में हो गया खराब

**अमृत विचार।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र, सदस्य वंदना मिश्रा और लोकेश पुंडीर की पीठ ने आकाश राठौर निवासी सरायमीरा बनाम बीएस रिटेल नई दिल्ली व बजाज इलेक्ट्रिक मुंबई मामले में फैसला दिया। कहा है कि ओवेन की कीमत समेत अन्य मदों का कुल नौ हजार रुपये वादी को दिया जाए। आरोप है कि गारंटी व वारंटी अवधि में ओवेन खराब हो गया। सही कराने के एवज में रुपये की मांग हुई। इसको लेकर आकाश ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

तहसील के अधिवक्ता यादवेंद्र किशोर यादव ने बताया कि आकाश ने 20 फरवरी 2021 को मर्फी 20 लीटर ओवन ऑनलाइन मंगाया था। इसका ऑनलाइन भुगतान 5,999 रुपये किया गया। 22 फरवरी को ओवेन मिला था। कुछ महीने में ही ओवेन खराब हो गया और खाना नहीं गर्म हुआ। इसको लेकर कई बार शिकायत हुई तो मिस्त्री को भेजकर विपक्षी ने सही करा दिया। 20 दिन के अंदर ओवेन फिर खराब हो गया। विपक्षी को समस्या बताई तो तीन हजार रुपये खाते में डालने की बात कही। वादी का कहना है कि गारंटी समय में मरम्मत का भुगतान नहीं किया जाता है इसलिए उसे नया ओवेन दिलाया जाए। 17 मई 2022 को नोटिस के बाद भी ओवन नहीं बदला गया न ही उसका उत्तर आया। उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि ओवन की कीमत 5,999 रुपये निर्णय की तारीख से 30 दिन के अंदर वादी को भुगतान की जाए। इस अवधि में एक हजार रुपये परिवाद व्यय व एक हजार रुपये मानसिक कष्ट का भी वादी को दिया जाए। धनराशि मिलने के बाद खराब ओवन विपक्षी को लौटा दें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पारा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/15वां वित्त/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 24.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा / 15 वां वित्त योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म / सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 30.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पारा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 25.10.2024 से दिनांक 29.10.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 30.10.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 30.10. 2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनाक 25.10.2024 से दिनांक 29.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पारा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम विकास अधिकारी पारा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पारा मे सी0सी0 रोड निर्माण कार्य ओम प्रकाश के दरवाजे से सुनील के दरवाजे तक | 5.47 | 10940.00 | 450+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत पारा |

अन्य शर्ते:–

1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5. टी. 6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
पारा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)


**मिशन शक्ति** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में लैंगिक समानता विषय पर छात्राओं को दी जानकारी

# महिलाओं को समान अधिकार, वेतन की वकालत करता संविधान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के लैंगिक समानता के विषय पर छात्राओं से चर्चा की गई। गुरुवार को प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने बताया कि लैंगिक असमानता स्थानीय, राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर एक बहुत बड़ी समस्या है। यह विकास के पथ में बहुत बड़ी बाधा है।

मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी रेनू त्यागी ने छात्राओं से कहा कि जब पुरुष व महिला समान स्थिति रखते हैं। समान रूप से भाग लेते हैं तो वह समाज विशेष रूप से प्रगति करता है। बीएड विभाग के प्रवक्ता डॉ. विकास त्रिपाठी ने कहा कि लैंगिक समानता के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। संविधान सभी भारतीय महिलाओं को समान अधिकार, अवसर की समानता व समान वेतन की वकालत करता है। इस अवसर पर प्रधान कुलानुशासक डॉ. अमित सचान, डॉ. शिव नारायण, डॉ. रमेश सिंह, डॉ. पूजा त्रिपाठी, डॉ. मुकेश गुप्ता, श्रद्धा मिश्रा उपस्थित रहीं।



पीएसएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को जानकारी देते डॉ. विकास त्रिपाठी।

## जहां खुलकर चर्चा करना मुश्किल वहां मासिक धर्म प्रबंधन चुनौती

- पीएसएम पीजी कॉलेज में मासिक धर्म प्रबंधन पर चर्चा
- उचित भोजन, पानी, व्यायाम व स्वच्छता पर ध्यान देने को कहा

**कन्नौज।** पीएसएम पीजी कॉलेज में छात्राओं के साथ मासिक धर्म प्रबंधन पर परामर्श सत्र हुआ। हिंदी विभाग की वरिष्ठ असिस्टेंट प्रो. डॉ. संगीता पांडेय ने छात्राओं से कहा कि विकासशील भारत में स्वच्छ पानी और शौचालय की सुविधा अक्सर अपर्याप्त होती है। जहां मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा करना मुश्किल है वहां इसका प्रबंधन चुनौती पूर्ण हो जाता है। यह महत्वपूर्ण है उसके बाद भी इस विषय को नजरअंदाज किया जाता है जबकि इसका सीधा संबंध महिला स्वास्थ्य से है। हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा त्रिपाठी ने छात्राओं को इस दौरान उचित भोजन, पानी, व्यायाम व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। परामर्श सत्र में मीना दीक्षित, विभा तिवारी, शालिनी कटियार, डॉ. प्रियंका मिश्रा, अर्चना मिश्रा व सुनीता देवी उपस्थित रहीं।

# छुट्टी को लेकर वीडीओ और बीडीओ में मारपीट

## थानाध्यक्ष ने मामले को विभागीय विवाद बताकर तहरीर लौटाई

संवाददाता, शमशाबाद



बीडीओ बलराम सिंह व वीडीओ अरुण।

● **बीडीओ ने कहा, छुट्टी न देने पर सचिव ने की मारपीट**

**अमृत विचार ।** बेटी के इलाज के लिए छुटटी का प्रार्थना पत्र लेकर आये ग्राम पंचायत अधिकारी (वीडीओ) की खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)से जमकर कहासुनी हुई। मामला इतना बड़ा कि ग्राम पंचायत अधिकारी और खंड विकास अधिकारी में मारपीट हो गयी। दोनों ने अधिकारी एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। दोनों पक्षों ने जब इस मामले में थाने में प्रार्थना पत्र दिया तो थानाध्यक्ष ने विभागीय विवाद बताकर उन्हें प्रार्थना पत्र वापस लौटा दिया।

शमसाबाद विकास खंड कार्यालय में उस समय जमकर बबाल हो गया जब विकास खंड कार्यालय में विकास खंड अधिकारी बलराम सिंह और ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार फौजी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। अरुण कुमार अवकाश का प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। उनका आरोप है कि खंड विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्र पर अवकाश देने से इन्कार किया और अभद्रता की। ग्राम पंचायत अधिकारी के अनुसार विकास खंड अधिकारी ने उन्हें गालियां दीं और प्रार्थना पत्र भी फाड़ दिया और मेज पर रखा डस्टर भी उनके सिर पर मार दिया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी का कपड़ा भी फाड़ दिया। ग्राम पंचायत सचिव अरुण कुमार फौजी ने अपने साथ हुई मारपीट की घटना का प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष को दिया। कुछ ही देर मे विकास खंड अधिकारी बलराम सिंह भी थाने पहुंच गए और उन्होंने भी एक प्रार्थना पत्र दिया। दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज करने के लिए मिली तहरीर पर कोई निर्णय होता इससे पहले ही कई और ग्राम पंचायत अधिकारी वहां पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने दोनों की तहरीर वापस कर दी। कहा कि मामला विभागीय है आपस में सुलझा लें। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष शशिदेव यादव अपने आधा दर्जन समर्थक सचिवों के साथ विकास खंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और मामले को लेकर नाराजगी जताई। फतेहगढ़ जा रहे विकास खंड अधिकारी के वाहन को उन्होंने रोक लिया और घटना पर विरोध जताया। खंड विकास अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि मैं विभागीय कार्य से आफिस में बैठक कर रहा था। ग्राम पंचायत सचिव अरुण कुमार फौजी आफिस में आकर छुटटी के प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने का दबाब बनाने लगे। मना करने पर मारपीट करने लगे। ग्राम पंचायत सचिव अरुण कुमार फौजी ने बताया कि बेटी के इलाज के लिए छुटटी का प्रार्थना पत्र लेकर खण्ड विकास अधिकारी बलराम सिंह के पास गये थे। उन्होंने छुटटी देने से मना कर दिया और गाली गलौच करने के साथ मारपीट की।



चेस्ट फिजिशियन डॉ ध्रुव राज मरीज देखते हुए। अमृत विचार

# बुखार और जुकाम के मरीजों की बढ़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● **गुरुवार को पांच सौ से अधिक मरीज जिला अस्पताल की ओपीडी आए**

**अमृत विचार।** बदलते मौसम के साथ ही बुखार, जुकाम, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्थिति यह है कि हर दिन जिला लोहिया अस्पताल में सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

गुरुवार को तो पांच सौ से अधिक मरीज चेस्ट फिजिशियन डॉ. ध्रुव राज की ओपीडी में पहुंचे। जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में गुरुवार को 500 से अधिक मरीज पहुंचे। टीवी एंड चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर ध्रुव राज के कक्ष के बाहर मरीजों की भारी भीड़ लगी रही। दोपहर में ओपीडी खत्म होने के बाद भी मरीजों की भीड़ रही। ऐसे में डॉक्टर ध्रुव राज ने ओपीडी के समापन के बाद भी मरीजों को देखा। डा. ध्रुव राज ने बताया कि मरीजों की संख्या बढ़ी है। लगातार दो सप्ताह तक किसी को खासी रहती है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा नहीं खानी चाहिए।

# महादेवी वर्मा ने काव्य की शक्ति से दुनिया में बनाई पहचान: डॉ. अविनाश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● **रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुआ भव्य कवि सम्मेलन, अतिथियों का हुआ सम्मान**

**अमृत विचार।** गंगा पार की पावन धरती पर भव्य अखिल भारतीय काव्योत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। राजेपुर रामलीला ग्राउंड में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता महेश पाल सिंह उपकारी ने की।

मुख्य अतिथि डॉक्टर अविनाश पांडे ने कहा कि फर्रुखाबाद में महान कवियत्री महादेवी वर्मा का जन्म हुआ। उन्होंने अपनी काव्य की शक्ति से देश- दुनिया में पहचान बनाई। हमेशा समाज को नई सोच, नया मार्ग दिखाने का काम उन्होंने किया। ग्रामीण क्षेत्र में कवि सम्मेलन होना संस्कृति के लिए काफी अच्छा है। अतिथि कवि अजय अंजाम, अजीत शुक्ला , उत्कर्ष अग्निहोत्री ने रचनाओं से सभी श्रोताओं को आनंदित किया। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र सिंह राठौर, संजय सोमवंशी राजीव, विमलेश मिश्रा, सौरभ मिश्रा, नरेंद्र सोमवंशी, भैया पंडित,अनुराग सिंह एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। संयोजक रामजी अग्निहोत्री ने बताया कि आने वाले समय में और भी भव्य तरीके से कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा।




सम्मान समारोह में अतिथियों का सम्मान करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# सीएमओ के चालक पर मारपीट की एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट के अंतर्गत बालपुर नगर निवासी अंकुर कटियार पुत्र भीम प्रकाश कटियार ने सीएमओ के चालक ने घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाले कृष्णकान्त राजपूत पुत्र रामगोपाल राजपूत सीएमओ कार्यालय में ड्राइवर के पद पर तैनात है। गत दिवस कृष्णकान्त राजपूत शराब के नशे में रात्रि करीब 8 बजे प्रार्थी के घर में घुस आया। उसने उसकी मां व अन्य परिजनों पर हमला किया। जब उसने परिजनों को बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमला किया।

# टूटी सड़क बनी मुसीबत पीडब्ल्यूडी अफसर मौन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया था। निर्धारित समय सीमा बीत गई पर सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो पायी हैं। इससे आए दिन राहगीरों को दिक्कत आ रही है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों को बनाने के बजाय मौन हैं। चाचूपुर से कड़हर जाने वाली सड़क की स्थिति तो बहुत ही खराब है।

चाचूपुर से कड़हर मार्ग की लंबाई 30 किलोमीटर है। यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। इस पर बड़े- बड़े गड्ढे हैं। इससे आने-



चाचूपुर से कड़हर जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त।

जाने वाले राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाइक सवार गिरते हैं। बाढ़ के समय जिलाधिकारी के नगला दुर्गू गए थे तब उन्होंने सड़क की मरम्मत कराने का आदेश दिया था।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी पद पर चयनित हुए 20 अभ्यर्थियों को गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। नियुक्ति पत्र मिला तो उनके चेहरे खिले उठे। उन्होंने एक दूसरे को बधाई दी। नियुक्ति पत्र का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव,विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर,जिलाध्यक्ष भाजपा रुपेश गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ.वीके सिंह ने किया।

ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयनित 22 अभ्यर्थियों में से 17 व ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण के पद पर चयनित तीन



अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

● **जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में 20 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र**

अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र वितिरित किये गये।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जनप्रनिधिगण, अधिकारियों व चयनित अभ्यर्थियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वितरित किए गए नियुक्ति पत्र के कार्यक्रम को लाइव देखा। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए उपस्थित रहे।

# फर्रुखाबाद से नैमिषारण्य तक बिछायें रेल लाइन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट से जुड़े किसानों ने जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन कलक्टरेट में सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा। फर्रुखाबाद से नैमिषारण्य तक रेल लाइन बिछाने की मांग की।

कहा कि नैमिषारण्य तक आवागमन के लिए जरूरी है कि फर्रुखाबाद से उसे रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। साथ में गए मथुरा – नैमिषारण्य रेल जोड़ो अभियान समिति के पदाधिकारियों ने भी यह मांग उठाई। नैमिषारण्य से हरदोई होकर फर्रुखाबाद तक 112



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाने की जरूरत है ये काम हर हाल में होना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह, जिला मंत्री अजय कुमार शुक्ला, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार, ब्लाक अध्यक्ष बढ़पुर बबलू सोमवंशी शामिल रहे।



शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने साथियों के साथ सौंपा ज्ञापन।

# संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलना ठीक नहीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को दिया। उन्होंने मांग किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थापित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदला जाना गलत है। स्टेडियम का नाम पुनः डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम किया जाए। फर्रुखाबाद शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश शुक्ला उर्फ पुन्नी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सदर तहसीलदार श्रद्धा पांडे को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया और कहा कि काफी समय से स्थापित डॉक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलना गलत है। स्टेडियम का नाम पुनः डॉक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम किया जाए।

# लखनऊ भ्रमण को गए 100 विद्यार्थी

**फर्रूखाबाद।** पर्यटन को गति देने व प्रदेश के प्राकृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व से संबंधित पर्यटन स्थलों के बारे में युवाओं को जानकारी देने के लिए भ्रमण कराया जा रहा है। इसी को देखते छात्र-छात्राओं को लखनऊ में स्थित काकोरी स्मारक, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी इमामबाड़ा, इंदिरा गांधी तारा मंडल, रेजिडेंसी, गोमती रिवरफ्रंट आदि स्थलों का भ्रमण कराया जाना है। जिसके तहत जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। पर्यटन अधिकारी डॉ. एम मकबूल ने बताया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 7 से 12 तक के 25-25 छात्र-छात्राओं को मिलाकर युवा पर्यटन क्लब का गठन किया गया है।

# पटाखा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के एक निर्माणधीन भवन में पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान वहां बिना लाइसेंस के बनाए जा रहे पटाखे और विस्फोटक पदार्थ को बरामद किया। साथ ही चार बाल अपचारी मजदूरों और उनसे काम करा रहे व्यक्ति को पकड़ा।

बिना लाइसेंस के पटाखा बनाना और उसका भंडारण और बिक्री करना अपराध है। बावजूद इसके निर्माणाधीन भवन में बिना लाइसेंस के पटाखा बनाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में आदर्श थाना मऊ दरवाजा प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद व एसओजी प्रभारी सचिन सिंह चौधरी तथा सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार की टीम ने मंगलवार रात्रि में मोहल्ला हाता रोशन खां में पूर्व सभासद पुरुषोत्तम वर्मा के निर्माणाधीन भवन में छापा मारा। वहां बिना लाइसेंस के दीपावली के लिए पटाखे बनाने का कार्य हो रहा था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस छापामारी के दौरान पुलिस ने 164 किलो विस्फोटक, 3000 अनार बम व 1100 खाली अनार का खोखा व भारी मात्रा में अन्य पटाखे तथा इन्हें बनाने के उपकरण आदि बरामद किया। चार बाल अपचारी मजदूर समेत पांच लोगों को पकड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि चारों बाल अपचारियों को चाइल्ड ग्रस्थ कमेटी को सौपा गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत औरंगपुर सांभी, विकासखंड बिल्हौर कानपुर नगर

पत्रांक/पं/रा.वि.आ./पंद्रहवां वित्त/2024–25 दिनांक – 24/10/2024

**निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत औरंगपुर सांभी विकासखंड बिल्हौर में कार्यदाता एजेंसी व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है की पंचम राज वित्त आयोग /15 वित्त आयोग योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024 – 25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संपादित कराए जाने की निविदा दिनांक 25 /10 /2024 को आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 27/10/ 2024 को साय काल 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेंडर समिति द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कालिकापुरवा में बंबा से रावेंद्र के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 2 | कालिकापुरवा में रावेंद्र के दरवाजे से कमल सिंह के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 3 | कालिकापुरवा कमल सिंह के दरवाजे से राज नारायण के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.96 लाख | 2% | एक माह |
| 4 | राम पाटी गांव में लल्ला के घर से रमेश के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 5 | राम पाटी गांव में नर सिंह के घर से राजू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |

**नियम व शर्ते –**

1– उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धन राशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कर कराए जाएंगे।
2– निविदा कर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 तक दिनांक 25/10/2024 तक निविदा संबंधित जानकारी एवं प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदा कर्ता का पंजीकरण आयकर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जीएसटी नंबर पैन नंबर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
4– दिनांक 27/ 10 /2024 को यदि बिना किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो यह अगले कार्य दिवस में यह कार्य संपन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6– बिना कोई कारण बताएं निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम (औरंगपुर सांभी)**
**वि.ख.बिल्हौर कानपुर नगर**

**सचिव**
**ग्राम (औरंगपुर सांभी)**
**वि.ख.बिल्हौर कानपुर नगर**


**आक्रोश** अंडरपास निर्माण कार्य के लिए खोदी गयी मिटटी ढेर से उड़ रही धूल

# भोलेपुर अंडरपास का निर्माण बना मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भोलेपुर में चल रहे रेलवे के अंडरपास निर्माण कार्य की वजह से स्थानीय लोग परेशान हैं। वहां लगे मिट्टी के घर से उड़ने वाली धूल लोगों को परेशान कर रही है। धूल के बचाव के लिए वहां कोई प्रबंध नहीं किया गया है।

बेवर रोड पर भोलेपुर में 4 महीने से अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। जेबीसी मशीनों से मिट्टी की खोदाई की गई है। मिट्टी निकालकर वहीं पास में सड़क किनारे रख दी गई है। स्थिति यह है कि धूल पूरे दिन उड़ती है और लोगों के घरों में जाकर जम रही है। स्थिति यह है कि लोग कपड़ा भी नहीं सुखा पा रहे हैं। कोचिंग सेंटर में आने वाले बच्चे भी परेशान हैं। दीपावली के लिए घरों



अंडरपास निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी। अमृत विचार

की साफ सफाई और रंग रोगन पर भी इसका असर पड़ रहा है।

अंडरपास बना रहे कर्मचारियों और मेठ ने बताया कि 50 मीटर गहराई में खोदाई की जानी है। अंडरपास बनाने के लिए मिट्टी फिलहाल यहां से हटाने का आदेश नहीं है। बगल में ही स्थानीय लोग पुल के नीचे चार पहिया वाहन भी खड़ा करते हैं। रेलवे भी हमारी कोई मदद नहीं कर रहा है। रेलवे हमारी कोई सुनवाई नहीं कर रहा हैं हमारी मजबूरी है।

● **दीपावली के लिए घर की साफ सफाई कराने में भी आ रही दिक्कत**

स्थानीय निवासी प्रमोद कटियार, महेंद्र यादव, अभय चतुर्वेदी, राजा सिंह यादव ,आशु दुबे आदि ने बताया कि अंडरपास बना रहे लोगों को मिट्टी यहां से हटानी चाहिए लेकिन वे नहीं हटा रहे हैं। दीपावली के त्योहार पर ये लोग अपने घर चले जाएंगे और यहां गंदगी और मिट्टी पड़ी रहेगी। धूल की वजह से आवागमन में बड़ी समस्या आ रही है।

# जहरखुरानों ने बस परिचालक को लूटा

**कायमगंज।** रोडवेज बस से दिल्ली से शाहजहांपुर जा रहे युवक को जहरखुरानी गिरोह ने शिकार बनाया। उसकी गंभीर हालत की अनदेखी करते हुए रोडवेज बस के चालक व परिचालक ने उसे कायमगंज- फर्रुखाबाद मार्ग पर मदमा गांव के पास सड़क किनारे लिटा दिया। पीड़ित विवेक, शाहजहांपुर के थाना अल्लहागंज के गांव हुल्लापुर निवासी है। दिल्ली में प्राइवेट बस का परिचालक है। विवेक गुरुवार को वह रोडवेज बस से घर जा रहा था। रास्ते में जहरखुरानी गिरोह ने नशीला पाउडर सुंघा दिया और उसे लूट लिया। बस में बैठे लोगों ने जब देखा कि वह अचेत पड़ा है तो इसकी जानकारी परिचालक और चालक को दी थी।

# कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा

पत्राका :–502स्व0भ0वि0/2024–25 दिनांक:– 23/10/24

## अधिसूचना

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 एवं उसमें दी गई उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दिए गये दिशा निर्देशों के क्रम में ऑनसाइट स्वच्छता व्यवस्था के अन्तर्गत घर / भवन / प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक / पिट / सोख्ता) के संग्रहण, दुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्नलिखित उपविधियां बनाई गई है। इस अधिसूचना से यदि किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्थान को कोई आपत्ति / सुझाव है, तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** में लिखित रूप में अपने सुझाव / आपत्ति दे सकते है।

प्राधिकार: ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा है:
(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेंप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल आन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) माडल निर्माण उपविधि 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉय मेटऐज् मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट – 2013
(च) आईएसकोड 2470 भाग 1 और II, 1985 (1996 रीअफर्म्ड) – सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जलआपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जला पूर्ति एवं सीवरेज उपविधि 2008 तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून!

### क्षेत्र (स्कोप)

ये उपविधि **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हित धारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई आपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** भवनों पर लागू होगा।

### अध्याय–1 (प्रारंभिक)

1. संक्षेप – शीर्षक, विस्तार और आरंभ
(i). इन उपविधियों को **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फोकल स्लज एवं सेटेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2023 कहा जा सकता है।
(ii) ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज–पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परी सीमा के अंदर लागू होगी।

**2. परिभाषा**

(i). फीकल स्लज या सेप्टेज का को ट्रीटमेंट उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन–साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज औ रसेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है।
(ii). ''को–ट्रीटमेंट फैसिलिटी'' का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो।
(iii) विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) '' प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं
(iv) 'डिस्लजिंग' का तात्पर्य है लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक/पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया।
(अ) निस्तारण का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन
(vi). फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP) का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुसार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार:
(vii) ''ऑन साइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)" ऐसी स्वच्छता प्रणाली हैं जो पूरी तरह से निजी/ व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस–पास के भूखंड परस्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा की जाने वाली सुविधाएं हो सकती है।
(viii). आपरेटर का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है।
(ix) 'सैनिटरी लेट्रिन्स का अर्थ होगा सेप्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो गल 'अपचित मल मूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो
(xi) सेप्टिकटैंक भूमिगत निर्मित टैंक हे जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फोकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया है !
(xii) शेड्यूल्ड डीस्लजिंग का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2–3 वर्षों के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया !
(xiii) सेप्टेज का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज ।
(xiv) सीवेज उपचार संयंत्र का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

### अध्याय– II
### अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण
### 3. परिसर में अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण

निकाय में प्रत्येक संपत्ति के मालिक / अधिग्राही (जिसमें मौजूद या प्रस्तावित, आवासीय और व्यावसायिक और अन्य शामिल हैं तथा इसी तक सीमित नहीं हैं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनके परिसर से अपशिष्ट जल को निम्नलिखित तरीके से किसी भी या किसी के संयोजन के माध्यम से उपचार या निस्तारण किया जाता है, अर्थात्
(i) यदि घर की सीमा से 30 मीटर की दूरी या उतनी दूरी जितनी दूर से सीवर कनेक्शन घर तक आ सकता हो, या घर का मालिक कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क अथवा कोई और जरूरत के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण कराकर करे ।
(ii) अपशिष्ट जल को एक निकाय अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र उपचार सुविधा तक पहुंचाया जाता है !
(iii) यदि संपत्ति के 30 मीटर में कोई सीवर नहीं है, तो मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट जल को साइट की उपचार प्रणाली में ले जाया जाए, जिसमें सेप्टिक टैंक या ट्विन–पिट या सोक–पिट या साइट पर स्थित आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2 के अनुसार निर्मित अन्य प्रणाली शामिल हो सकती हैं।
(iv) वे परिपत्तियाँ जो प्रतिदिन अपशिष्ट जल उत्पन्न करती हैं और उनके परिसर के 2000 वर्ग मीटर से अधिक खुला क्षेत्र है, तो उसमें एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित की जाए ताकि संपत्ति में एकत्र अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। संपत्ति के मालिक द्वारा बागवानी / फ्लशिंग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनरू उपयोग किया जाए ताकि ताजे पानी पर निर्भरता कम हो !

### अध्याय – III
### ऑन साइट स्वच्छता प्रणालियाँ

4. मालिक या अभिग्राही के कर्त्तव्य और अनुपालन निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्नलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगे:
1. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने. वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेटिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रख रखाव करेंगे।

**5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रख रखाव**

(i). ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।
(ii). ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक /निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।
(iii) परिसर का मालिक नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2–3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा। (अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है।)
(vi). परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्लज के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।
(v). परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।
(vi) नियमों के पालन के लिए नगर पालिका परिषद हटावा या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** समय–सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।
(vii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** अपने विवेक पर गैर–अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

### अध्याय IV
### फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण
### 6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस

(i). **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी आपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।
ii). **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** अपने कर्मियों सहित ओपेरटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गति विधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेटेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।
iii. जब आपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फार्म 1 (परिशिष्ट–4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
iv. **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** आपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।
v. इन विनियमों के फार्म 2 (परिशिष्ट – 5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्दन हीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा नियमों और शर्तों की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा।

**7. लाइसेंस जारी करने की शर्तें**

1. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (xxi) में परिभाषित 'व्यक्ति' से होगा!
ii. आवेदक को उचित सक्शन/वैक्यूम और डिस्चार्जिग व्यवस्था के साथ रिसाव मुक्त, गंध और छिलका व रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।
III. **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध पर मिट या पंजीकरण प्रमाण पत्र होगा।
iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के साथ पंजीकृत करेगा ।
v. आवेदक का यह उत्तर दायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले/किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
vi. आवेदक का यह भी उत्तर दायित्व होगा कि **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।
. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि केप रिशिष्ट– 3 में दी गई सूची के अनुसार होगा।

### 8. लाइसेंस के लिए आवेदन

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फार्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तों सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट–4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो। **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस आपरेटर को दिया जायेगा (फार्म–2, परिशिष्ट – 5)।

**9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण–** लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु इटावा द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय–समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क** नए निजी आपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय–समय पर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (**10.1 देखें**) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रानिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता

i). आपरेटर के रूप में नए निजी आपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 2000
ii) .पंजीकरण की वैधता: पंजीकृत निजी आपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 2 वर्षो तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी आपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वत: रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
iii- लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क: रु.1000

### 11. लाइसेन्स धारी आपरेटर का विज्ञापन

**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय समय पर अपनी वेबसाइट के साथ–साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लाइंसेस शुदा आपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

### 12. जागरुकता अभियान

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, दुलाई और निस्तारण हेतु **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा लोगों को केवल लाइंसेस धारी आपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

### अध्याय V

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (ढुलाई)**

**13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइंसेस धारी आपरेटर को काम पर रखा जाएगा**

i. भवन के प्रत्येक मालिक/अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।
ii. मालिक /अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी आपरेटर को प्रदान करेगा । (परिशिष्ट–6 देखें)।

**14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी/ढुलाई का शुल्क**

1. समय– समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेटेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें) ।
ii. शहर में जब कभी नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा शेड्यूल्ड 'डीस्लजिंग' पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति / जलकर में शामिल किया जा सकता है, जिसे **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाएगा।
iii.1. लाइसेंस धारी आपरेटर सम्पत्ति के मालिक/अभिग्राही से निकाय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।
iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी आपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के । उल्लंघन के लिए निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा।

### 15. फीकल स्लज एवं सेप्टेज कीढुलाई के वाहन

i) फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।
ii) आवश्यक शर्तो के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टेंकर को 2 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित आपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए!
iii) डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेंटेज की सुरक्षित औरकुशल ढुलाई के लिए समय–समय पर**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गो पर ही किया जाएगा।
iv) आपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वाहन का पंजीकरण नंबर फिकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा !
v) वाहन/टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखा होगा।
vi) फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दुलाई में प्रयुक्त प्रत्कायेक वाहन में जीपीएस उपकरण निय द्वारा प्रदत्तः लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार अधिशासी अधिकारी और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

**16. ढुलाई के दौरान सावधानी**

लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो ।

**17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय** फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

**18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी आपरेटर की जिम्मेदारी** किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंस धारी आपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

**19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा उपाय** हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षा उपकरण, आक्सीजन सिलेंडर के साथ आक्सीजन मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बाक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी आपरेटर जिम्मेदार होगा।

**20. फीकल स्लज एवं सेप्ऐज का निस्तारण**

i). लाइसेंस धारी आपरेटर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।
ii)लाइसेंस धारी आपरेटर इन उपविधि के फार्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फार्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट– 6 देखें)।
iii) होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत आपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेटेज का निस्तारण करे।

21. निकास (उपचार सुविधा वाले के अधिकार))

i) निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फार्म–4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।
ii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) आपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गो के बारे में सूचित करेगा।
iii)**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वैक्यूम टैंकर की गुणवत्ता और रख रखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा किया जाएगा।
v) होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं रोप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे 'उपचार सुविधा' में निस्तारित किया जा सकता है।
vi) एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि 'होस्टयूएलबी' को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा!

**22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला)** के कर्त्तव्य निकाय या ग्राम पंचायत जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस निकाय का नामा होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएल बी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।
i) निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/सरकारी, ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्यअवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।
ii) यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।
iii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा।
v) यदि 'होस्टयूएलबी' की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेटेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** को एक नए 'होस्टयूएलबी' की खोज करनी चाहिए या नए 'उपचार सुविधा' के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

**23. कर्मियों का प्रशिक्षण** लाइसेंस प्राप्त आपरेटर फीकल स्लज एवं सेटेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

**24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच :–** यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी आपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकार्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसें सुधारी आपरेटर को समय–समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

**25. बीमा** लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन आफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27–03– 2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा!

**26. लाइसेंस रद्द किया जाना** इन उप विधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंसधारी आपरेटर समय–समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

### अध्याय VI

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुन: उपयोग/निस्तारण**

**27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान**

i) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार / निस्तारण किया जाएगा।
ii) उपचार सुविधा के अभाव में**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फार्म 4 परिशिष्ट 7)
iii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु निकायकानामा के आस पास के क्षेत्र में 'क्लस्ट रयूएलबी' की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28 ) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

**28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण नगर पंचायत इकदिल, इटावा** जरूरी आधार भूत ढांचा तैयार करेगा (यदि) (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार / निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल यास्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

**29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति**

i). फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी
ii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने या इसे 'होस्ट यूएलबी' के उपचार सुविधा में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधान हीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा है।

**30. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने का समय** (निकाय (या फिर यदि लागू हो तो होस्ट यूएलबी), द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय–समय पर निकाय (या होस्ट्यूएलबी लागू हो) द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

**31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है** अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**32. फीकल स्लज एवं सेप्टेज पर प्रशिक्षण नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल** निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

### अध्याय vii
### प्रशासन और प्रवर्तन

**34. प्रशासन और प्रवर्तन**

i) इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ अधिशासी अधिकारी विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।
ii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय–समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क (यूजरफीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। नगर पालिका परिषद, इटावा शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।
iV) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिस्पोंस सेनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

**35. जांच के लिए विशेष शक्ति** इन उप विधियों के प्रभावी तरीके से लागू करनेऔर प्रवर्तन के उद्देश्य से, **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

**36. नियम उल्लंघन और जुर्माना**

i) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।
ii) किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति – (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।
iii) इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट–8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्थिति में एफएसएस निकासी/ ढ़ोने के वाहन भी ज़ब्त हो सकता है।
iv) जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट 3 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय–समय पर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा तय किए जाने वाले जुर्माने के साथ दंडनीय होगा।
v) संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

37. **अपील**– निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत अधिशासी अधिकारी के पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फार्म 5 में संलग्न प्रारूप में)
कर सकता है (परिशिष्ट–9 देखें)

**38. विवाद समाधान उपविधि–** इन उप विधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल शहर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

**39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन**–मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेटेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

### परिशिष्ट–1

(खंड 2 (xxiii), 3 iii) और 5 (i) देखें)

**सेप्टिक टैंक का डिजाइन**

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी आईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 (भाग 1, 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टालेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए हैं। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आम तौर पर काले पानी के लिए ही हाइ लाइट किया जाता है।

**सेटिक टैंक के विनिर्देशन**

**अयाताकार: लम्बाई और चौडाई का अनुपात 2 से 4**

- गहराई: 1.0 से 2.5 मी. के बीच
- दो कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
- तीन कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
- मशीन छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
- निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोग कर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.) |
|---|---|---|---|
| | | | दो वर्ष |
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

नोट :1– सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें !
नोट 2– फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।
स्रोत: सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल – भा गए: इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

### परिशिष्ट–2
### (खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)

**नगर पंचायत इकदिल, इटावा में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क यूज़र फ़ीस की सूची अनुमानित**

| क्र.सं. | श्रेणी | रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक) |
|---|---|---|
| 1 | कच्चाघर /झोंपड़ी | 350–450 |
| 2. | टिन शेड प्रकार का घर | 750–850 |
| 3. | सभी अन्य घर (पक्का घर) | 1200–1700 |
| 4. | दुकान | 1500–1800 |
| 5. | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1800–2200 |
| 6. | बैंक | 2000–2500 |
| 7 | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 800–1200 |
| 8. | रेस्टोरेंट | 2000–2500 |
| 9. | होटल/गेस्टहाउस (01 से 10 कमरे) | 2000–2500 |
| 10. | होटल/गेस्टहाउस (11 से 20 कमरे | 2500–2800 |
| 11. | होटल/गेस्टहाउस (20 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 12. | धर्मशाला (1 से 25– कमरे) | 1200–1600 |
| 13. | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800–2200 |
| 14 | 3– स्टारहोटल | 2800–3000 |
| 15. | 5– स्टारहोटल | 3500–4000 |
| 16. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1000–1200 |
| 17. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200–1500 |
| 18 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1800–2000 |
| 19 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 2500–3000 |
| 20. | 2 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1800–2000 |
| 21. | 2– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2800–3000 |
| 22. | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2500–3000 |
| 23 | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 3500–4000 |
| 24. | मल्टीप्लेक्स | 2000–2500 |
| 25. | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1800–2200 |
| 26. | छात्रावास (11 से 20 कमरे ) | 2200–2500 |
| 27. | छात्रावास (21 से 50 कमरे ) | 2500–2800 |
| 28. | छात्रावास (50 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 29 | विवाह हाल / बैंकेट हाल | 2500–3500 |
| 30. | बार | 2500–3000 |
| 31. | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 1800–2500 |
| 32. | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2800–3000 |
| 33 | नर्सिंग होम / क्लीनिक (20 बेड तक) | 1800–2000 |
| 34. | नर्सिंग होम/ क्लीनिक (20 से अधिक बेड) | 2200–2500 |
| 35. | पैथलाजिकल लैब | 1500–2000 |
| 36. | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 2500–2800 |
| 37. | निजी अस्पताल (21–50 बिस्तर तक) | 2500–3000 |
| 38. | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 3500–4000 |
| 39. | राइसमिल / अन्य मिल | 2000–2500 |
| 40 | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 3000–4000 |
| 41 | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 2000– 2500 |

**नोट : 1–** उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय–समय पर संशोधन किया जा सकता है ।

**परिशिष्ट– 3** (खंड: 7 (vii) देखें)

# बर्थडे मनाने के बाद बीएससी छात्र ने चुनी मौत

## सैफई थाना क्षेत्र के झिगूपुर गांव की घटना, तमंचा से गोली मारकर खुदकुशी की, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, सैफई

- बचपन से बुआ के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था
- फिलहाल आत्महत्या करने की वजह स्पष्ट नहीं

**अमृत विचार।** हंसी-खुशी भरे माहौल में बुआ के घर में जन्मदिन मनाने के बाद बीएससी के छात्र ने तमंचा से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली का धमाका होते ही घर में कोहराम मच गया। फिलहाल खुदकुशी करने की वजह साफ नहीं है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।


अभिषेक।

मैनपुरी जिले के एलाऊ थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी उम्मेद सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव सैफई थाना क्षेत्र के झिगूपुर गांव में बचपन से बुआ कमला देवी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह इस समय चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंबरा में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। बुधवार को अभिषेक का जन्मदिन था। जन्मदिन के मौके पर उसने बुआ-फूफा, दोस्तों और स्वजनों के साथ केक काटकर बर्थडे मनाया। वह काफी खुश दिखाई दे रहा था। रात 12 बजे तक जन्मदिन पार्टी चलती रही। इसके बाद फूफा राकेश, बुआ कमला देवी और उनका बेटा राहुल घर के कमरों में सो गए।

अभिषेक भी घर के अंदर अपने कमरे में सोने की बात कहकर चला गया। कुछ देर बाद अचानक गोली चलने का धमाका हुआ तो फूफा राकेश की नींद खुल गई और वह अंदर गए। अभिषेक के कमरे में जाकर देखा तो वह खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा था। मौके पर तमंचा भी पड़ा था। उसने चारपाई पर तमंचे से सीने में गोली मार ली थी। शोरशराबा होने पर परिजन एकत्र हो गए।

एंबुलेंस से अभिषेक को सैफई मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार फोर्स और फारेसिंक टीम के साथ पहुंचे। नमूने एकत्र कराने के साथ ही तमंचा और अभिषेक का मोबाइल कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल स्वजनों ने आत्महत्या का कोई कारण नहीं बताया है। अभिषेक के मोबाइल की जांच की जा रही है।

### पखवारे भर पहले गांव जाकर कटवाया था धान

घटना की सूचना पर यहां पहुंचे पिता उम्मेद सिंह ने बताया कि अभिषेक पखवारे भर पहले खेत में धान कटाई के लिए नवादा गांव आया हुआ था। बुधवार शाम मैनपुरी मंडी में धान बेचने के बाद वह अपनी बुआ कमला देवी घर पर चला आया था। वह बचपन से ही बुआ कमला के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसे किसी भी प्रकार की कोई टेंशन नहीं थी। आखिर उसने यह कदम उठाया किस वजह से उठाया? इस बारे में फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता है। अभिषेक दो भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नंबर का था।

### क्षुब्ध होकर युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**बकेवर।** किसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। नगर में आंबेडकर नगर मोहल्ले में रहने वाले रामनाथ पाल के 31 वर्षीय बेटे धर्मेंद्र कुमार उर्फ बंटू ने किसी बात से क्षुब्ध होकर बुधवार की रात घर के कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों ने देखा तो घर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर आ गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा फोर्स और फारेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित करने के बाद शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। धर्मेंद्र के छोटे-छोटे दो बेटे और एक बेटी है। पत्नी एक साल से मायके में रह रही है। परिजनों व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## बालिका का निकाह रोकवाया गया

**इटावा।** नगर क्षेत्र से जुड़ी कॉलोनी में नाबालिग बालिका का निकाह रुकवाया गया। बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता को सूचना मिली कि नगर क्षेत्र से जुड़ी एक कॉलोनी में बालिका का निकाह शुक्रवार को होगा।

सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य, एएचटीयू प्रभारी दिवाकर व थाना सिविल लाइन से एसआई मोहन सिंह राजपूत, महिला कांस्टेबल माला, कांस्टेबल अजीत कुमार व संजय के साथ मौके पर पहुंचे। कॉलोनी में बने ऊपरी मंजिल के क्वार्टर में निकाह की तैयारियां चल रहीं थीं। बालिका को हल्दी भी लगी हुई थी। टीम ने पूछताछ की तथा आयु प्रमाण मांगे जो बालिका व परिजनों ने उपलब्ध नहीं कराए। बालिका की मां ने बताया कि वह स्थाई रूप से अलीगढ़ की निवासिनी है यहां उस कॉलोनी में परिवार के साथ किराए पर रहती है। देर शाम बालिका को अस्थाई संरक्षण हेतु वन स्टॉप सेंटर में भेजा गया।

## सार-संक्षेप


नवचयनितों को नियुक्ति पत्र देतीं विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

### 12 नवचयनित वीडीओ को दिए गए नियुक्ति पत्र

**इटावा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से पंचायत राज विभाग में नव चयनित 12 ग्राम पंचायत अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के नव चयनित तीन ग्राम विकास अधिकारी, दो समाज कल्याण पर्यवेक्षकों का नियुक्त पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने नवचयनितों को उनके नियुक्ति पत्र दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण भी देखा गया। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने बताया कि जिले में कुल 75 पद है, जिसके सापेक्ष 12 पद खाली थे। उनको आज नियुक्त पत्र वितरण किए जा रहे हैं। विधायक सरिता भदौरिया ने सभी नव चयनितों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करें तथा गरीब व्यक्तियों की मदद की जाए । उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति की मदद करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा मौजूद रहीं।

### प्रतियोगिता में काजल ने रजत पदक झटका

**भरथना।** ओकिनावा कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में मेरठ स्थित मधु वाटिका में आयोजित तृतीय स्टेट केबिल कराटे प्रतियोगिता में होली प्वाइण्ट एकेडमी की कक्षा 8 की छात्रा काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। विद्यालय निदेशक डा प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य डा .आरके पाण्डेय, कराटे शिक्षक अंकित यादव ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए उसे प्रशस्त्रि पत्र भेंटकर सम्मानित किया।


काजल को सम्मानित करते प्रदीप पांडेय।

### गौशाला के केयर टेकर की करंट से मौत

**इटावा।** गौशाला के केयर-टेकर की चारा लाने के दौरान बिजली करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी होने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया। थाना बढ़पुरा क्षेत्र में उदी गांव में गौशाला पर 30 वर्षीय अशोक कुमार एक साल पहले से केयर टेकर के रूप में कार्य कर रहा था। बुधवार रात में गोवंश के लिए हरा चारा लेकर जा रहा था। रात साढ़े आठ बजे गौशाला से तीन सौ मीटर पहले काली मंदिर के सामने बिजली की केबिल लटक रही थी। जिसकी चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गांव वालों ने अशोक को जब रास्ते में पड़ा हुआ देखा तो सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन सीएचसी उदी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई दिलीप कुमार ने बताया कि रात में लटकी हुई बिजली केबिल नजर न आने से हादसा हो गया।

### ट्रक से टकराई रोडवेज बस, चार यात्री घायल

**जसवंतनगर।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में गांव विचारपुरा के पास गुरुवार सुबह छह बजे रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार चार यात्री घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। हादसा होने पर ट्रक सहित उसका ड्राइवर फरार हो गया। औरैया डिपो की सवारियों से भरी रोडवेज बस आगरा की ओर से आ रही थी। विचारपुरा गांव के पास आगे चल रहे ट्रक के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दियास जिससे रोके जाने के बावजूद बस ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार औरेया में अजीतमल थाना क्षेत्र में कस्बा बाबरपुर में रहने वाले 63 वर्षीय देवेंद्र कुमार, उनकी पत्नी 60 वर्षीय उमा देवी, बीना का 23 वर्षीय पुत्र संदीप, इसी गांव की 30 वर्षीय अनमोल देवी पत्नी प्रदीप कुमार घायल हो गई। सूचना पर पहुंची जसवंतनगर पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

### खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**इटावा।** ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक को पकड़ने गये खनन अधिकारी प्रदीप राज को खनन करने वाले धमकाने लगे। जिसका वीडियो भी सोशल प्लेटफॉर्म पर काफी तेजी से वायरल हुआ। खुद को घिरता देख खनन अधिकारी प्रदीप राज ने उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव एवं थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक को फोन किया। थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर थाने में दाखिल करवाया। खनन अधिकारी प्रदीप राज की तहरीर के आधार पर अवैध मिट्टी खनन कर रहे सारंगपुर निवासी नितिन एवं ट्रैक्टर चालक उमाशंकर व कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## एक नजर

### 16 जगह पकड़ी बिजली चोरी, 112 कनेक्शन काटे

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से लाइनलास कम करने और बकाया बिल वसूल करने के लिए गुरुवार को भी अभियान चला। चेकिंग में 16 उपभोक्तओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। एसडीओ गगन अग्निहोत्री और पीयूष मौर्य की टीम ने उपभोक्ताओं को चोरी करते पकड़ा। सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अभियान में 112 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए।

### शिविर में 50 हजार रुपये बकाया की वसूली

**महेवा।** बहेड़ा में जेई विद्युत महेवा उमेश राजन के नेतृत्व में विद्युत बकाया वसूली शिविर लगाया गया। जिसमें पचास हजार रुपये जमा कराए गए। शुक्रवार 25 अक्टूबर को निवाड़ीकला में कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बिलों का संशोधन, नए कनेक्शन, बकाया बिल जमा आदि किए जाएंगे। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार, लाइन मैन राहुल पाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### राहतपुर नेत्र चिकित्सालय में 26 को नि:शुल्क ओपीडी

**इटावा।** राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 अक्टूबर को सभी लोगों के लिए ओपीडी निशुल्क रहेगी। दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगीं। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि 11 वर्ष पूर्व 26 अक्टूबर 2013 को ग्राम राहतपुर में परोपकारार्थ श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय की स्थापना की गई थी। इसमें सभी तरह की जांचें और दवाइयां भी निशुल्क रहेंगीं। उन्होंने लोगों से प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच आकर इस निशुल्क ओपीडी का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### चोरों ने प्राथमिक विद्यालय को बनाया निशाना

**ककोर (औरैया)।** सहार ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरतौली में बुधवार रात चोरों ने कमरों के कुंडा काटकर सामान चोरी कर लिया। जिसमें कमरे से इनवर्टर बैटरी, दो सिलेंडर, 10 लीटर का कुकर, स्टील का बड़ा भगौना, 3 पंखे, एक स्पीकर चार्जर, चार बोरी चावल, अलमारी में रखे कागज के साथ अन्य सामान चोरी कर लिया। आंगनबाड़ी केंद्र से एक बोरी चावल, एक बोरी गेहूं और सामान भी चोरी कर ले गए। स्कूल की प्रधानाध्यापिका रानी उपाध्याय जब सुबह विद्यालय पहुंची तो ताला टूटा था। प्रधानाध्यापिका ने इसकी जानकारी बीईओ और दिबियापुर थानाध्यक्ष को लिखितरूप में दी है।

# सिपाही ने रेस्टोरेंट में घुसकर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद, कार में सामान नहीं पहुंचाने पर पीटा
- मध्य प्रदेश पुलिस का सिपाही है आरोपी, एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश पुलिस के सिपाही ने रेस्टोरेंट पर में घुसकर कर्मचारी और संचालक को पीट दिया। रेस्टोरेंट में फास्टफूड का ऑर्डर कार में देने से इंकार करने पर उसने यह दबंगई दिखाई। घटना रेस्टोरेंट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। संचालक ने पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच-पड़ताल में जुट गई है। आरोपी मध्य प्रदेश पुलिस का सिपाही बताया जा रहा है।

मंगलवार को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके के अशोक नगर आश्रम मार्ग गली नंबर आठ मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक कार रेस्टोरेंट के बाहर आकर रुकी, कार सवारों ने रेस्टोरेंट में काम कर रहे कर्मचारी आकाश से फास्टफूड मंगाया। आकाश ने उनसे कार से उतरकर ले जाने की बात कही। इसी बात पर नाराज युवक कार से उतरकर आए सिपाही ने कर्मचारी आकाश को पीट दिया।

इस बात का जब रेस्टोरेंट संचालक मयंक ने विरोध ने किया तो कार सवार दबंगों ने रेस्टोरेंट में घुस गए और मयंक के साथ भी मारपीट कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित अपनी शिकायत लेकर आया था, इसके लिए एसपी सिटी और थाना प्रभारी को जांचकर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा नेता ने खड़े होकर बंटवाई खाद

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** सुबह से खाद के लिए लाइन में लगे किसानों को खाली हाथ बिना खाद लिए वापस जाना पड़ा। कर्मचारियों ने क्रय-विक्रय समिति के बाहर लगे नोटिस बोर्ड पर लिख दिया गया कि किसी कर्मचारी के बच्चे की तबियत खराब होने के कारण अब खाद का वितरण नहीं किया जाएगा।

अन्य दिनों में भी खाद लेने के लिए किसानों को बेहद जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कुछ रसूखदारों के फोन आने पर खाद का वितरण रुक रुक कर जारी रहा। जिसका एक वीडियो जैसे ही वायरल हुआ भाजपा नेता और इटावा औरैया डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव केन्द्रीय उपभोक्ता के चैयरमैन अभिनव दीक्षित ने वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए क्रय-विक्रय समिति पर पहुंच गए। उन्होंने खाद वितरण में रसूखदारों की धांधली का विरोध करते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय समेत भरथना के उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को फोन पर शिकायत दर्ज कराई। भाजपा नेता ने रात्रि 10 बजे तक खाद का सुचारु रूप से वितरण कराया। इटावा-औरैया डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव और केन्द्रीय उपभोक्ता के चेयरमैन अभिनव दीक्षित ने बताया कि संस्था पर पिछले तीन दिन से खाद वितरण में धांधली व अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थी। यहां रसूखदार फोन आने पर कर्मचारी एक ही व्यक्ति को खाद की कई-कई बोरियां वितरण कर रहे थे। पिछले दिनों सुबह से लाइन में लगे किसानों के साथ नाइंसाफी की जा थी।जिससे किसानो को खाद के लिए भारी परेशानी का करना पड़ रहा था। जिसका एक वीडियो वायरल भी हुआ था।


भरथना में खाद बंटवाते भाजपा नेता अभिनव दीक्षित। अमृत विचार

### महेवा में आठ वर्षों बाद शुरू हुआ खाद का वितरण

**महेवा।** सहकारी संघ महेवा पर करीब आठ वर्षों बाद डीएपी खाद का वितरण शुरू हुआ। अध्यक्ष राजीव चौधरी एवं डायरेक्टर राजू दुबे की मौजूदगी में सहकारी संघ सचिव रामवीर यादव ने वितरण किया। चौकी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की। संघ में करीब आठ वर्ष बाद अध्यक्ष राजीव चौधरी के प्रयास से खाद का वितरण शुरू हो सका। खाद मिलने से किसानों के चेहरे खिल गए।

# केके कालेज में मिड टर्म परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कालेज में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं की मिडटर्म परीक्षा वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो महेन्द्र सिंह के निर्देशन में शुरू हो गई। सभी परीक्षार्थियों की उड़नदस्ते की सघन तलाशी लेने के बाद ही परीक्षा के लिए प्रवेश दिया।

परीक्षा में प्रातः की पाली में बीए प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर हिन्दी ,बीकॉम पंचम सेमेस्टर,एमए एवं एम एस सी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी विषयों की परीक्षा हुई। दोपहर की पाली में बीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर अर्थशास्त्र, बीए पंचम सेमेस्टर हिन्दी, बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर गणित, वनस्पति विज्ञान, बीएस सी पंचम सेमेस्टर फिजिक्स एवं जन्तु विज्ञान, तृतीय पाली में बीए पंचम सेमेस्टर अर्थशास्त्र, बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर गणित एवं वनस्पति विज्ञान, एमकॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा हुई।

तीनों पालियों में कुल 1478 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे, जिसमें परीक्षा के लिए कुल 1275 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। प्राचार्य प्रो महेन्द्र सिंह ने बताया कि केके कालेज की मिड टर्म परीक्षा जिले में ही नहीं बल्कि कानपुर विश्वविद्यालय में सम्मिलित महाविद्यालयों के लिए भी एक बड़ी लकीर खींचती है। उड़नदस्ते के रूप में प्रो. शिवराज सिंह यादव, प्रो. ओमकुमारी, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, प्रो. रमाशंकर यादव, प्रो. पदमा त्रिपाठी ने जिम्मेदारी निभाई। परीक्षा कंट्रोल रूम में परीक्षा प्रभारी डा. सुशील कुमार, सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में डा. सुजीत कुमार, डा. अनुपम मिश्रा, प्रो. अनिल त्रिपाठी, डा. गिरजाशंकर गुप्ता ने परीक्षा का संचालन किया।


केके कालेज में परीक्षा का निरीक्षण करते केंद्राध्यक्ष प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह।

# आखिर सजने लगा तिब्बती बाजार

**इटावा।** व्यापारियों के विरोध के बाबजूद जिला प्रशासन नहीं माना और तिब्बती बाजार सहित खाली सरकारी जमीन पर अन्य दुकानें लगाने की अनुमति दे दी गयी है।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि व्यापारियों, सभासदों ने भी इस जगह बाजार न लगाने की मांग की थी। यह शहर की व्यस्ततम यातायात वाली जगह है। रामनगर फाटक बंद होने से यहां यातायात का दबाव बढ़ गया है। सामने कस्तूरबा गांधी महिला छात्रावास भी है। इन बाजारों की आड़ में अराजकतत्व एकत्र होते हैं। व्यापार मंडल नुमाइश मैदान पर भेजना चाहता था, परंतु राजनीतिक दबाव में अनुमति दे दी गई।


**बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण** कार्य स्थल पर बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण यथा फेरा मास्क, टार्च, सुरक्षा वस्त्र, दस्ताने, हेलमेट, आखों हेतु सेष्टी ग्लास, ग्राइड पाइप सेट, ऐयर कम्प्रेसर, आपकी मेडिकल आक्सीजन किट, रेनकोट आदि उपलब्ध होने चाहिए:-

परिशिष्ट-4

**नियम और शर्तें**

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्ति धारी आपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसावन हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्ति धारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और मलकुंड अपशिष्ट (हिंदी में) लिखा होगा।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंस धारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंस धारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

परिशिष्ट – 7

**(खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)**

**होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप**

**फार्म 4 :** 'होस्ट यूए लबी' पर उपलब्ध "उपचार संयंत्र'' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन !

होस्ट निकाय के उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय (**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**) और होस्ट निकाय (होस्ट निकाय का नाम) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फार्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्स वाई जेड निकाय (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेटेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए, 'होस्टयूएलबी' (**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशासन के तहत 'उपचार संयंत्र' पर, समझौता !

**उपबंध :-**

**उपबंध' :**

1. यह कि 'प्रथम पक्ष' दिनांक दिन/महीना/वर्ष (प्रारंभ तारीख) से दिन/महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) तक ''द्वितीय पक्ष'' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके उपचार संयंत्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। / वर्ष (अंतिम तिथि)
2. 'प्रथम पक्ष' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने :उपचार संयंत्र' पर फीकल स्लज एवं सेटेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि 'द्वितीय पक्ष' समझ के अनुसार 'प्रथम पक्ष' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. देने के लिए सहमत है।
4. यह कि 'प्रथम पक्ष' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यों को करते समय बीच में जाने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्द पूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंस धारी फीकल स्लज निकासी आपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेऐज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर द्वितीय पक्ष की मुहर के साथ लाइसेंस धारी आपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

परिशिष्ट-8

| क्रम संख्या | विवरण | खंड संख्या | सांकेतिक फाइन सीमा (रू0 में | जुर्माना (रू0 या किसी अन्य पीनल एक्शन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | नाला / सड़क / खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा / असुरक्षित प्रवाह | 3 | 50–100 | |
| 1.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 3 | 50–100 | |
| 1.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 3 | 10–15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 2.1 | ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण | 5 | 100–150 | |
| 2.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 5 | 100–150 | |
| 2.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 5 | 10–15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 3.1 | बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैकर परिचालित करना | 6 | 50–100 | |
| 3.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6 | 50 –100 | |
| 3.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6 | 150–200 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 4.1 | आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर अनुपालन | 16,17 | 1000–1500 | |
| 4.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 16,17 | 1000–1500 | |
| 4.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 16,17 | 300 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 5.1 | एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना | 27,28,33 | 5000–10000 | |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**


हुनर दिखाया | पान कुंवर स्कूल में हुई दीप सजाओ और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों ने करीने से सजाए दीप और रंगोली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- वाइस चांसलर डॉ. रमाकांत यादव, कैलाश यादव रहे मौजूद

**अमृत विचार।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में दीप सजाओ-रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़ी ही सृजनशीलता के साथ प्रतिभाग किया। दीपकों और रंगोलियों ने समूचे वातावरण को आलोकित कर दिया।

सैफई मेडिकल कालेज के वाइस चांसलर डॉ. रमाकांत यादव ने मौजूद रहकर बच्चों द्वारा प्रदर्शित कला को प्रोत्साहित करते उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। बच्चों की मेहनत और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि विद्यालय की सांस्कृतिक क्षमता को भी प्रदर्शित करती हैं। प्रधानाचार्य डा कैलाश चंद्र यादव ने मुख्य अतिथि डा रमाकांत यादव के आगमन पर का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। बताया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। पढ़ाई के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रायः आयोजित की जाती हैं।


सजाए गए दीपों का अवलोकन करते डॉ. रमाकांत एवं कैलाश चंद्र। अमृत विचार

### संस्कृत के मेधावी छात्रों को दी गई छात्रवृत्ति

**इटावा।** पंडित नीलकंठ ट्रस्ट द्वारा सनातन धर्म इंटर कॉलेज में संस्कृतपाठी मेधावी ब्राह्मण विद्यार्थीयों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने छात्रों को छात्रवृति की। धनराशि प्रदान करते हुए देववाणी संस्कृत के गुणों के विषय में बताया। वरिष्ठ अध्यापक अरविंद कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव नंदू मिश्र, कोषाध्यक्ष अनंतराम शर्मा, सदस्य रामवीर शिखरवार, गोविंद शर्मा, प्रियांक मिश्र उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग के मुंशी ने फांसी लगाकर दी जान

## पुलिस ने बताया कि गृह कलह के चलते युवक ने फांसी लगाई है, शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया

संवाददाता फफूंद,औरैया

● कस्बे के मुहल्ला बाबा का पुरवा का निवासी था 38 वर्षीय दिव्यांग युवक

● पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर की आत्महत्या परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** नलकूप विभाग में मुंशी के पद पर तैनात एक दिव्यांग युवक ने घर के अंदर बने कमरे में पत्नी की साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों के देखने पर मामले की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।


अनुराग

कस्बे के मुहल्ला बाबा का पुरवा निवासी 38 वर्षीय विकलांग अनुराग यादव औरैया में नलकूप विभाग के ऑफिस में मुंशी के पद पर तैनात था। रोज की तरह शाम को कार्यालय से घर आये जहां परिजनों से किसी बात को लेकर कुछ कहा सुनी हो गई। कहा सुनी के बाद वह कमरे में चला गया ,जहां पर उसने पत्नी संगीता की साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के देखने पर छोटे भाई अनुज यादव ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के वाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि गृह कलह के चलते युवक ने फांसी लगा कर जान दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक औरैया में सिंचाई विभाग में मुंशी था।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

# पार्क में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूठा निवासी एक युवक का शव गांव के किनारे बने आंबेडकर पार्क में फंदे से लटका मिला । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव पूठा निवासी दीपक 25 का शव गुरुवार को गांव के किनारे बने आंबेडकर पार्क में फंदे से लटका देख लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पुलिस और परिजन पहुंचे । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

मृतक दीपक की शादी पांच साल पहले चकरनगर की मनीषा के साथ हुई थी । 4-5 दिन पहले मृतक अपनी पत्नी और बेटी को लेकर ससुराल में सलहज के निधन पर शामिल होने गया था। वह पत्नी और बेटी को वहीं छोड़ कर गांव वापस आ गया था । ग्रामीणों ने बताया है कि मृतक कुछ दिनों से शराब पीने लगा था और जुआ भी खेलने लगा था। बुधवार रात्रि को मृतक की मां केश कली ने अपने बेटे को अलमारी से रुपया निकालते देखा था। मां ने मना किया लेकिन बात न मानते हुए घर से निकल गया था । बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां बेहोश हो गई। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम को भेज दिया।

# वैदिक विज्ञानी खोज प्रतियोगिता का प्रथम चरण 6 नवंबर को

**औरैया।** वैदिक इंटर कालेज दिबियापुर में वैज्ञानिक सोच और अभिरुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 6 नवंबर को वैदिक विज्ञानी खोज प्रतियोगिता का पहला आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रबंधक अशोक कुमार कुशवाहा और प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र छात्राएं शामिल होंगे। वैदिक साइंस क्लब के समन्वयक एवं इस कार्यक्रम के प्रभारी मोहित सिंह ने बताया कि 6 नवंबर को लिखित परीक्षा और 8 नवंबर को विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन दोनों प्रतियोगिताओं के शीर्ष विजेताओं को 17 नवंबर को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विज्ञान शिक्षक मोहित सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2020 में की थी तब से प्रतिवर्ष इसका आयोजन हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### 12 ग्राम पंचायत अभ्यर्थियों को मिले नियुक्तिपत्र

**औरैया।** मिशन रोजगार अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी प्रक्रिया से चयनित पंचायती राज विभाग के 12 नव चयनित ग्राम पंचायत अभ्यर्थियों को विधायक सदर गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नवचयनितों को संबोधित करते हुए विधायक गुड़िया कठेरिया ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से आप सबको यह रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत है, उसी का परिणाम है आज युवा निष्पक्ष पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से लगातार सेवाओं में आ रहे है। उन्होंने कहा कि हमे पूरा विश्वास है कि आप प्रदेश सरकार की महत्वांकाक्षाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिलाधिकारी ने भी नवचयनितों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मारपीट में घायल हुआ था युवक, इलाज के दौरान हुई मौत

**फफूंद,औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी गाजियाबाद में काम रहे एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दिल्ली में इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन शव गांव ले आए। मृतक के पिता ने ससुरालियों की मारपीट से पुत्र की मौत होने का आरोप लगाकर पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी 28 वर्षीय शिवसिंह गाजियाबाद में ई रिक्शा चलाता था। बीती 17 अक्टूबर को उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। गाजियाबाद में रह रही उसकी बहन संध्या ने उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजन उसके शव को गांव नौली ले आए और पुत्र के ससुरालियों की मारपीट से मौत होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। मृतक के पिता ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र की शादी 2016 में की थी। शादी के तीन माह बाद ही पति पत्नी में विवाद होने लगा जिसके बाद पुत्र के ससुराली पुत्र वधू को मायके ले गए। कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने पुत्र पर दहेज का मुकदमा कर दिया। आजीविका के लिए पुत्र गाजियाबाद जाकर ई रिक्शा चलाने लगा वहां भी उसके ससुराल वालों ने बेटे के साथ मारपीट की जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। दिल्ली में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि परिजनों की पोस्टमार्टम कराने की मांग पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। गाजियाबाद की घटना है कोई तहरीर नहीं मिली है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक दिवसीय कार्यशाला संपंन

**अजीतमल, औरैया।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी अजीतमल पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने की। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार और अनीश कुमार ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक ने उपस्थित अध्यापकों को 11 मॉड्यूल के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरह से विद्यालयों में बच्चों को और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में महेश शर्मा ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विस्तार से सभी मॉड्यूल के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर दीपक दुबे ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ श्याम सुंदर अध्यक्ष जूनियर राजपूत शिक्षक संघ खालिद सिद्दीकी दीपा गुप्ता मनोज अवस्थी ,राघवेंद्र राजपूत, राम जीवन शर्मा, स्मृति दीक्षित ,अर्चना तिवारी सहित आधा सैकड़ा के करीब शिक्षक मौजूद रहे।

### मिशन समाधान : जिलाधिकारी व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने मिशन समाधान के तहत तहसील अजीतमल के ग्राम चपटा डेरा के मजरा नट में पहुंचकर स्थलीय जांच कर विक्रय की गयी भूमि की रजिस्ट्री नियमानुसार 26 अक्टूबर को कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई की फोटो व वीडियोग्राफी भी करायें और यदि निस्तारण के उपरांत किसी के द्वारा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई भी करें।

### वृद्ध किसान का शव तालाब के गड्ढे में मिला

**अछल्दा,औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर में बुधवार शाम 5 बजे घर से निकले वृद्ध किसान का शव गुरुवार की शाम 4 :15 गांव के तालाब के गड्ढे में पड़ा मिला। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सीओ भरत पासवान समेत थाना पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी मलखान सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि 23 अक्टूबर की शाम 5 बजे वृद्ध 70 वर्षीय पिता लालाराम खेत पर गए थे, जो वापस नहीं आए। काफी ढूंढने के बाद उनका शव गांव के तालाब गड्ढे में पड़ा मिला।सीओ को बताया गया कि वृद्ध को कम दिखाई देता था गड्ढे में गिरने से वह डूब गए हैं।

# श्रमिक तीसरी मंजिल से गिरा, मौत

कार्यालय संवाददाता,औरैया

● स्थानीय ब्लॉक गेट के समीप एक मकान में पुताई करते समय घटी घटना

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर ब्लॉक गेट के समीप गुरुवार की दोपहर एक श्रमिक अपने एक अन्य साथी के साथ ठेकेदार के अंडर में एक मकान की तीसरी मंजिल पर झूला के द्वारा पुताई कर रहा था। तभी वह अचानक नीचे जमीन पर सिर के बल गिर पड़ा । जानकारी होते ही उसके साथी उसे तुरंत स्थानीय जिला अस्पताल लेकर पहंचे , जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर श्रमिक के परिजन व पुलिस अस्पताल पहुंच गई।

विकासखंड भाग्य नगर थाना फफूंद क्षेत्र के ग्राम सिंगलामऊ निवासी मलखान सिंह 27 वर्ष पुत्र राम महेश गुरुवार की दोपहर में शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर ब्लॉक गेट के समीप एक मकान की तीसरी मंजिल पर ठेकेदार के अंडर में झूला के माध्यम से मकान में पुताई का काम साथी के साथ कर रहा था। तभी झूला से उसका अचानक पैर फिसल गया जिससे वह सिर के बल जमीन पर गिर पड़ा और उसका भेजा फट गया। उसकी गंभीर हालत देखकर उसके साथी अक्षय कुमार ने उसे स्थानीय जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचा, जहां पर चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन व पुलिस अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चेन पुलिंग के चलते 10 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**अछल्दा,औरैया**दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग गुरुवार की दोपहर 1:30 बजे डाउन लाइन पर इटावा से कानपुर की जा रही सिकिम्म महानन्दा एक्सप्रेस की यात्री ने चेनपुलिग कर दी। चेनपुलिग होने पर ट्रेन अछल्दा फाटक 13-बी पर बीचो बीच रुक गई । ट्रेन रुकने से यात्री उतरकर भाग निकले। उसके बाद ट्रेन के गार्ड ने होस पाइप को जोड़ दिया तब कहीं जाकर 1:40 पर ट्रेन को गन्तव्य की ओर रवाना किया गया।

# सड़क बनी तालाब चलना हुआ मुश्किल

संवाददाता कंचौसी, औरैया

● आये दिने गिरकर चोटिल हो रहे हैं राहगीर, समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

**अमृत विचार।** कंचौसी औरैया मार्ग पूरी तरह से बदहाल हो गया है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हो गये हैं और गड्ढों में पानी भरा हुआ है।

इससे सड़क ने पूरा तालाब का रूप ले लिया है। आने-जाने वाले राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

कंचौसी रेलवे स्टेशन से औरैया को जाने वाली सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। वहीं ग्रामीणों को कहना है कि पता ही नहीं चलता है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है। इतना ही नहीं गड्ढे में पानी भर जाने की वजह से लोगों को गड्ढे की गहराई का पता नहीं चल पाता। इससे आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है। इस सड़क की समस्या को लेकर कई बार लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग और जनप्रतिनिधियों से लिखित शिकायती पत्र भी दिया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में सड़क की जर्जर दशा देखकर ग्रामीणों के साथ ही राहगीरों में विभागीय अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को लेकर भारी आक्रोश है।

वहीं चमरोआ गांव से लेकर ककोर तक दो किलोमीटर प्लास्टिक सिटी मार्ग की हालत भी बदहाल है लोगों का इस मार्ग से चलना दूभर हो गया है। क्षेत्र के समाजसेवी नंदू शर्मा, लारा गुप्ता, सौरभ कुमार, गोपाल पोरवाल समेत ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# डिप्टी सीएमओ की पत्नी की हार्ट अटैक से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अजीतमल के चिकित्सक आवास में रह रहे डिप्टी सीएमओ की पत्नी का शव आवास पर मिला था। जिसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक आया है, लेकिन हालत यह हुई कि कमरे में चूहों ने एक आंख ही खा ली और उंगलियों को कुतर डाला। शव 24 घंटें कमरे में ही पड़ा रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

डिप्टी सीएमओ डॉ विक्रम स्वरूप की पत्नी सृष्टि का शव सरकारी आवास के कमरे में पड़ा मिला था। शव के पास खून और टूटी हुई चूड़ियां मिली थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई चीज चौंकाने वाली आई हैं। शव में एक आंख भी नहीं थी और शरीर के कई हिस्सों और उंगलियों में चोट थी, जिसे डॉक्टरों ने लिखा है की चूहों जैसे जीव ने उंगलियां और शरीर को कुतरा है और आंख भी चूहों ने खा ली। जबकि मौत का कारण हार्टअटैक आया है। इसके अलावा शव 24 घंटे पुराना बताया गया है। सूचना पर परिजन भी आ गए थे लेकिन परिजनों ने कोई आरोप नही लगाया है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया था। मायके वाले भी साथ थे।

# रेलवे फाटक बदलने से यातायात रहा ठप

संवाददाता कंचौसी,औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी नगर स्थित पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार को नया फाटक लगाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। करीब 4 घंटे तक वाहन सवार जाम में फंसे रहे। दोपहर 3 बजे के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। हालांकि इससे रेल यातयात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा ।

औरैया रसूलाबाद (कानपुर देहात) के बीच आवागमन करने वाले वाहनों का दबाव कंचौसी कस्बा स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर है। इस मार्ग पर गड्ढे होने के कारण अक्सर ट्रक या वाहन खराब होने से दिक्कतें आती रहती है। जिस कारण लंबे समय से क्रासिंग पर फ्लाईओवर या अंडरपास बनाने की मांग नगर के लोग रेलवे से करते रहे हैं। इसके बावजूद भी इस जटिल समस्या के निस्तारण पर कोई कार्य देह नहीं हो रहा है। नगर के लोगों का कहना है कि वाहनों का जाम कंचौसी क्रासिंग से लेकर पेट्रोल पंप तक लगा रहा। यह जाम करीब एक किमी लंबा रहा। क्रॉसिंग पर फंसे वाहन सवार इमरजेंसी गेट के नीचे से बाइक निकालते नजर आए ,नया फाटक लगने के बाद एक साथ वाहन सवार जल्दी जल्दी निकलने के चक्कर में आड़े तिरछे वाहन लगाकर जाम लगा दिया। रेलवे कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर धीरे-धीरे यातायात सुचारू रूप से शुरू कराया। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व ट्रक की टक्कर से क्रॉसिंग बूम टूट गया था और स्लाइडर बूम लगाकर यातायात किया जा रहा था। गुरुवार को नया बूम लगाने की प्रकिया शुरू की गई। इस सम्बन्ध में स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया क्षतिग्रस्त बूम को हटाकर नया बूम लगाया गया है।


रेलवे फाटक बदलते कर्मचारी। अमृत विचार

# घर में घुसकर महिला से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अयाना,औरैया।** थाना क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी राजकुमारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बुधवार को पति जयप्रकाश दोहरे किसी काम से बाहर गए थे। रात 8:30 बजे के करीब गांव के जयचंद्र, उसका बेटा उमेश व एक अज्ञात लोग दरवाजे पर आए और गाली- गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ लाठी- डंडों से मारपीट की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। उसे उपचार के लिए सीएचसी अयाना लाया गया। यहां डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता औरैया

● अतिक्रमण के चलते बिगड़ रहे हैं बाजार के हालात

**अमृत विचार।** त्योहारी सीजन के चलते औद्योगिक नगरी के बाजारों में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इससे एक बार फिर से प्रशासन द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान विफल साबित होने से बाजारों की दशा बिगड़ती जा रही है।

दिवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही जहां एक ओर दुकानदारों ने एक दूसरे की होड़ में दुकानों के आगे सड़क तक सामान रख दिया है वहीं अवैध ऑटो स्टैंडों ने बाजारों से वाहन व पैदल निकलना मुश्किल कर दिया है। लेकिन बाजार में अतिक्रमण की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के गंभीर नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के भगवतीगंज बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, ककराही बाजार, फफूंद रोड, सहायल रोड, बेला रोड आदि प्रमुख बाजारों में एक ओर जहां दुकानदारों ने फुटपाथों तक तख्त व शेड के अलावा भी टेंट व बेंच लगाकर सड़क तक अतिक्रमण कर रखा है। बाजारों में अगर एक बार जाम लग गया तो लोग लंबे समय के लिए जाम में फंस जाते हैं।

### लोगों का पैदल निकलना मुश्किल



फुटपाथ पैदल चलने के लिए है लेकिन नगर के प्रमुख मार्गों पर अघोषित टेम्पो स्टैंड बना हुआ है जिससे लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। यातायात पुलिस इन वाहनों पर कार्रवाई करें।

**कुलदीप पोरवाल पूर्व मीडिया प्रभारी प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल दिबियापुर**

### ई- रिक्शा चालक करते हैं मनमानी



नगर के अधिकांश स्थानों पर ई रिक्शा चालकों की मनमानी से फुटपाथ पर भी पैदल चलने में काफी परेशानी होती है। वाहनों के खड़े होने से दुकानदारी पर भी असर पड़ता है।

**अरुण कुमार रेडीमेड व्यापारी**

### अतिक्रमण व अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई



अतिक्रमण व अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अतिक्रमण हटाया जाता है। लेकिन लोग फिर यहां आ जाते हैं। प्रशासन को चाहिए कि अतिक्रमण करने वालों पर अधिक जुर्माना राशि लगाए। ताकि लोग बारबार अतिक्रमण करने पहले एक बार सोचें जरूर और लोगों में कानून के प्रति डर हो। **धनंजय सिंह, ग्राहक**

### शहरवासियों ने की पीली पट्टी लगाने की मांग

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए किसी भी बाजार व सड़क पर पार्किंग व पीली पट्टी नहीं बनी है। शहरवासियों ने प्रशासन से शहर की मुख्य सड़कों व बाजारों में पार्किंग और पीली पट्टी लगाने की मांग की है। इसके अलावा शहरवासियों ने पुलिस प्रशासन की ओर से व्यस्ततम बाजारों में बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी तैनात कर जाम की स्थिति से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं नगर पंचायत दिबियापुर के अधिशासी अधिकारी विनय पांडेय ने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा।

**चौपाल** जिलाधिकारी ने चौपाल लगा कर सुनीं लोगों की समस्याएं, मातहतों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण के दिये निर्देश

# ग्राम समाज की जमीन चिह्नित कर खाली कराई जाए : जिलाधिकारी

संवाददाता अजीतमल,औरैया

● सफाई कर्मी के निलंबन के दिए आदेश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने तहसील अजीतमल की ग्राम पंचायत रतनीपुर जगदीशपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणजनों से समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारी शीघ्रता से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें, जिससे किसी को समस्या निस्तारण के लिए तहसील व जनपद मुख्यालय पर परेशान न होना पड़े।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ग्राम समाज की जमीन चिह्नित कर खाली कराई जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में विधवा, वृद्धा, निराश्रित, दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वालों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और पंचायत सेक्रेटरी को निर्देश दिए कि यदि कोई पात्र योजना के लाभ से वंचित है तो उसका आवेदन आदि पूर्ण कराते हुए पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने के साथ-साथ 7 दिन में केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सचिव व पंचायत सहायक को निर्देश दिए कि जन कल्याणकारी लाभ परक योजनाओं का आधिकाधिक प्रचार - प्रसार कराते हुए पात्रों का चयन कर योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने ग्राम सचिव को निर्देशित किया कि ग्राम में सर्वे कर पात्रों को आवास दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधितों को कार्य की डिजिटल डायरी बनाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने टंकी ऑपरेटर की फटकार लगाते हुए, हर घर जल, नल योजना के तहत हर घर में पानी पहुंचाने के साथ- साथ जिन घरों में अभी तक कनेक्शन नहीं हुए हैं उनका सर्वे कराकर छूटे हुए घरों में कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें, साथ ही शेड्यूल बनाकर तथा गांव में डुगडुगी करवाकर पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें। सफाई कर्मी के लगातार अनुपस्थिति के चलते पंचायत सचिव को निलंबन की कार्यवाही हेतु आदेशित किया।

उन्होंने आशा को घर-घर जाकर गर्भवती महिला एवं बच्चों को नियमित टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रत्येक माह पोषण किट वितरण कराने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित लेखपाल को निर्देश दिए कि जिन लोगों की अभी तक वरासत नहीं हुई है उन लोगों की वरासत दर्ज कराने के साथ-साथ सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, लेखपाल को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, चकरोड, चकमार्ग आदि शिकायतों का निस्तारण मिशन समाधान के तहत कराना सुनिश्चित करें। चौपाल में जिलाधिकारी ने हॉटपैठ की जमीन, कन्या पाठशाला की जमीन, खलिहान की जमीन, खाद के गड्ढे को खाली पाया। कुम्हारी कला की खाली पड़ी जमीन को कुम्हारों को आवंटित करने के साथ साथ स्कूल फॉर्म और श्मशान की जमीन को कब्जे से मुक्त कराने का भी आदेश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सोनकिया, जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक अवनीश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी अतुल कुमार यादव, एडीओ ब्रजेश दुबे, एडीओ आई एस बी सुनील कुमार, लेखपाल शशांक गुप्ता, सीडीपीओ छाया, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह, ग्राम सचिव सतीश दोहरे, अतुल, नीतू यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणजन महिला पुरुष उपस्थित रहे।


चौपाल में जनसमस्याएं सुनते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार


कृषक दल को झंड़ी दिखाते पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व भुवन प्रकाश गुप्ता।

# प्रशिक्षण के लिये किसानों का दल कानपुर रवाना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजनान्तर्गत जनपद औरैया से 50 महिला पुरुष किसानों का एक दल चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर रवाना हुआ।

यहां 24 से 27 अक्टूबर तक 4 दिवसीय कृषि एवं कृषि से सम्बंधित अन्य विषयों यथा-पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम कीट पालन, सब्जी उत्पादन आदि पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा गया। कृषक दल को उप्र सरकार के पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी हिमांशु रंजन की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते ।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते ॥

प्राण त्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है । वह संकट पार कर जाता है ।

## संपादकीय

# पाकिस्तान के इशारे पर

एक दशक बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि जम्मू कश्मीर में शांति की बहाली होगी और विकास की गति तेज होगी। चिंता की बात है कि सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। टीआरएफ के मुखिया पाकिस्तान में बैठकर घाटी में दहशत फैलाने की साजिश रचते हैं। पाकिस्तान इस आतंकी संगठन को फंडिंग भी करता है। इस संगठन का नाम ही इसके मकसद को ज़ाहिर कर देता है। हकीकत तो ये है कि आईएसआई ने टीआरएफ को एक अलग तरह की रणनीति के तहत बनाया है, जो अन्य आतंकवादी संगठनों से बिल्कुल अलग है।

जम्मू कश्मीर में दूसरे राज्यों से आकर काम करने वालों पर हमले का सिलसिला जारी रहने से प्रवासी नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन कश्मीरी पंडितों में भी डर पैदा हो गया है जो प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं। इसके बावजूद राज्य में दहशत फैलाने की कोशिशों पर रोक लगा पाना जटिल चुनौती बनकर उभरा है। अभी भी वहां बड़ी संख्या में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कारण वहां से प्रवासी श्रमिकों व कश्मीरी पंडितों का पलायन तेज होगा जो कि चिंता की बात है। नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। सीमा पार से पाकिस्तान टीआरएफ के जरिए कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की साजिशें कर रहा है, जिनसे निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। साथ ही जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

# लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है । लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई । देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है । लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं ।

भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व-समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव-संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है।

उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोकविश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। विभक्त चेतना, विभक्त मानस। व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है। लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है। लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है आराम की जिंदगी नैतिकता पर बाजार के मुनाफे का प्रभाव, मूल्य हीनता का प्रसार।

भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। फिर भी लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है, जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है।

आवश्यकता निरन्तर बढाते रहना। मैं उपभोक्ता हूं, बाकी सब कुछ मेरे लिए है। प्रकृति हो या मनुष्य! एक ओर तो विश्व बाजारवाद के रूप में मनुष्य की कहीं भी और कभी भी समाप्त न होने वाली तृष्णा है, जो मनुष्य को केवल उपभोक्ता के रूप में देखती है और चराचर-प्रकृति को कच्चामाल समझती है, उसके परिणाम-स्वरूप पर्यावरण का संकट है, जो पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए एक सवाल बन गया है, और इसी के साथ समाज में जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा की तरह नित-नित बढ़ने

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

वाली विषमता है। दूसरी ओर मानव-सभ्यता के आकाश में आतंक की घनघोर घटाएं मंडरा रही हैं। आतंकवाद की जडें कितनी गहरी हैं, कितनी व्यापक हैं और कितनी दूर-दूर तक फैल चुकी हैं, इसका अन्दाज किसे है? उपभोक्ता है, कंज्यूमर। प्रकृति उसके लिए कच्चा माल है वह विकास जिसके लिए धनी आदमी उपभोक्ता और निर्धन आदमी तथा यह समस्त प्रकृति (नदी-समुद्र-पहाड़) कच्चामाल है? बाजार का वैश्वीकरण हो गया किन्तु समाज का वैश्वीकरण नहीं हुआ। दुनियां के सेठ तो एक हो गए, दुनियां के मजदूर एक नहीं हो सके। बाजार और उपभोक्ता-संस्कृति जीवन के हर क्षेत्र में हावी होती जा रही है। मानव-सभ्यता ज्ञान विज्ञान के शिखर की ऊंचाइयों पर चढ़ रही है तो दूसरी ओर मानव-सभ्यता के सामने संकट भी बहुत बड़े हैं। संसार के सभी धनकुबेर एक जगह संगठित हो गए हैं, धन की शक्ति राज करेगी, धन इंसान का नियामक होगा। जो जितना बड़ा धनकुबेर होगा, वह निर्बल से धन छीन लेगा। उसकी नजर में विराट-प्रकृति उपभोग्य-सामग्री है।

विश्व बाजारकी नजर में उपभोग आनन्द है और यह आनन्द एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनन्द स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनन्द और अधिक पैसा अधिक आनन्द। ये बता रहे हैं कि देह-सुख और इन्द्रिय आनन्द ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिलावात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय-संस्कृति ही नहीं, विश्व संस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है। आज आधुनिक-सभ्यता ने जो दिशा ली है,उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। शरीर आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छेद हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है, मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छिन्न हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान-साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। भोग परायण और विज्ञापन की संस्कृति।

भूमंडलीकरण के नाम पर बाजार का जो साम्राज्य बिछा है, उसमें लोक संस्कृति का भी समावेश हो चुका है। सौंदर्य-प्रतियोगिताओं से लेकर त्योहारों, पर्वों, धार्मिक-आयोजनों, कथा-भागवत तथा मानवीय-संबंधों में भी बाजार आज नियामक की भूमिका में आ गया है। आज संबंधों में आत्मीयता का स्थान लाभ-हानि के गणित ने ले लिया है। स्थानीय-उत्पादन आज प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है। खान-पान, वेशभूषा से लेकर भाषा भी बेदखल हो गई।

भांगड़ा की पहचान वैसाखी जैसे त्योहार से हुआ करती थी। आज वही भांगड़ा पंजाब के खेतों से निकल कर दिल्ली व मुंबई के डिस्कोथेक में पहुंच चुका है। लोकनृत्य अपने परिवेश से विच्छिन्न हो चुके हैं। संचार माध्यम किसी न किसी निहित-स्वार्थ के अधिकार में होते हैं और कुल मिलाकर बाजार अर्थव्यवस्था से जुड़े होते हैं, वही परोसते हैं जो प्रच्छन्न रूप में उनके लिए लाभकारी होता है। नयई पीढ़ी उनकी चमक-दमक से विभ्रमित हो जाती है। परिणाम अपसंस्कृति और अपनी भाषा एवं परंपराओं से अलगाव के रूप में सामने आता है। देवी-जागरण भी डिस्को कल्चर से प्रभावित हुआ है। एक बात यह भी उल्लेखनीय है कि लोक कलाओं को वैश्विक मंच भी मिला है। बिहार की मधुबनी-कला, छत्तीसगढ़ की पंडवानी, राजस्थान की कठपुतली, कालबेलिया का बीन वादन और सर्प नृत्य कला ने विश्व बाजार में अपना स्थान बनाया है। वह छोटे क्षेत्र से निकलकर विश्व फलक पर आई है लेकिन लोकसंस्कृति के व्यावसायीकरण में डालर की कमाई का लोभ है। लोकनृत्य अपने मूल गुण-धर्म को छोड़ कर मनोरंजन की सामग्री बन चुके हैं।

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मनुष्य रहेगा और मनुष्यता भी रहेगी। कारण बड़ा स्पष्ट है कि मनुष्य सामाजिक-प्राणी है, अकेला जी नहीं सकता, समाज उसके लिए अनिवार्य है और समाज के लिए सामाजिकता अनिवार्य है। मनुष्यता इस सामाजिक-भाव की ही देन है। व्यष्टि और समष्टि का द्वंद्व चलता रहता है, इतिहास के अंधेरे युगों से लेकर आज तक यह द्वन्द्व चलता आ रहा है और भविष्य के युग-युगान्तर तक यह द्वन्द्व चलता ही रहेगा। द्वंद्व चलेगा तो उसके साथ समायोजन और सामरस्य भी चलता रहेगा। वर्तमान संदर्भ में भी हम लोकसंस्कृति को इसी जीवनक्रम के अंतर्गत निरख-परख सकते हैं।

भूमंडलीकरण और बाजारवाद कोई दूसरी चीज नहीं है, वह व्यष्टिसत्ता का ही विराट रूप है। जो व्यष्टिसत्ता कल राज्य-संस्था के आयुधों के साथ साम्राज्यवाद के रूप में थी, वही व्यष्टिसत्ता नयी तकनीक को लेकर आज बाजार-सत्ता के रूप में प्रकट हुई है। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक समृद्ध देश वर्चस्व प्राप्त कर लेता है। शक्ति की वही आदिम-होड़ चल रही है, वैसे ही युद्ध चल रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक-शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीक्रणकी प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है-जिसकी लाठी उसकी भेंस।

## प्रसंगवश

# अब तो देखें न्याय की नई देवी

अदालतों में लगी न्याय की नई देवी की आंखों की पट्टी खुल गई है। कुछ बातें, जो पहले जनता तो देखती थी, पर वे नहीं देख पाती थीं, क्योंकि आंखों में पट्टी बंधी थी। अब उन्हें देख लेना चाहिए। जिला अदालतों में पीठासीन अधिकारी के बगल में बैठा पेशकार मुकदमों की पेशी में नीचे से पैसे लेता रहता है, जो दस्तूरी मान्य है। तारीख देने तक के पैसे होते हैं। बोलचाल की भाषा में इसे 'सुविधा शुल्क' कहते हैं। उसका कनिष्ठ बाबू, जिसे 'अहलमद' कहते हैं, कार्याधिक्य वश कई बाहरी लोगों को नौकर रखकर काम करवाता है, जिनसे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। इन्हें "एडीशनल हैण्ड्स" कहते हैं। उनकी न्यायालय-पत्रावलियों तक पूरी पहुंच होती है। उन पर लिखा पढ़ी भी वे करते हैं। उनकी तनख्वाह कहां से निकलती है? जाहिर है कि ऊपरी आमदनी से ही निकलती होगी। देवी जी यह भी देखें कि उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में बड़े राजनीतिक प्रकरणों तथा नामी गिरामी वकीलों द्वारा प्रस्तुत मामले तुरंत सुन लिए जाते हैं, शेष आम आदमियों के करोड़ों वाद शायद ही कभी सुनवाई हेतु लगते हों, जबकि कानून और न्याय की दुनियां का एक प्रसिद्ध सिद्धांत है "वीकर फर्स्ट"(कमजोर को पहले)। एक अंतिम बात वे देवी जरूर देखने का कष्ट करें कि सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सुप्रीमकोर्ट के जज सरकार द्वारा प्रदत्त कोई पद जैसे गवर्नर, राज्यसभा सदस्य आदि न ग्रहण कर सकें। ऐसा प्रतिबंध कम से कम दो वर्ष के लिए जरूर हो, चाहे कानून बनाकर या सुप्रीमकोर्ट के निर्णय द्वारा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

न्यायिक शुचिता का तो यही तकाज़ा है। ऐसा न होने पर जनता यह सोचने लगती है कि ये जज महोदय सेवाकाल में निष्पक्ष कैसे रहे होंगे! सरकार इन्हें क्यों उपकृत कर रही है? निकट विगत में यह उपकार कुछ ज्यादा ही हुआ है। अयोध्या के मंदिर/मस्जिद मामले का निर्णय देने वाले पांच जजों में चार रिटायर हो चुके हैं। उन सबको रिटायर होते ही सरकारी पदों का उपहार दिया गया। पांचवे जज वर्तमान मुख्य न्यायमूर्ति हैं, जो चंद दिन बाद रिटायर हो रहे हैं। उदाहरण और भी हैं, किंतु विस्तार देना आवश्यक नहीं है।

# हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठी कांग्रेस

देश की सियासत का रुख़ क्षत्रपों की ताकत बढ़ा रहा है और राष्ट्रीय दल बैकफुट पर आ रहे हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी और ताकतवर भाजपा की केंद्र सरकार क्षत्रपों के सहारे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा भाजपा का इतना बड़ा चेहरा और सबसे बड़े जनाधार के बावजूद भाजपा को लोकसभा चुनाव में अकेले बूते पर सरकार बनाने का बहुमत नहीं मिला। यूपी में भी भाजपा जाति पर आधारित छोटे-छोटे सहयोगी दलों के दबाव में है।

इसी तरह देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जो देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल है, इसे भी क्षेत्रीय दलों के दबाव से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के बावजूद कांग्रेस ने सहयोगी समाजवादी पार्टी से उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में नौ में पांच सीटें मांगी, फिर तीन पर आई गई, किंतु सपा ने कांग्रेस को यहां एक भी सीट नहीं दी। अब यहां नौ की नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ेगी और पंजा साईकिल पर हाथ पर हाथ रख कर सिर्फ बैठा रहेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को बैकफुट पर ले लिया, लेकिन कांग्रेस यानी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अकेले पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ना इसलिए मुनासिब नहीं समझा क्योंकि कांग्रेस का साथ छोड़ने से मुस्लिम और दलित कांग्रेस में छटक सकता था।

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई।

प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई। इंडिया गठबंधन की सबसे कामयाब टेरीटरी यूपी ही रही जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन की केमिस्ट्री हिट और फिट बैठी। यहां लोकसभा चुनाव 2024 में सबसे बड़े विपक्षी दल सपा ने बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को सत्तरह सीटें दी थी और कांग्रेस को छह पर जीत हासिल हुई और छह सीटों पर करीबी मुकाबले में हार हुई। सूबे में इस गठबंधन की जीत के पीछे एक कारण ये भी सामने आया कि दलित समाज का एक हिस्सा जो भाजपा से नाखुश है और बसपा की निष्क्रियता से नाराज है, उसने कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन पर विश्वास किया। यूपी में सपा की सरकारों में यादव-दलित में इतनी तल्खियां पैदा हो गई थी कि दलित यहां सपा के बजाय कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन की ताकत बनता नजर आया था। कांग्रेस और सपा का एक साथ होने से मुस्लिम वोट भी बिखराव से बच कर एकजुट रहा। इस सफलता के बाद भी सपा ने उप चुनाव में कांग्रेस को बैकफुट पर लिया।

"जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी"। ये विपक्षियों का नारा है। सपा, कांग्रेस और ख़ासकर यूपी में अखिलेश यादव का पीडीए इस सिद्धांतों पर केंद्रित है। सामाजिक न्याय और कमजोर को हक देना सपा का सिद्धांत है।

समतामूलक मूल्यों वाला समाजवाद अंतिम पंक्ति में बैठे किसी कमजोर से कमजोर को उसका हक़ देने के लिए संकल्पित है। कमजोर को उसका हक दीजिए तो हर कमजोर ताकतवर बन जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की ऐसी मूल भावना पर अमल किया होता तो यूपी के उपचुनाव में कमजोर कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में उसकी हिस्सेदारी ज़रूर दी होती। मरता क्या ना करता! इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय दल कांग्रेस को क्षेत्रीय दल सपा के आगे झुकना पड़ा और पंजा हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठने को तैयार हो गया। अब देखना ये होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव में दलित समाज का एक हिस्सा दुबारा इंडिया गठबंधन का साथ देता है या पंजा गायब होने और सिर्फ साइकिल का निशान देखकर भड़क जाता है।

## सोशल फोरम

# अच्छा आदमी और बुरा आदमी

बहुत लोग कहते सुने जाते हैं कि मैं अच्छों के लिए अच्छा और बुरों के लिए बुरा हूं। वे चाहे अच्छे हों, चाहे बुरे, ग़लतबयानी कर रहे होते हैं। अच्छा आदमी डींग मार रहा होता है और बुरा अपना बचाव करने की तैयारी कर रहा होता है। क़ुदरत आदमी की शख़्सियत में ऐसे दो फाड़ करती ही नहीं-अच्छा आदमी सब के लिए अच्छा होता है और बुरा सबके लिए बुरा। हां, जब अच्छा आदमी बुरा करता दिखे तो जान लो कि किसी बुरे ने उसे इतना उकसा दिया है कि वह फ़िलहाल आपे में नहीं है। फिर आ जाएगा।

बुरा आदमी अच्छा नहीं बन सकता, न अच्छा आदमी बुरा बन सकता है। किसी चुनाव के तहत नहीं, बस मजबूरी। तो दांत क्यों पीसते हैं? नफ़रत भी किसलिए? वश में ही नहीं है उसके तो क्या करे!



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

सारे धर्म, सारी विचारधाराएं इसी चट्टान से टकराकर चूर होती रही हैं। आगे भी होंगी। सिद्धांत और व्यवहार के बीच द्वंद्व का यही मूल तत्त्व है। बल्कि जितना उदात्त धर्म, जितनी महान विचारधारा, व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति। धूर्तों का यही काम है। उदात्त और महान की आड़ में ही उनकी कला परवान चढ़ती है और धूर्तता बुरे आदमी का विशेषाधिकार है।

आप यह भी जान लो कि तम का आयतन सत्त्व से हमेशा ज्यादा ही होना है। कई गुना। क़ुदरत ऐसी ही है। कभी किसी भले आदमी को ठगे जाते नहीं सुना गया (चिट फंड कंपनी द्वारा भी नहीं)। होता क्या है कि बड़ा ठग छोटे ठग को ही ठगता है। जो इस हुनर में माहिर होते हैं कि भले आदमी और ठग आदमी में तमीज़ कर सकें, वही इस धंधे में फलते-फूलते हैं। उन्हें यह जानने की भी तमीज़ होती है कि कहीं सामने वाला उनका भी बाप तो नहीं...अगर लोग लालची न हों तो ठगी के धंधे में लगे लोग भूखों मर जाएं।

कुछ देर भेद भरी निगाह से देखने के बाद उन्होंने फिर कहा- भला आदमी और बुरा आदमी और कुछ नहीं, बस मज़बूत आदमी और कमज़ोर आदमी है। न कोई भला, न कोई बुरा।

**-फेसबुक वॉल से**

# 'एका आंदोलन' के महानायक मदारी पासी

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक एका आंदोलन के प्रणेता और किसान आंदोलन के अग्रदूत क्रांतिकारी मदारी पासी जिनका जन्म 24 अक्टूबर 1860 को हुआ। ये अनुमानित तिथि है, क्योंकि जिस समाज में जन्मे वहां जन्मकुंडली नहीं बनवाई जाती थी और जन्मकुंडली बनाने वाले परहेज भी रखते थे। मदारी पासी का इतिहास आरपी सरोज पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक के प्रयास व शोध के कारण मदारी पासी के निधन के 68 वर्षों बाद सामने आया। इतिहाकार राजकुमार के अनुसार क्रांतिवीर मदारी पासी का जन्म ग्राम मोहनखेड़ा, मजरा इटौंजा, तहसील संडीला जनपद हरदोई स्वाभिमानी पासी परिवार में हुआ था। पिता मोहन पासी थे, ये वो दौर था समाज में छुआछूत, ऊंचनींच, जातीपांत का बोलबाला था इसीलिए मदारी पासी में अन्याय, शोषण, व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध विद्रोह की भावना का बीज अंकुरित हुआ।

मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थीं। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे। तलवार लेकर चलते लाठी

मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट-पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थी। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी । वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था उनका धनुष बाण अब तक ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर सुरक्षित है।



प्रिय हथियार था। उनका धनुष बाण ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर अब भी सुरक्षित है।

मदारी पासी के 'एका आंदोलन' की पृष्ठभूमि में उस समय का व्यापक किसान आंदोलन था। गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी की अवध के प्रति हड़प नीति सन 1856 एवं सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसरों ने अवध के किसानों का सबसे ज्यादा दमन किया। जमीनें छीनकर अंग्रेजों के दलाल जमींदारों के अधीन कर दी गईं और वे जमींदार अंग्रेजों के एजेंट के तौर पर काम करते थे। अंग्रेजो के अतिरिक्त स्थानीय महाजनों, साहूकारों और जमींदारों ने कभी बेगार के बदले उनके खेत व जेवर छीनने शुरू कर दिए। किसानों की बहु बेटियों की इज्जत भी इन जमींदारों की क्रूरता में शामिल थी। ऊपर से नगदी लगान के कारण साहूकारों व जमींदारों के समक्ष जमीन जायदाद गिरवीं रखते गए बल्कि खुद को भी गिरवीं रख देते। किसानों के भीतर ताल्लुकेदारों और अंग्रेजों के निजाम और गांव के भीतर परंपरागत ढांचे के खिलाफ गुस्सा फूट रहा था। अंग्रेजों की नई बंदोबस्त प्रणाली के कारण किसान मजदूर बनते जा रहे थे। जुल्म की इंतहा थी, लगान नगदी के कारण बेहाल हो रहे थे। 1918 में किसान सभाओं का गठन होना शुरू हुआ। 1920 तक किसान आंदोलन हरदोई, सीतापुर, बहराइच, लखनऊ, उन्नाव , फर्रुखाबाद , प्रतापगढ़, आदि जनपदों में केंद्रित हुआ जो एका आंदोलन के रूप में प्रचलित व प्रख्यात हुआ। एका आंदोलन पूरे मनोयोग व संवेदनशीलता से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ रहा था। इस आंदोलन ने थोड़े ही समय में जड़ें जमा लीं, जिसकी कमान मदारी पासी के हाथ थी।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मदारी पासी के प्रभाव के कारण तत्कालीन संयुक्त सरकार ने 1921 में रैय्यतों को सुविधा देने के उद्देश्य से अवध राजस्व अधिनियम में संशोधन किया गया। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य था जमींदारों की मनमानी और अत्याचार रोकना, उनकी बेगारी न करना, स्वीकृत लगान के अलावा नजराना, शुकराना आदि न देना, एका की सभाओं में प्रतिज्ञा ली जाती, लगान को छोड़कर कुछ भी न देने की। मदारी पासी को लोग गांधी कहते वे कहते भले ही मुझे लोग गांधी कहें मैं न तो गांधी बाबा हूं न ही उनका आदमी हूं वैसे उनसे हमारा कोई बैर नहीं है। हम चाहते हैं अंग्रेज मुल्क से चले जाएं लेकिन हमारा खून तो हमारे भारतीय ही चूस रहे हैं, खेत हम जोतें और फसल ले जाएं सेठ साहूका। जमींदार और बेगार भरें सो अलग, किसान आंदोलन का नेता स्वतंत्रता आंदोलन का योद्धा दलित होने के कारण साहित्यकारों की कलम का विषय न बन सका।

# बैंकों में घट रहे कर्मचारी

राष्ट्रीयकृत बैंकों और निजी बैंकों में घट रही कर्मचारियों की संख्या न केवल चिंता का विषय बन रही है बल्कि बैंक यूनियन के एक बड़े अखिल भारतीय बैंक संगठन एआईबीईए ने इस बार पुरजोर तरीके से इस मांग को उठाया भी है। कुछ माह पहले ग्रामीण बैंकों, यूनियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के बैंकवार संगठनों ने कर्मचारियों की भर्ती को लेकर आंदोलन भी किए थे। परंतु कोई खास परिणाम न निकलने से अब अखिल भारतीय बैंक संगठन के महामंत्री सीएच वेंकटचलम ने इंडियन बैंक एसोसिएशन को चेतावनी दी है कि बेहतर ग्राहक सेवा और कर्मचारियों पर बढ़ रहे काम के बोझ को देखते हुए पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए,उन्होंने बैंक के जोखिम भरे काम को देखते हुए अस्थाई और कैजुअल वर्कर से काम न लिए जाने की भी मांग की है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उन्होंने ऋण प्रबंधन को दुरुस्त करने की भी मांग करते हुए डिफाल्टर की सूची प्रकाशित करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि ऋण न चुकाने वालों में बड़ा हिस्सा कारपोरेट घरानों का है न कि व्यक्तिगत कर्जदारों का।

उल्लेखनीय है हाल में ही बैंको में एक्जिक्यूटिव की नई पोस्ट तो क्रिएट की गई हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी, चपरासियों और लिपिकों के करीब एक लाख पद भरे जाने की ओर बैंक और इंडियन बैंक एसोसिएशन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश में एक ओर बेरोजगारी की समस्या चरम पर है, क्या बैंक यूनियन की मांग पर सरकार ध्यान देगी?

# दीपावली विवाद

इस विषय में पंडितों ने बहुत विद्वत्तापूर्ण चर्चा की है। इस विषय में मेरा अध्ययन नहीं है। सामान्य नियम है कि जिस दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या होगी उस दिन दीपावली होगी। दीप सूर्यास्त के बाद ही जलते हैं। विवाद तब होता है जब दो क्रमागत दिनों में सूर्यास्त के समय अमावस्या हो। ऐसा केवल पूर्व भारत में हो रहा है। पश्चिम भारत में देर से सूर्यास्त होगा, वहां केवल 31 अक्टूबर को ही सूर्यास्त समय अमावस्या है। अतः वहां कोई शंका नहीं है। पूर्व भारत में 1 नवंबर को भी सूर्यास्त काल में अमावस्या है। अधिक तिथि या अधिक मास का सामान्य नियम है कि प्रथम दिन/ मास को अधिक तथा द्वितीय को शुद्ध मानते हैं।



अरुण कुमार उपाध्याय
सेवानिवृत्त आईपीएस

एक पंडित ने ऐसा ही नियम दीपावली के लिए उद्धृत किया है। उसके अनुसार 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर दोनों दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या है तो 1 नवंबर ही दीपावली होगी। तिथि गणना के लिए सूर्य- चंद्र की सापेक्ष गति लेते हैं, अतः अयनांश के कारण अन्तर नहीं होगा। सूक्ष्म गणना से किसी नगर के पश्चिम भाग में 31 अक्टूबर तथा उसके पूर्व भाग में 1 नवंबर को दीपावली हो सकती है। शास्त्रीय विवाद भूल कर भारत की राजधानी में जिस दिन दीपावली है, उसी दिन पूरे भारत में होनी चाहिए। भारतीय समय के लिए भी यही आधुनिक नियम है।

## एक नजर

### 100 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**कुरारा।** भौली मार्ग पर कृषि विज्ञान केंद्र के पास एक किलो 100 ग्राम गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजन पुत्र ओमप्रकाश निवासी भैंसमरी थाना सिसोलर हाल मुकाम कांशीराम कॉलोनी कस्बा कुरारा बताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है।

### नहीं बदला नलकूप का खराब ट्रांसफार्मर

**गोहांड।** नगर के जयप्रकाश नगर मोहल्ला निवासी रामजीवन पुत्र अमर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। जिसमें कहा है कि उसके खेत में नलकूप लगा है जो उसके दादा स्व रामस्वरूप के नाम है। इसमें रखा ट्रांसफार्मर 30 जुलाई को फट गया था। जिसकी शिकायत पावर हाउस में लिखित व मौखिक रूप से दे चुका है। लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। जेई रविकांत अनुरागी से बात करने के लिए फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ जा रहा है।

### लाठी से हमला कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर।** कस्बे के बंधी मोहाल में दरवाजे के बाहर बैठे राम मनोहर पुत्र रामकरण सिंह से विवाद में जनपद महोबा के थाना खन्ना निवासी वीरू ने लाठी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल को सीएचसी छानी में ले जाकर डाक्टरी परीक्षण कराया है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### मामूली विवाद में दो लोगों के साथ मारपीट की

**राठ।** रामलीला मैदान के पास एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में दो किशोरों के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पठानपुरा निवासी किशोर राममिलन पुत्र महेश बाबू ने बताया कि वह अपने भाई तेज बहादुर के साथ रामलीला मैदान में खड़ा था। बताया मामूली विवाद में पठानपुरा के गोलू ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। उसका भाई तेज बहादुर बचाने दौड़ा तो उसके साथ भी मारपीट की। बताया कि कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# नौ माह से टूटी पड़ी बिजली लाइन

## बिजली के अभाव में पंप कैनालों का संचालन न होने से पलेवा को लेकर किसान चिंतित

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)



पंप कैनाल की नहर में खड़ा खर-पतवार। अमृत विचार

- आंधी-तूफान से टूट गए थे 22 खंभे और तार
- दलहन और तिलहन की बुआई पिछड़ रही

**अमृत विचार।** लघुडाल नहर विभाग से संचालित लिफ्ट कैनालों की सफाई धीमी गति हो रही है। वहीं लिफ्ट कैनालों में बिजली नहीं पहुंच सकी है। कैनालों की ओर गई बिजली लाइन के 22 खंभे नौ माह पूर्व आंधी तूफान में टूटे थे। जिसका पावर कारपोरेशन अभी तक काम पूरा नहीं करा सका है। ऐसे में वहां रखी मोटरों की मरम्मत भी नहीं सकी है। वहीं किसान पलेवा को लेकर चिंतित हो रहे हैं। नहरें जगह-जगह गुंदला झील झांखर से पटी हैं।

क्षेत्र में सहजना और सहुरापुर पंप कैनालें संचालित हैं। इनसे चारों ओर माइनरों का जाल बिछाया गया है। चालू माह में किसान रबी फसलों में दलहन तिलहन की बुवाई करने लगते हैं। ज्यादातर किसान पलेवा करने के बाद फसल की बुवाई करने की सोच रहे हैं। अभी लिफ्ट कैनालों की मोटरों को संचालित नहीं किया गया है। कैनालों को संचालित करने में बेहद धीमी गति से कार्य हो रहे हैं। वहीं नहरों की सफाई का काम बेहद मंदगति से हो रहा है।

उधर, किसान पलेवा करने को लेकर छटपटा रहे हैं। कलौलीतीर के किसान नशीर अहमद पूर्व प्रधान, राजेश यादव, महेश, बिनोद व उजनेड़ी के किसान सोम प्रकाश, पप्पू, श्यामबाबू, दीपू आदि ने समय रहते नहरें चालू करने की मांग जिलाधिकारी से की है। इस मामले में अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नहरों की साफ सफाई तेजी से चल रहा है। पंप कैनाल में अभी लाइट नहीं पहुंच पा रही हैं। फरवरी माह में आए आंधी तूफान से करीब 22 बिजली के पोल टूट गए थे। बिजली विभाग ने अभी पोल गाड़े हैं लेकिन तार नहीं खींचने से बिजली की सप्लाई ठप है। बिजली व्यवस्था दुरुस्त होते ही एक हफ्ते के अंदर नहरें चालू कर दी जाएंगी।

## बाल सम्मान कोष के 10 मामले हल

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उप्र रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत लंबित प्रकरणों के निस्तारण को लेकर गठित जिला संचालन समिति की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। उनका समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित को समय से इसका लाभ मिल सके। बैठक में 10 प्रकरणों पर विचार विमर्श कर निस्तारित किए गए। इनमें एक प्रकरण को स्वीकृत व नौ प्रकरण अस्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीडीओ, एडीएम वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समर्थ फाउंडेशन कुरारा के देवेंद्र गांधीरहे।

# पराली जलाने पर किसान को अब देना होगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बगैर यंत्रों के कम्बाइन हार्वेस्टर चलाने पर होंगे सीज

**अमृत विचार।** जिले में बहुतायत एरिया में बोए गए धान फसल की कटाई शुरू हो गई है। ऐसे में किसान पराली जलाने से बाज नहीं आएंगे। इसी को देखते कृषि विभाग सख्त हो गया है। इसके लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से पराली जलाने पर जुर्माना देना होगा। इसके चलते जी कम्पोजर का प्रयोग कर खाद बनाने का सुझाव किसानों को दिया जा रहा है।

उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने कहा कि पराली जलाने पर शासन की ओर से कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए हैं। कहा ऐसे कम्बाइन हार्वेस्टर जो फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों के बगैर चलते पाए जाते हैं, उन्हें तत्काल सीज किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कम्बाइन हार्वेस्टर के मालिकों के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा फसल अवशेष प्रबंन्धन के अन्य यंत्र लगवाकर ही छोड़ा जाएगा। कहा लेखपाल की जिम्मेदारी होगी कि अपने क्षेत्र में फसल अवशेष के जलने की घटनाएं बिल्कुल न होने दें। अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। फसल अवशेष को जलने से रोकने के लिए प्रचार-प्रसार करें तथा किसी भी दशा में फसल अवशेष को न जलने दें। यदि कोई किसान पराली जलाते हुए मिलता है तो उसके लिए दंड निर्धारित किए गए हैं। बताया दो एकड़ से कम क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने पर 2500 रुपये का जुर्माना देना होगा। दो से पांच एकड़ पर 5000 व पांच एकड से अधिक में 15 हजार रुपये जुर्माना लगेगा।

# रामलीला मेले में जाम से जूझे चालक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



रामलीला मेला में जाम के दौरान फंसे वाहन। अमृत विचार

- डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मी बने रहते मूकदर्शक
- जाम से स्कूल वैन में सवार बच्चे परेशान रहे

**अमृत विचार।** रामलीला मेले में पुलिस की हीलाहवाली से सारा दिन जाम की स्थिति रही। रामलीला चौराहे पर पुलिस की डयूटी लगी रहने के बाद भी जाम लगा रहता है। डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मी जाम को देखते हुए भी तमाशबीन बने रहे रहते हैं। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि कस्बे का ऐतिहासिक रामलीला मेले की शुरुआत हो चुकी है। बड़ी बारात निकलने के बाद मेले में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। सारा दिन इस मार्ग पर भारी वाहनों का निकालना रहता है। वाहनों के निकलने से जाम लगा रहता है। रामलीला मेले में लगे पुलिस कर्मी जाम न हटाकर अपनी कुर्सियों पर बैठे रहते हैं। गुरुवार को दोपहर में मेले को लेकर भारी जाम लगा रहा। जिसे खुलवाने के लिए डयूटी पर तैनात किसी भी पुलिस कर्मी ने जहमत नहीं उठाई।

सबसे अधिक परेशानी स्कूली वैन चालकों को उठानी पडी। वैन में बैठे बच्चे बिलबिला उठे। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। इस मामले में कोतवाल उमेश कुमार ने कहा रामलीला मैदान के निकट अक्सर जाम की समस्या रहती है। इसी को लेकर पुलिस लगाई गई है। कहा पुलिस की लापरवाही की जानकारी कर कार्रवाई करेंगे।

# 3 अपराधी जिलाबदर, 2 थाने में लगाएंगे हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अपराधिकयों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को तीन लोगों को जिलाबदर, दो को हर माह थाने में हाजिरी दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने आपराधी किस्म के तीन व्यक्तियों पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जिलाबदर किया है। गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत हनीफ अहमद पुत्र मान खां निवासी जराखर थाना मझगवां, महेश पुत्र रामस्वरूप निवासी मझगवां, पुष्पेंद्र सिंह पुत्र हाकिम सिंह निवासी सुरौली थाना सुमेरपुर हैं। इनको छह माह के लिए जनपद से निष्कासित किया है। आदेश दिया है कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद सीमा में प्रवेश न करें। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे। किसी प्रकार शस्त्र लेकर नहीं चलेंगे।

आदेश का अनुपालन करने के लिए एक-एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियों और इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा। उन्होंने आदेश की प्रति एसपी के माध्यम से प्रभारी निरीक्षकों को भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कमलेश सविता पुत्र रामकुमार निवासी चंदूपुरवा बुजुर्ग थाना सुमेरपुर व सचिन यादव उर्फ सच्चू पुत्र जय सिंह निवासी लुधियातपुरा राठ पर कार्रवाई करते हुए हर माह थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप



कुरारा में भौली रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

### कुरारा में जाम से प्रभावित हो रहा आवागमन

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे में विभिन्न चौराहों पर डग्गामार वाहन व ई रिक्शा का कब्जा है। सड़क की दोनों साइडों पर इन छोटे वाहनों के खड़े रहने से खासकर बाजारी दिनों में घंटों जाम लगा रहता है। जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गुरुवार को कुरारा भौली तिराहे में जाम के चलते घंटों एक एंबुलेंस फंसी रही। वहीं नगर पंचायत की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान व्यापार मंडल के विरोध से टांय टांय फिस हो गया। कस्बे के बेरी तिराहा, भौली रोड, मनकी स्टैंड में सैकड़ों ई रिक्शा व डग्गामार वाहन सड़क के दोनों तरफ खड़े होने से बाजारी दिनों में लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं कुरारा भौली मार्ग में बाजारी दिनों में जाम लगने से घंटों लोग जाम में फंसे रहते हैं। जिससे आवागमन में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को जाम के चलते एक सरकारी एंबुलेंस घंटो फंसी रही। वहीं दुकानदारों ई रिक्शा व डग्गामार वाहनों को हटवाकर कड़ी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को निकाला। पार्किंग में डग्गामार वाहन खड़े न होने से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। कस्बे में नगर पंचायत द्वारा हाईवे के किनारे अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जो व्यापार मंडल पदाधिकारियों के विरोध के चलते नहीं हो सका।

### खाद को लेकर हंगामा, पुलिस ने किसानों को शांत कराया

**बिवांर (हमीरपुर)।** सहकारी समिति में एक ट्रक डीएपी खाद आने पर एकत्र किसानों की भीड़ लग गई। पहले खाद पाने की होड़ मच गई। किसानों के हंगामा मचाने पर पहुंची पुलिस ने लाइन लगाकर खाद का वितरण कराया। हंगामा मचा रहे किसानों को पुलिस ने शांत कराया। सहकारी समिति भवन में ही भुजपुर, रूरीपारा समितियां संचालित हैं। सचिव की तैनाती न होने पर यहां के सचिव उनका कार्यभार देख रहे हैं। जिसमें आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसानों को खाद दी जाती है। रूरीपारा समिति में एक ट्रक में 600 बोरी खाद आने पर जानकारी होने पर किसानों के भीड़ एकत्र हो गई। खाद खत्म होने के भय से किसान हंगामा करने लगे। इससे अफरा तफरी का माहौल होने से कर्मी परेशान हो गए। इसी को देखते कर्मियों को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने किसानों को शांत कर लाइन में खड़ा कराया। लाइन से खाद का वितरण किया गया। पुलिस ने शाम तक रहकर खाद की वितरित कराया। प्रभारी सचिव रामफल यादव ने बताया कि तीन ट्रक खाद की चेक लगी है। जिसमें एक ट्रक खाद आई है। दो ट्रक खाद आने पर किसानों में वितरित की जाएगी।

### तेज रफ्तार बाइकों में भिड़ंत, एक गंभीर घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के सरसेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इलाज को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर नाजुक हालत को देख नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव निवासी 28 वर्षीय संतोष पुत्र देशराज सरसेड़ा गांव जा रहा था। तभी सरसेड़ा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक से गिरकर सन्तोष गिरकर घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल संतोष का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली ने छात्र को मारी टक्कर, कानपुर रेफर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विद्यालय से छुट्टी होने के बाद पैदल घर जा रहे छात्र को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नाज़ुक हालत में सदर अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया है। छात्र के सिर एवं जांघ, कूल्हे में गंभीर चोटें लगी है। टेढ़ा गांव निवासी रामकिशोर वर्मा का पुत्र प्रांजल (10) स्कूल से छुट्टी के बाद पैदल घर लौट रहा था। टेढ़ा रैपुरा मार्ग में मिट्टी खाली करके लौट रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी और ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल हुए छात्र को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल से उसे कानपुर रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। छात्र गांव के प्राथमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम में कक्षा 5 का छात्र है।

### बैठक से नदारद एक्सईएन का एक दिन का वेतन काटा

**हमीरपुर।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जंस विभागों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने संबंधी कार्य में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता विद्युत का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार संबंधी वीएचएसएनडी सेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है। संबंधित केंद्रों पर निर्धारित समय में संचालित किया जाए। प्रत्येक माह पोषाहार वितरण समय से किया जाए। सीडीपीओ गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराएं। कहा लाल श्रेणी के बच्चों को पीले श्रेणी में तथा पीली श्रेणी के बच्चों को हरे श्रेणी में लाने का कार्य किया जाए।सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष निरंजन, पीडी साधना दीक्षित, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह, सीडीपीओ मौजूद रहे।

### ई रिक्शा को बचाने में ऑटो पलटा, छह लोग घायल

**हमीरपुर।** ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिससे वाहन सवार छह लोग घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिटी फारेस्ट तिराहा में ई रिक्शा डिवाइडर के कट से घुमा रहा था, तभी कुरारा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ई रिक्शा को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ऑटो सवार छह लोगों में से पांच को हल्की चौटें आई हैं। वहीं दिल्ली की रहने वाली सुनीता पत्नी बलबीर सिंह चौहान को गंभीर चोट आई हैं। महिला अपनी बहन सुमन के घर कदौरा थानाक्षेत्र खुटमिली गांव आई थी। यहां से वापस दिल्ली जाने के लिए हमीरपुर आ रहीं थीं। जिन्हे राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

# झगड़े में गर्भवती के पेट में मारी लात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पति की मारपीट से क्षुब्ध गर्भवती ने खाया जहर
- अजन्मे बच्चे की मौत, जहर खिलाने का आरोप

**अमृत विचार।** भाइयों के झगड़े में बीच बचाव करने पहुंची गर्भवती के पेट में लात लगने से एक सप्ताह से तड़प रही गर्भवती का बुधवार को पति से विवाद हो गया। इससे क्षुब्ध महिला ने जहर निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। गुरुवार को गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे की मौत हो गई। पिता ने पति पर मारपीट कर जहर खिलाने का आरोप लगाया है।

सुमेरपुर के शिवानी मोहल्ला निवासी मोहित सोनकर की कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी रामस्वरूप की बेटी कोमल से डेढ़ वर्ष पहले विवाह हुआ था। पति आए दिन नशे में पत्नी से मारपीट करता है। एक सप्ताह पूर्व भाइयों के झगड़े में बीचबचाव को पहुंची गर्भवती कोमल के पेट पर लात लग गई, जिससे वह हफ्ते भर दर्द से तड़पती रही। बुधवार शाम पति मोहित गालीगलौज व मारपीट पर आमाद हो गया। इससे आहत गर्भवती ने जहरी खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लाए जहां गुरुवार को उसके अजन्मे बच्चे की मौत हो गई। वहीं पति ने अपने को फंसता देख गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसका जिला अस्पताल में उपचार हो रहा है। उधर कोमल के पिता रामस्वरूप का आरोप है कि मोहित शराब का लती है। आए दिन नशे में उनकी बेटी के साथ मारपीट करता है। उसने कोमल को जहरीला पदार्थ खिलाने का भी आरोप लगाया है।

## हरिहर महाविद्यालय बना अध्ययन केंद्र

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की ओर से ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा को अध्ययन केंद्र बनाया गया है।

प्राचार्य डॉ.स्वामी प्रसाद ने बताया कि छात्र/छात्राओं को परामपरगत एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को पत्राचार माध्यम से अध्ययन की सुविधा देने की दृष्टि से राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति ने ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा को अध्ययन केंद्र बनाया है। प्राचार्य ने बताया कि जो छात्र/छात्राएं रोजगार से जुड़े रहने के साथ अध्ययन करना चाहते हैं वे प्रवेश ले सकतें हैं। उन छात्र/छात्राओं को भी यह सुविधा उपलब्ध होगी जो व्यक्तिगत रूप से बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी के साथ विभिन्न प्रमाण पत्र, पीजी डिप्लोमा आदि में प्रवेश के इच्छुक हैं। पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी महाविद्यालय से ले सकते हैं।

# अदालत में समय से प्रतिशपथ पत्र करें दाखिल: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



न्यायालयों से संबंधित बैठक लेते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बैठक में कहा न्यायालयों से संबंधित रिटों में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने में लापरवाही नहीं बरती जाए। कहा लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के न्यायालय से संबंधित प्रकरणों का अवलोकन कर समय से काउंटर एफिडेविट आदि दाखिल करें। साथ ही उसका फालोअप भी करें।

जिलाधिकारी ने कहा जवाब दाखिल करने से पूर्व रिटों का अच्छे ढंग से अवलोकन करें। कहा आईजीआरएस के प्रकरणों को गंभीरता से अवलोकन कर निस्तारण किया जाए। निस्तारण में किसी भी दशा में असंतुष्ट फीडबैक न रहे। कहा कि जनपद में खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू ढंग से संपादित किया जाए। सड़कों पर किसी भी दशा में अन्ना पशु नहीं दिखना चाहिए।

सभी अन्ना पशुओं को गौआश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए तथा खाली पड़ी भूमि पर चारागाहों का विकास किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक समस्त एसडीएम तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** श्रीराम-कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में टैबलेट वितरण, छात्र-छात्राओं से कॅरियर संवारने में उपयोग करने का आह्वान

# 80 छात्र-छात्राओं को बांटे गए टैबलेट, खिले चेहरे

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में श्रीराम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने 80 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को शासन की इस योजना का लाभ लेकर अपना भविष्य सुधारना चाहिए। इससे रोजगार के असीमित साधन मिल सकते हैं। टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरों में खुशी नजर आई।

कस्बे के श्रीराम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में गुरुवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर रहीं। जिन्होंने 80 छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना टैबलेट वितरण के तहत टेबलेट वितरित किए।



रामकृष्ण महाविद्यालय में टेबलेट बांटती चेयरमैन आशारानी कबीर। अमृत विचार

टैबलेट मिलते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे में मुस्कान नजर आई। कार्यक्रम में प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव, कृष्ण शरण श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य आरपी भारती, अरविंद श्रीवास्तव, सोनू कबीर आदि मौजूद रहे। उधक सुमेरपुर कस्बे में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 57 छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत टेबलेट वितरण किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अपने भविष्य को संवारने में करना चाहिए। इस मौके पर संस्थान के कार्यदेशक भानु प्रताप सिंह, उपेश चंद्र शर्मा, अम्बरीश कुमार शुक्ला, रणवीर सिंह, स्वाति साहू आदि मौजूद रहे।



नगर पंचायत चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे को धनराशि सौंपते छात्र। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने झुलसे लोगों को दिए 11 हजार रुपये

**सुमेरपुर।** कस्बे के केपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जेब खर्च के रुपये एकत्र कर 11 हजार की धनराशि नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपी। यह राशि कस्बे में गैस सिलेंडर से झुलसे लोगों के उपचार में खर्च होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने धनराशि पीड़ित परिवारों को दी है। 10 अक्टूबर को नवरात्र पर कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय सिलेंडर के पिन का लॉक टूटने से आग में 11 लोग झुलसे थे। छह लोगों को कानपुर से लखनऊ के केजीएमयू भेजा गया था, जहां 15 अक्टूबर को राजाराम प्रजापति ने दम तोड़ दिया था। 16 अक्टूबर को सुनील प्रजापति की मौत हो गई थी। 19 अक्टूबर को दुर्गेश प्रजापति की मौत हो गई थी। इन मौतों के पीछे इलाज में आर्थिक तंगी मुख्य वजह बताई गई थी।

## नाबालिग को भगा ले जाने में रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** कस्बे से एक किशोरी को पड़ोसी युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे की महिला ने बताया कि पड़ोसी युवक छोटू उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

### बस्ती के बीच घनी आबादी में बनी तलैया से गंदगी हटाने की मांग

सुमेरपुर। कस्बे के मध्य घनी आबादी के मध्य तलैया में गंदगी फेंके जाने की शिकायत एक युवक ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की है। वार्ड संख्या सात चांद थोक निवासी कमल सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि सैकड़ों वर्ष पुरानी तलैया घनी आबादी के मध्य है। इसमें लोग गोबर, कूड़ा, करकट आदि गंदगी फेंक रहे हैं। जिससे संक्रामक बीमारियों के साथ मच्छरों का जन्म हो रहा है और बदबू से लोग परेशान होते हैं। शिकायतकर्ता ने डीएम से आबादी के मध्य बनी इस तलैया कि गंदगी को साफ कराकर इसके सुंदरीकरण की मांग की है।

# बंदरों से हो रही दिक्कतों का होगा समाधान

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस पर जिला प्रभारी मंत्री ने किसानों को किया आश्वस्त

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुए किसान दिवस में उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि नीलगायों और बंदरों की दिक्कत का समाधान किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसानों की पशु, वन, विद्युत, कृषि, गोवंश, खाद और बीज की समस्याओं का संबंधित अधिकारी तत्काल निदान कराएं। उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से अपील की कि वे इनका लाभ उठाएं और आय दोगुनी करें। उन्होंने कहा कि वह गरीब मजदूर के बेटे हैं और उनको पता है कि गरीबी क्या होती है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने बैठक में किसानों की समस्याएं बताईं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि किसानों की समस्याओं का संबंधित विभागों से निस्तारण कराया जाएगा। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया।

**सचिवों को दिए नियुक्ति पत्र:** जिला प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज विभाग के नव चयनित सात ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2017-18 में शुरू हुई थी।



किसानों की समस्याओं को सुनते जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल। अमृत विचार



स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल।

### मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

राज्यमंत्री ने शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी में थाना पुलिस के तत्वावधान में मिशन शक्ति की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि गुंडाराज पूरी तरह से खत्म होने की सीमा पर है। 2017 के पहले की अराजकता समाप्त हुई है। सीडीओ अमृतपाल कौर ने महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। सीओ निष्ठा उपाध्याय ने छात्राओं से कहा कोई भी परेशानी हो तो माता-पिता या शिक्षक को अवश्य बताएं। प्रभारी मंत्री ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम शांति, द्वितीय आकांक्षा एवं तृतीय चांदनी देवी को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी ने आभार जताया।

### मंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्यस्तरीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। 16 मंडलों से आईं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड दी।

## आकांक्षा बनीं गरबा क्वीन, मनीषा नृत्य में अव्वल

**चित्रकूट।** शहर के एक रिजॉर्ट में गुरुवार को गरबा और डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकांक्षा पांडेय को गरबा क्वीन का खिताब मिला। बेस्ट डांसिंग अवार्ड मनीषा अग्रवाल को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती से हुई। दिल्ली से आए एंकर लक्ष्मी ने कार्यक्रम को रोचक ढंग से आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रियदर्शनी उर्फ प्रिया अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, छवि अग्रवाल, माधवी पांडेय, अंकित अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, आरती अग्रवाल, श्वेता केशरवानी, और ज्योति अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। रैंप वॉक में आयुषी गुप्ता प्रथम, पूनम पटेल द्वितीय और माधवी पांडेय तृतीय रहीं। पंखुड़ी अग्रवाल, आदित्य, हार्दिक अग्रवाल, देवांग, श्रेया, मनुश्री, दिव्यांशी, रुद्रांश और आराध्या पांडेय आदि मौजूद रहे।



प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते प्रेस क्लब ऑफ यूपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रेस क्लब ऑफ यूपी की जिला इकाई ने गुरुवार को जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) को पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं।

अनुज ने बताया कि ज्ञापन में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की स्वास्थ्य सेवा के लिए कैशलेश कार्ड, आवासीय सुविधा, पत्रकारों की स्मृति में चौराहे का निर्माण, प्रेस कांफ्रेंस के लिए भवन का आवंटन, आवासीय कालोनी का निर्माण आदि मांगें हैं। पत्रकारों ने मंत्री से सूचना विभाग के कार्यालय का निर्माण तेजी से कराने, दिवगंत पत्रकारों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की भी मांग की। गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर प्रेस क्लब आफ यूपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर मिश्र, जिला सचिव अवध बिहारी मौर्य, जिला मंत्री प्रशांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अब पेड़ों की कटान को लेकर सीआईसी चर्चा में

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** महाविद्यालय के बाद अब चित्रकूट इंटर कालेज पेड़ों की कटान को लेकर चर्चा में हैं। गुरुवार को यहां परिसर में लगे पेड़ काटे गए। हालांकि इस संबंध में जब प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान से बात की गई तो उनका कहना था कि उनको यह जानकारी नहीं है कि पेड़ कटवाने से पहले अनुमति ली जाती है।

सदर तहसील मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित चित्रकूट इंटर कालेज परिसर में कीमती पेड़ लगे हैं। गुरुवार को यहां कई पेड़ काटे जाने लगे। जानकारी के मुताबिक, सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार मंगल यादव और वन विभाग के कर्मचारियों ने पेड़ों की कटान रुकवाई। प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि मुझे नहीं पता कि पेड़ों को कटाने के लिए भी परमीशन लेनी पड़ती है। नायब तहसीलदार ने बताया कि वह एसडीएम के निर्देश पर मौके पर गए थे। परमीशन न दिखा पाने की वजह से काम रुकवा दिया गया है। बताया कि जानकारी के मुताबिक, वहां लैब बनवाई जानी है।



वाहन में लदीं पेड़ों की टहनियां।

## कान्हा गौशाला का किया मुआयना

**चित्रकूट।** प्रभारी मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने गाय का माल्यार्पण कर गुड़ भी खिलाया। इस दौरान ईओ लालजी यादव ने बताया कि इस गौशाला में 595 गोवंश संरक्षित हैं। प्रभारी मंत्री ने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि बीच-बीच में गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराते रहें। कोई भी गोवंश बीमार नहीं होना चाहिए तथा अच्छी तरह से भरण पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक और पत्रकार के बीच विवाद का हुआ पटाक्षेप

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

● बीईओ रामनगर ने की मध्यस्थता, सुलझाया मामला

**अमृत विचार।** लगभग 18 माह से पत्रकार और शिक्षक के विवाद का आखिरकार निपटारा हो गया। खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने मध्यस्थता कर विवाद निपटा दिया।

गौरतलब है कि मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत मनका के प्राथमिक विद्यालय मनका द्वितीय के प्रधानाध्यापक संजीव केशरवानी व पत्रकार अजय शुक्ला के बीच लगभग 18 माह से विवाद चला आ रहा था। जांच अधिकारी के रूप में पहुंचे बीईओ ने पूरे विवाद का पटाक्षेप करा दिया। तत्कालीन बेसिक शिक्षाधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। इस पर खंड शिक्षाधिकारी मऊ केडी पांडेय मामले को सुलझाने के लिए कई बार विद्यालय पहुंचे लेकिन प्रकरण सुलझने के बजाए और उलझता गया। अंततः एक बार फिर से जांच के लिए बीईओ रामनगर को जिम्मेदारी दी गई। बताया जाता है कि 30 जनवरी 2023 को पत्रकार अजय शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय मनका द्वितीय के प्रधानाध्यापक संजीव केशरवानी पर देर से विद्यालय आने के आरोप लगाते हुए उच्चधिकारियों से जांच की मांग की थी। इस पर अपने बचाव में प्रधानाध्यापक संजीव केशरवानी ने पत्रकार पर पैसे मांगने का आरोप लगा दिया था। जांच अधिकारी एनपी सिंह ने दोनों लोगों को आमने सामने बैठाया तो भ्रम की स्थिति दूर हुई।

## युवक की सड़क हादसे में चली गई जान

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

● रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत छीबों का था निवासी अतर्रा में हुई सड़क दुर्घटना

**अमृत विचार।** रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत छीबों के एक युवक की अतर्रा में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, मातम छा गया।



सुलभ।

छीबों निवासी संतोष दुबे का बीस वर्षीय पुत्र सुलभ अतर्रा डिग्री कालेज में बीएससी कृषि से पंचम सेमेस्टर का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, वह बुधवार को ही घर से अतर्रा गया था और कहा था कि दीपावली के अवकाश में वह घर आएगा। देर रात अतर्रा थाने से परिजनों को फोन पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। बदहवास परिजन जब अतर्रा पहुंचे तो वहां सुलभ का शव देख बिलख पड़े। परिजनों को बताया गया कि सुलभ दुबे रात में दो दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी में बाइक से कमरे से निकला था। आशंका है कि लौटते समय इनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई होगी। दोनों दोस्त भी घायल हुए हैं। हालांकि पुलिस ने जांच करने के बाद ही किसी निष्कर्ष की बात कही है। शव घर पहुंचा तो बड़ा भाई सौरभ, मां किरण देवी बेहोश हो गए। चचेरे भाई पंकज दुबे ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। सुलभ बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर का छात्र था।



युवक की मौत से बदहवास परिजन। अमृत विचार

## भागवत का समापन, हुआ भव्य भंडारा...





पहले दिन कथा के पूर्व निकली शोभायात्रा में कथावाचक के साथ दिवंगत पुजारी रामऔतार। (फाइल फोटो)

**चित्रकूट।** चकमाली कपसेठी में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हो गया। इस कथा का सबसे यादगार और संवेदनशील पहलू यह रहा कि जिन हनुमान मंदिर के पुजारी रामऔतार ने यह कथा शुरू कराई थी, उनकी ही कथा शुरू होने के दो दिन बाद मृत्यु हो गई। कथावाचक गणेश महाराज ने लोगों को अपनी कथा से भावविभोर किया। गुरुवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कथा और भंडारे के आयोजन का जिम्मा प्रकाश चंद्र केशरवानी, संयोजन का जिम्मा समाजसेविका संजुला पांडेय ने उठाया। ● अमृत विचार

## बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने में दो भाई गिरफ्तार

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

● 1 भाई पहले ही पकड़ा जा चुका, जेवर बरामद

**अमृत विचार।** बहन के जेवर न देकर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। एक को पहले ही पकड़ा जा चुका है।

गौरतलब है कि 16 अगस्त को नागर गांव के संतराम यादव ने बहन विद्या रानी के ससुरालीजनों पर जहर खिलाकर हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया था कि विद्या के पति की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उसे मुआवजे के रूप में पांच लाख रुपये मिले थे। इस धनराशि को मृतका के भाई संतराम, पप्पू और मुन्ना पुत्रगण श्याम यादव लेना चाहते थे। विवेचना में आया कि विद्या के जेवर उसके भाइयों ने अपने पास रख लिए थे और ये लोग उसे जेवर नहीं दे रहे थे। पुलिस के अनुसार, विद्या वहां से दुखी होकर यह कहते हुए कि जेवर नहीं दोगे तो जहर खाकर मर जाएंगे, ससुराल आ गई। 26 जून को उसने जहरीली दवा खा ली और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के दोनों बेटों के बयान के आधार पर ससुराल पक्ष के आरोपियों की नामजदगी गलत करते हुए विद्या के तीनों भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने बीते दिन आरोपी संतराम को गिरफ्तार किया था। गुरुवार को एसआई रामअधार सिंह ने अन्य दोनों भाइयों पप्पू यादव और मुन्ना यादव को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पुलिस ने बहन के जेवर भी बरामद किए। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी कमलाकांत द्विवेदी और आरक्षी लोकेंद्र शामिल रहे।

## अविनाश बने पर्यटन स्थायी समिति के सदस्य

**मऊ (चित्रकूट)।** मानिकपुर से अपना दल विधायक अविनाश चंद द्विवेदी को प्रदेश सरकार ने पर्यटन स्थायी समिति व नियोजन स्थायी समिति का सदस्य बनाया है। अविनाश ने बताया कि वह समिति के माध्यम से जिले में पर्यटन स्थानों के विकास के लिए सुझाव देंगे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से सरकार ने लालापुर में श्री वाल्मीकि आश्रम एवं तुलसी जलप्रपात आदि का विकास किया है। जिले में कई ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्थल हैं, जिनके तेजी से विकास के लिए एवं प्राचीन ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए हर संभव वह प्रयास करेंगे। समिति का सदस्य बनाए जाने पर वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू बरहा, विष्णु देव त्रिपाठी, जयभारत द्विवेदी, नरेंद्र खरे, विकास द्विवेदी, राजू अग्रहरि, पूर्व प्रधान खपटिहा दिलीप द्विवेदी, छात्र नेता अंकित आदि ने हर्ष जताया।

## सार-संक्षेप



गल्ला मंडी का मुआयना करते अधिकारी।

### अफसरों ने गल्ला मंडी का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी पूजा साहू एवं क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल के साथ दीपावली में लगने वाली पटाखे की दुकानों के संभावित स्थल के मद्देनजर गल्ला मंडी का मुआयना किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से बात की और मेले के दौरान किसी प्रकार की घटना होने पर तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



पदोन्नत पुलिसकर्मी को स्टार लगाते एसपी अरुण कुमार सिंह।

### प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को थाना बहिलपुरवा परिसर में इंटरलाकिंग काम एवं प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया। इस दौरान एसपी ने मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक बने अरविंद कुमार को स्टार लगाया। ग्रामीणों ने स्मृति चिह्न भेंट किया। एसपी ने कर्मचारियों की समस्याएं पूछीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निदान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीओ राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, थानाध्यक्ष राम सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

### पशुपालकों को दी रोगों से बचाव की जानकारी

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत खजुरिहा कला में गुरुवार को एक दिवसीय दीनदयाल आरोग्य पशु मेले का आयोजन किया गया। इसमें पशु चिकित्साधिकारी डा. नरेंद्र ओझा ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी और बचाव व सावधानी के प्रति आगाह किया। इस दौरान दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान खजुरिहा कला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**चित्रकूट।** जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सिद्धपुर के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं बताईं। जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी ने प्रभारी मंत्री का आभार जताया। प्रभारी मंत्री ने दस किसानों को चने की किट दी। लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण किया। इस दौरान अन्नप्राशन एवं गोदभराई की गई।

हाल | सड़क पर उड़ती धूल बनी मुसीबत का सबब

# बवाले जान बनता जा रहा है अधूरा राष्ट्रीय राजमार्ग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के विकास के लिए बनने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अब मुसीबत पैदा कर रहा है। ठेकेदार ने आधी अधूरी सड़कें बनवाकर छोड़ दी हैं। अब धूल दुकानों के अंदर जा रही है। इससे दुकानें गंदगी से पट रही हैं। छात्र-छात्राओं को स्कूल-कालेज जाने में दिक्कत हो रही है।

लंबे समय से यह राजमार्ग अधूरा पड़ा है। व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी रास्ते से राजकीय बालिका इंटर कालेज व कंपोजिट विद्यालय जाने वाले बच्चे आतेजाते हैं। यह दिक्कत देवी जी मंदिर तिराहे से लेकर रैपुरा तिराहे तक है। इसके अलावा आधे अधूरे नालों से बदबू आने से भी जीना दूभर हो रहा है। नाले संक्रामक रोगों को न्यौता दे रहे हैं। संजय जायसवाल, गुड्डा जायसवाल, गिरजाशंकर, आलोक गुप्ता, उमेश गुप्ता, राजेश केशरवानी, उर्गेश विश्वकर्मा आदि ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।



यह हाल है अधूरी सड़क का। अमृत विचार



साफ-सफाई के अभाव सड़क किनारे तक भरा पानी। अमृत विचार

### गिट्टियों से जख्मी होते हैं लोग



समाजसेवी अमित उर्फ दीपू मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं और भारी वाहनों का संचालन होने से दुर्घटना हो सकती है। देवीजी मंदिर तिराहे के पास गड्ढों से ट्रकों के टायर से छिटकी गिट्टियां राहगीरों को चोटिल करती हैं।

### किसी को नहीं है चिंता



पूर्व सभासद राकेश नामदेव ने कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जानकारी है। रोजाना ये लोग इसी मार्ग से होकर आतेजाते हैं पर किसी को चिंता नहीं। बच्चे भी इसी रास्ते से होकर निकलते हैं। कभी भी हादसा हो सकता है।

### कई बार लिखा विभाग को पत्र



नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को कई बार पत्र लिखा है। अधूरे नाले तथा शोपीस बनी स्ट्रीट लाइट भी दिक्कत का सबब हैं। ठेकेदार से बात की पर असर नहीं पड़ा। सिद्धाश्रम सेंधना बाबा से बाईपास रोड कर्वी तिराहे से मिला दी जाए तो समाधान हो सकता है।

### ठप हो रही दुकानदारी



पूर्व सभासद और नगर उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा ने रोष जताया। कहा कि नगर पंचायत का विकास नहीं बल्कि दुकानों का विनाश हो रहा है। पूरी तरह से व्यापार ठप्प हो जाने से दुकानदार भुखमरी की कगार पर है। इसके पीछे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की अदूरदर्शिता है।

# जीएसटी टीम की छापेमारी से हड़कंप

## ज्वैलर्स, बर्तन भंडार व गेस्टहाउस में की छापेमारी, खंगाले दस्तावेज, लगाया जुर्माना

संवाददाता उरई जालौन



ज्वैलर्स की दुकान में छापेमारी के दौरान मौजूद अधिकारी व पुलिसकर्मी। अमृत विचार



छापे के दौरान खड़ा दुकानदार।

**अमृत विचार।** जीएसटी झांसी की टीम ने उरई व जालौन नगर में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान शहर के बड़े सराफा व्यापारी के यहां पर छापेमारी की तो, वहीं जालौन में बर्तन भंडार, ज्वैलर्स के साथ उत्सव गृह पर चेकिंग की। जालौन में चेकिंग के दौरान गड़बड़ी मिलने पर 9 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है तथा उपलब्ध रिकार्ड को सीजकर दिया गया है। इन कागजों की जांच पड़ताल टीम करेगी।

जालौन नगर में जीएसटी की हो रही चोरी की मिल रही सूचना पर असिस्टेंट कमिश्नर झांसी विपिन सोनकर के नेतृत्व में टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने बंसल बर्तन भंडार में बिल खंगाले व बिक्री को देखा। मौके पर बिक्री के दौरान पक्का बिल न देने पर नाराजगी भी जतायी। कच्चे व पक्के बिल के नाम पर हो रही चोरी पकड़े जाने पर 4 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद इनके ही व्यापारिक प्रतिष्ठान दाउ गार्डन के बिल देखे गये। टीमा को गेस्ट हाउस में भी बिलों में गड़बड़ी मिली। गड़बड़ी मिलने पर गेस्ट हाउस पर 2 लाख का जुर्माना लगाया गया है। टीम ने झंडा चौराहा स्थिति पंकज ज्वैलर्स के यहां चेकिंग की चेकिंग दौरान यहां भी कच्चे पक्के बिल के नाम पर चल रहा खेल पकड़ा गया। जीएसटी की चोरी करने के मामले में टीम ने उनपर 3 लाख का जुर्माना लगाया। टीम ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पिछले रिकार्ड भी खंगाले तथा गड़बड़ी मिलने पर रिकार्ड को सुरक्षित कर लिया है, जिसकी जीएसटी की टीम बिंदुवार जांच करेगी।

इस मौके पर संदीप कुमार, तेज प्रताप सिंह, स्मिता केसरवानी, अशित मिश्रा व एमपी सिंह सम्मलित रहे। वही उरई में झांसी से आई जीएसटी टीम में ज्वाइंट कमिश्नर मनीष श्रीवास्तव, डिप्टी कमिश्नर पुनीत अग्निहोत्री तथा असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी महेंद्र प्रताप सिंह के साथ 9 टीम के 20 अधिकारियों ने जिले के नामचीन ज्वेलर्स के यहां अलग-अलग छापेमारी की। टीम ने उरई के प्रसिद्ध श्री सुदर्शन और वेंकटेश ज्वैलर्स तथा इन्हीं की एक अन्य ज्वैलरी फर्म पर छापा मारा और दस्तावेजों को खंगाला और लेनदेन के सभी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। छापामारी के दौरान अधिकारियों ने न किसी को अंदर से बाहर जाने दिया और न ही बाहर का कोई भी व्यक्ति अंदर गया। दोपहर से शुरू हुई छापामार कार्रवाई में अधिकारी देर शाम तक प्रतिष्ठानों में दस्तावेजों की जांच पड़ताल में जुटे रहे। खबर लिखे जाने तक कार्रवावाई चल रही थी।

# पत्नी ने पति पर लगाया पुत्री के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

- एसपी को प्रार्थना पत्र देकर की शिकायत

**उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने पति पर पुत्री के साथ दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया, जिसमें उसने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ गुजरात में रहकर मजदूरी कर भरण पोषण करती थी। आरोप है कि एक दिन वह काम पर गई थी, तभी उसके पति ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने मारपीट कि उसके बाद से वह परिवार सहित अपने गांव आ गई थी। बताया कि बीते दिन 19 अक्टूबर को वह अपने मायके चली गई और पुत्री घर पर थी। तभी पति ने उसे नीद की गोलियां देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो परिवार के अन्य लोग मौके पर आ गए और उसकी पुत्री को उसके मामा के घर छोड़ आए। घटना से गुस्साय सभी लोग उसे साथ लेकर चुर्खी कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी दी। महिला ने एसपी से मांग की कि आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कि जाए। फिलहाल एसपी ने घटना की जांच पड़ताल करवाकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## बेटे को ढूंढने की पुलिस से लगाई गुहार

**कोंच।** एट थाना क्षेत्र के पिरौना निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र सुरेंद्र पाल ने पुलिस को पत्र देते हुए बताया कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार दो दिनों से लापता हो गया है 21 अक्टूबर को घर से चला गया उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला सभी रिश्तेदारों और नातेदारों के यहां सम्पर्क भी कर लिया लेकिन अभी तक पुत्र की कोई सूचना नहीं मिली। वहीं थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने सूचना को पंजिकृत करके जांच शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप



शिविर में जानकारी देते अथिति। अमृत विचार

### आयुष आपके द्वार : शिविर में 247 रोगियों का हुआ उपचार

**कालपी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व डॉ सतेंद्र पटेल क्षेत्रीय आयुर्वेद व यूनानी अधिकारी के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कालपी के तत्वावधान में एक शिविर का आयोजन किया गया। नवम आयुर्वेद दिवस उत्सव – 2024 के अंतर्गत आयुर्वेद नवाचार एवं आयुष आपके द्वार के तहत आयोजित शिविर में 247 मरीजों का उपचार किया गया। नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा हनुमान जी मंदिर के परिसर में आयोजित शिविर का आरम्भ धनवंतरी पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ। शिविर में महिला स्वास्थ्य पर जन जागरूकता व्याख्यान चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूर्णिमा चटर्जी द्वारा किया गया। शिविर में 247 रोगियों का परीक्षण डॉक्टर पूर्णिमा द्वारा किया गया। शिविर में दशरथ सचान फार्मासिस्ट द्वारा औषधि दी गईं।

### धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**कुसमिलिया।** डकोर थाना क्षेत्र के जैसारी कला गांव में दबंग जीजा व साले किसी बात को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति के घर में घुस गए। दोनों ने कुल्हाड़ी के दम पर परिवार के लोगों संग अभद्रता की, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। डकोर क्षेत्र के जैसारी कला गांव निवासी नरसिंह ने डकोर पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके घर में बुधवार की देर शाम गांव के ही जीतेन्द्र व उसका साला पूरन निवासी बरौली जिला हमीरपुर कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आए। परिवार के लोगों संग अभद्रता करने लगे, और जान से मारने की धमकी देने लगे, शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और बीच बचाव कराया। दबंगों द्वारा अभद्रता और धमकाने का वीडियो भी सोशल मीडिया वायरल है हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### ग्रामीणों को बताईं शासन की योजनाएं

**कालपी।** ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवी कार्यो में जुटी संस्था नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन आफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल ( एन.सी.पी.ई.डी.पी. ) के तत्वावधान में ग्राम पंचायत जयरामपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दिव्यांगों के हितों के लिए सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। जयरामपुर ग्राम में आयोजित शिविर में संस्था के फेलो जावेद खान ने बताया कि उनके द्वारा ग्रामीण स्तर पर दिव्यांगजन को आजीविका जुटाने के लिए विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि अभी तक उन्होंने फेलोशिप में जो फाइंडिंग निकाल कर आई थी। उन सबको लेकर उन्होंने क्षेत्रीय सांसद, विधायक और संबंधित अधिकारियों के साथ बातचीत की तथा पत्र सौंप कर अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा,जिससे जुड़कर दिव्यांगजन रोजगार व स्वरोजगार कर सकते हैं। कार्यक्रम में मनोज कुमार ,राम सिंह, शैलेंद्र, रामाधीन,जीतू ,रामहेत, दिनेश,संतोष, जितेंद्र कुमार, आदि शामिल हुए।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**फतेहपुर।** जहानाबाद के निवासी नसीम उर्फ लल्लू पठान कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। बुधवार की देर रात उन्होंने धारदार हथियार से अपने गले में वार कर मौत को गले लगा लिया। परिजन उपचार के लिए उनको एक निजी चिकित्सालय ले गये, जहां से उपचार कराने के बाद गुरुवार की भोर उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उनका शव करीब के ही कब्रिस्तान में दफन कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि इंचार्ज को जांच के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं मृतक का बेटा मोसिम खान द्वारा तहरीर दी गई है। बताया है कि पिता नसीम उर्फ लल्लू काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके शरीर में कई जगह कीड़े पड़ गए थे। पैसों के तंगी होने के कारण सही से इलाज नहीं हो पा रहा था। जिस कारण काफी तनाव में रहते थे इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है।

### 149 लोगों की जांची गई सेहत

**फतेहपुर।** स्वास्थ्य विभाग, एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर और आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी राहल मिश्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अतुल श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत अरविंद पटेल और सीडीपीओ कन्हैया लाल के सहयोग से हेल्थ शिविरों और आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 61 लोगों की शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जबकि 149 लोगों की सामान्य बीमारियों की जांच की गई। विशेष ध्यान गर्भवती महिलाओं पर दिया गया। 11 एनीमिया, नौ की मलेरिया और नौ की टाइफाइड की जांच गई। जिससे उनकी स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ ही 11 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। आंगनबाड़ी द्वारा 49 लोगों को पोषण परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में डा. मुकेश शर्मा, डा. विपिन, सीएचओ दिगम्बर, चीफ फामसिस्ट आदर्श, एएनएम लक्ष्मी, एलटी विशाल शर्मा, बृजेश कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान विद्या देवी, ग्राम पंचायत सहायक सत्यम पटेल और पिरामल फाउंडेशन की टीम आदि ने अहम योगदान दिया। जिससे ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सका।

### चलती वैन में लगी आग, हादसा टला

**जहानाबाद।** जहानाबाद कस्बे में गुरुवार को एक वैन में अचानक आग लग गई, जिसके बाद कार धू-धू कर जलने लगी। कार में शार्ट–सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना के दौरान कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना गुरुवार दोपहर की है जब जहानाबाद के मुगल रोड हाईवे स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप से गैस भरवाकर वैन निकली ही थी कि अचानक उसमें आग लग गई। कार में अचानक से आग लगने के बाद चालक ने तेजी से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वैन से ऊंची लपटें और काले धुएं के गुबार उठने लगे। कार पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर वाहनों की आवाजाही को रोक दिया। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। गनीमत रही कि कार में कोई यात्री नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।



क्रॉप कटिंग का सर्वे करतीं एसडीएम ज्योति सिंह। अमृत विचार

## ज्वार की फसल का किया क्रॉप कटिंग सर्वे

**कोंच (जालौन)।** एसडीएम ने ज्वार की फसल की पैदावार जांचने के लिए खेतों में जाकर क्रॉप कटिंग सर्वे करवाया जिसमें एक डिसमिल में 13 किलो 540 ग्राम ज्वार पाई गई।

एसडीएम ज्योति सिंह बुधवार को विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम गिदबासा पहुंचीं, जहां उन्होंने किसानों से बात कर उनकी समस्याएं जानी और उनका निराकरण मौके पर किया। इस दौरान उन्होंने ज्वार की फसल की पैदावार के बारे में जाना और गांव के किसान के खेत में जाकर एक डिसमिल भूमि में ज्वार की फसल कटवाई, फिर उसकी माप की इस दौरान 13 किलो 540 ग्राम ज्वार प्राप्त हुई, जिससे उम्मीद लगाई जा सकती है कि इस वर्ष ज्वार की फसल से किसानों को लाभ होगा क्रॉप कटिंग सर्वे से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि एक बीघा भूमि में साढ़े 5 से 6 कुंटल तक ज्वार की पैदावार हो सकती है। यह जानकर किसान खुश दिखाई दिये।

## एसडीएम ने बिना खनिज प्रपत्र के 4 ट्रकों को किया सीज

**कालपी औरैया।** अभी तहसील क्षेत्र में बालू घाटो का संचालन शुरू नहीं हुआ है ज्यादातर ट्रकों में भण्डारण और गैरजनपद से बालू लाई जा रही है। इसी के चलते अधिकारी आकस्मिक अभियान चलाकर कार्रवाई करते रहते हैं और इसी कड़ी में बुधवार रात एसडीएम सुशील कुमार सिंह व सी ओ अवधेश कुमार सिंह ने कदौरा क्षेत्र में आकस्मिक छापेमारी की, जिसमे उन्हे 4 ट्रक बगैर खनिज प्रपत्र के बालू का परिवहन करते मिले थे, जिन्हे उन्होंने कदौरा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं देररात एस डी एम के द्वारा की गई कार्रवाई से बालू का अवैध परिवहन करने वाले सकते मे आ गए हैं।

# विकास कार्यों का मांगा प्रस्ताव

संवाददाता कुसमिलिया



बैठक को संबोधित करके अतिथि। अमृत विचार

- 50 लाख से डकोर ब्लॉक के गांवों का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार।** डकोर विकासखंड कार्यालय में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुये ब्लाक प्रमुख नेहा यादव ने कहा कि 50 लाख रुपये की धनराशि से गांव के सभी विकास कार्य करवाए जाएंगे । उन्होंने कहा कि सभी प्रधानों और बीडीसी अपने ग्राम पंचायत में होने वाले कच्चे पक्के विकास कार्यों का प्रस्ताव दें ।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीडीओ रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि नरेगा योजना से ग्राम पंचायत का संपूर्ण विकास होग़ा। पशुपालक अपने को मवेशियों अन्ना छोड़ने के पहले सचिव और प्रधान को अवगत करायें, जिससे उन्हें गाड़ी द्वारा गौशालाओं में भेजा जाए। सभी प्रधानों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत बने खेल मैदानों को कब्जा मुक्त करवाएं। जो आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर हो गए हैं उनका कायाकल्प कराया जाएगा बैठक के दौरान क्षेत्र के ग्राम पंचायत में 50 लाख रुपये से विकास कार्य कराने पर आपसी सहमति बनी।

वहीं बैठक में जिला पंचायत सदस्यों और प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आवाज उठाई कि कई गांवो में नमामि गंगे के तहत बिछाई जा रही पाईप लाइन से सड़के ध्वस्त हो चुकी हैं, जिसके ग्रामीणों को जाने आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं ।

इस मौके पर एडीओ बलवीर सिंह सेंगर, जल निगम जई संगम देवी, जई बिजय बहादुर,पशु चिकित्सा अधिकारी नितिन गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य कैलाश राजपूत, मनोज याज्ञक अर्चना यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेजपाल, छत्रपाल यादव,प्रधान सोनू यादव, ओंकार पाल, कृष्ण कुमार राजपूत, संजय यादव,महेंद्र, बीडीसी अनिल यादव, शरद , मनोज, विनीत आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग महिला से भाजपा नेता ने की मारपीट

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में दिव्यांग महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता जब अपने बेटे के साथ न्याय की गुहार लगाने थाने पहुंची, तो पुलिस ने उल्टा उसके बेटे को ही हिरासत में ले लिया। महिला ने अब एसपी से मिलकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बिंदकी के जहानपुर की रहने वाली गोमती देवी दोनों हाथों से विकलांग हैं, उसने पुलिस अधीक्षक को की गई शिकायत में बताया कि 23 अक्टूबर की रात मोहल्ले के सभासद और भाजपा नेता ने बिना वजह उनके घर के सामने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब गोमती ने विरोध किया तो सभासद ने उनके साथ मारपीट कर दी।

# दबंगों ने युवक को पीट पीट कर मार डाला

संवाददाता फतेहपुर

- हैंडपंप में बर्तन धोने से मना करने पर हुआ विवाद
- मामला खागा कोतवाली क्षेत्र के खैरई गांव का

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली क्षेत्र के खैरई गांव में सरकारी हैंडपंप पर बर्तन धोने से मना करने पर 25 वर्षीय न्यायत उल्ला की पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। जब युवक का भाई बीच बचाव करने पहुंचा तो दबंगों ने उसे भी पीट-पीटकर घायल कर दिया। हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

गुरुवार सुबह करीब नौ बजे न्यायत उल्ला अपने घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप पर पड़ोसी को बर्तन धोते देख मना कर रहा था। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और पड़ोसी छेद्दू, इस्तियाक, दिलशाद, नौशाद, सद्दाम, जकाकू और सावरीन ने मिलकर लाठी-डंडों से न्यायत पर हमला कर दिया। परिवार के सामने ही उसे बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया।

मृतक की मां ने बताया कि न्यायत उनका सबसे छोटा बेटा था। मृतक के पिता जावेद उल्ला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि हैंडपंप पर बर्तन धोने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## महिला शिक्षिका से बाइक सवारों ने की चेन स्नेचिंग

**फतेहपुर।** शहर के आरके पुरम कलक्टरगंज मोहल्ले में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला शिक्षिका से चेन लूट की। पीड़िता सीमा सिंह एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका हैं, सब्जी खरीदने के लिए पास की दुकान पर गई थीं। जब वह सब्जी लेकर घर लौट रही थीं, तभी दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन तोड़कर भाग गए। शिक्षिका के चीखने पर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। मौके पर पहुंची ने स्थानीय सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस ने आस-पास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी है। सीमा सिंह ने बताया कि जब वह गली में थीं, तभी एक सफेद रंग की अपाचे बाइक पर दो लोग आए। एक बदमाश ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि दूसरे ने अपने चेहरे को ढका हुआ था।

# अब क्षय रोगियों को मिलेगी 1 हजार की मदद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पोषण आहार के लिए टीबी रोगियों को अब तक मिलते थे 500 रुपये

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय रोगियों को दिए जाने वाली पोषण सहायता में वृद्धि कर दी गई है। क्षय रोगियों के पोषण स्तर को सुधारने के लिए शासन ने निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली धनराशि को दोगुना करने का फैसला किया है।

मरीजों को उपचार के साथ पौष्टिक आहार के लिए विभाग अब 1 नवंबर के बाद से प्रतिमाह 1 हजार रुपये के हिसाब सेमिलेगे। यह धनराशि इलाज और नए टीबी मरीजों दोनों को दी जाएगी। मौजूदा समय जिले में 4560 क्षय रोगी हैं। टीबी एक संक्रामक रोग है। जो माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण होता है। इस रोग में मरीजों के बेहतर पोषण पर जोर दिया जाता है। इसके लिए सरकार क्षय रोगियों को धनराशि भी मुहैया कराती है। अभी तक इन रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये प्रतिमाह की दर से तीन हजार रुपये पोषण सहायता दी जा रही है।

इसे बढ़ाकर अब एक हजार रुपये प्रतिमाह करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक आराधना पटनायक द्वारा पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार अप्रैल 2018 से नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम के तहत इलाजरत टीबी मरीजों को 500 की राशि दी जाती थी। जिसे एक नवंबर के बाद से एक हजार कर दिया जाएगा।

**तैयारी** डॉयट में 400 शिक्षकों को दिया गया गणित किट पर प्रशिक्षण

# ‘ गणित किट ‘ से रुचिकर बनेगी गणित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्र दिखाते शिक्षक अमृत विचार

- डॉयट प्राचार्य ने प्रशिक्षित शिक्षकों को बांटे प्रमाण पत्र

**अमृत विचार।** जूनियर स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों के लिए गणित किट पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को किया गया। डॉयट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एससीईआरटी लखनऊ द्वारा निर्धारित 400 शिक्षकों का प्रशिक्षण 8 बैच में कराया गया।

प्राचार्य, उप शिक्षा निदेशक संजय कुमार कुशवाहा ने शिक्षकों से कहा कि पूर्ण मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करते हुए बच्चों तक इसका प्रभाव पहुंचाएं। उन्होंने प्रतिभागियों को गणित किट का सही उपयोग करते हुए किट में प्राप्त 14 सामग्रियों के प्रयोग से बच्चों में गणितीय दक्षताओं का विकास करने तथा विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने की संकल्पना में शिक्षक प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने गणित किट की बहुविधि उपयोगिता का विश्लेषण करते हुए कहा कि इससे गणित रुचिकर बनेगी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के उन्नयन हेतु शिक्षण सामग्रियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

नोडल प्रशिक्षण डॉयट प्रवक्ता संजीव सिंह ने बताया वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों में दी जा रही शिक्षा वर्तमान में सबसे बेहतरीन है। इसके अलावा वरिष्ठ प्रवक्ता आरती गुप्ता ने सभी को उत्प्रेरित करते हुए प्रशिक्षण की सार्थकता का उल्लेख करते हुए बच्चों के शिक्षण में गणित किट का उपयोग करने का सुझाव दिया।

### संदर्भदाताओं ने साझा की जानकारी

प्रशिक्षण में संदर्भदाता शीरज दीक्षित एआरपी हसवां, अजय कुमार मिश्र उच्च प्राथमिक विद्यालय चक पैगंबरपुर असोथर, विपिन त्रिपाठी कंपोजिट विद्यालय चकशाह फिरोज़ हथगाम, राजेंद्र पटेल, उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदाबाद हथगाम ने गणित किट का परिचय, काउंटर्स, कोरुगेटेड वृत्ताकार एवं समांतर– समलंब चतुर्भुज शीट, अबेकस, प्लास्टिक की पट्टियां, चांदा, फ्लाई स्क्रू, जियो बोर्ड, डॉवेल्स, रबर बैंड, पासे, संख्या चार्ट और 3 डी नेट के प्रयोग पर जानकारी उदाहरणों के साथ साझा की।

# अब 75 फीसदी से कम उपस्थिति पर होगी कार्रवाई

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- परिषदीय विद्यालयों की छात्र उपस्थिति का तय हुआ लक्ष्य

**अमृत विचार।** बीएसए ने स्कूलों में छात्र उपस्थिति का मानक 60 से बढ़ाकर 75 फीसदी कर दिया है। 75 प्रतिशत से कम छात्र उपस्थिति पर अब विद्यालयों को नोटिस जारी की जाएगी। बीएसए ने 13 सौ से अधिक परिषदीय स्कूलों को नोटिस जारी कर स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का अल्टीमेटम दिया है।

शिक्षाधिकारी के फरमान से परिषदीय स्कूलों में छात्र उपस्थिति को लेकर शिक्षकों पर दबाव बढ़ गया है। बीते साल 60 फीसदी छात्र उपस्थिति को लेकर विभाग ने शिक्षकों पर दबाव बनाया था तो इस माह यह बढ़कर 75 फीसदी हो गया है। बीएसए भारती त्रिपाठी ने सभी 13 ब्लॉकों व नगर क्षेत्रों में स्थित उन 1399 स्कूलों की सूची जारी की है जहां अक्टूबर के पहले दस दिनों में छात्र उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम रही है। बीएसए ने चेतावनी दी है कि यदि 25 अक्टूबर तक की समीक्षा में छात्र उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम रही तो सम्बन्धित स्कूल स्टाफ के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी और ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। विभाग की मानें तो उपस्थिति का जिले की रैकिंग में है अहम रोल होता है। सीएम डैश बोर्ड में जिले की प्रत्येक माह जारी होने वाली रैकिंग में स्कूलों में छात्र उपस्थिति का भी रोल है।

अमृत विचार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एलआईसी (पॉलिसी संख्या–214248389) में नॉमिनी गुड़िया हैं, जोकि मेरा ही नाम है। मेरा नाम **शांति उर्फ गुड़िया पत्नी स्व रूपनरायन पांडेय है व ग्राम निधऊ पुरवा माझा तरहर, पो0– मधईपुर** की निवासी हूँ। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है व मुझे दोनो नाम से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति के एलआईसी में नामिनी के तौर पर मुझे ही जाना जाये।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी में मत्स्यजीवी सहकारी समिति का गठन दिनांक 27–10–2024 को पंचायत भवन हरख में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी ग्राम वासी, ग्राम जन प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान और अधिकारी गण सादर अमंत्रित हैं।

आयोजक
**रामेश्वर कश्यप**
ग्राम व पोस्ट–शरीफाबाद विकास खण्ड – हरख जिला – बाराबंकी
मो0–8009562499

**सूचना**

साध्वी सिंह बनी असिस्टेंट प्रोफेसर शीर्षक से प्रकाशित समाचार त्रुटि वश प्रकाशित हो गया था। साध्वी सिंह ने नेट/ जेआरएफ परीक्षा पास की है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गिरधारी शुक्ला पुत्र हौसिला शुक्ला, निवासी–ग्राम मठा भुसुन्डा पर0/तह0 व थाना मु0खाना, जिला अमेठी,** मैं अपने लडके मनीष कुमार व पुत्रवधू कीर्ति के क्रिया–कलापों से परेशान व तंग होकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता करता हूॅ। आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं विद्या, माता 2999629एन हवलदार संजय सिंह जो कि 2 राजपूत में सेवारत है मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम विद्यावती देवी और जन्मतिथि 06–06–1950 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम विद्या है और जन्म तिथि 01/01/1953 है अत: मेरा सही नाम मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में अंकित किया जाय। **निवासी– गांव पो. हरदासपुर तहसील–टाण्डा, जिला–अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) पिन–224143**

# ट्रॉली पलटने से 8 महिलाएं घायल

## जैतपुर के ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर पहिया फंसने से हादसा, ट्रॉली पर लदी थी मूंगफली

संवाददाता, जैतपुर


घायल महिला मजदूरों के एक साथ अस्पताल पहुंचने पर अफरा-तफरी मच गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चपका से जैतपुर जाने वाले ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर मूंगफली से लदी टैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्राली में बैठीं आधा दर्जन से अधिक महिला मजदूर सड़क पर जा गिरीं और घायल हो गईं। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी जैतपुर में भर्ती कराया। घायलों में 20 वर्षीय युवती की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

घायलों ने बताया कि वह जैतपुर गांव से चपका गांव मजदूरी पर मूंगफली उखड़ने गईं थीं। थ्रेशिंग के बाद मूंगफली ट्राली में रख दी गई थी। आठ महिला मजदूर ट्राली में मूंगफली के ऊपर बैठी थीं। खेत से ट्रैक्टर जैसे ही चपका-बिहार रोड पर पहुंचा, तभी ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर ट्राली का एक पहिया ऊपर उठ

- एक युवती की हालत नाजुक जिला अस्पताल रेफर
- मूंगफली उखाड़ने चपका गांव गई थीं महिला मजदूर

गया और ट्राली तिरछी होकर पलट गई, जिससे ट्राली पर बैठीं महिला मजदूर सड़क किनारे जा गिरीं और घायल हो गईं।

हादसे में गीता (20) पुत्री दिब्बू, संगीता (21) पुत्री राजू, आरुषि (13) पुत्री मदन, वन्दना (16) पुत्री रामजीवन, जयंती (15) पुत्री रामजीवन, विनीता (14) पुत्री चरन, सुकान्ति (45) पत्नी मदन, रामसखी पत्नी शंकर निवासी घुसयाना जैतपुर घायल हो गईं। सभी घायलों को जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां गीता की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। पुलिस के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, कुलपहाड़ कोतवाली प्रभारी अर्जुन सिंह ने घायलों की मदद कर सांत्वना दी।

## जमीन के विवाद में किसान ने जान दी

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र के बघारी में 60 वर्षीय किसान तेजवा पुत्र रामप्रसाद ने अपने खेत की मेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

परिजनों ने बताया कि पड़ोसी भजनलाल कुशवाहा ने हाल ही में खरीदी गई जमीन की नाप लेखपाल, कानूनगो और पुलिस की मदद से करवाई थी। आरोप है कि भजनलाल ने अधिकारियों से सांठगांठ कर तेजवा के पुस्तैनी खेत के बीच से सेक्टर निकाल दिया, जिससे तेजवा मानसिक रूप से आहत हो गया। परिजनों के अनुसार इसी अन्याय के चलते तेजवा ने पलास के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों और लेखपाल की मिलीभगत के चलते यह घटना हुई है। वे मांग कर रहे हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।


शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

# छात्रों ने शतरंज में की दिमागी कसरत

संवाददाता, कुलपहाड़

- आरएनएस वर्ल्ड स्कूल में हुई चेस चैंपियनशिप में आरबीपीएस को दूसरा स्थान

**अमृत विचार।** झांसी के आरएनएस वर्ल्ड स्कूल में आयोजित हुई पंडित रमेश कुमार शर्मा मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन चैस चैंपियनशिप में आरबीपीएस के छात्रों ने बेस्ट परफॉर्मिंग स्कूल कैटेगरी में द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। स्कूल के प्रदुम शर्मा एवं अर्पित मिश्रा 7 राउंड्स में से 5 में विजय हासिल कर चौथे और सातवें स्थान पर रहे।

सात राउंड्स में हुए ओपन चैस टूर्नामेंट में फिडे रेटिड व स्टेट रेटिड खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। आरबीपीएस के 10 छात्रों ने ओपन चैस चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया। प्रदुम शर्मा और अर्पित मिश्रा ने सात में से पांच पांच मुकाबले जीते, जबकि आरबीपीएस के कक्षा 7 के छात्र श्रेयश गुप्ता ने 4 मुकाबले जीते। एक गेम ड्रा रहा। कक्षा 11 के मोहम्मद सैफ मंसूरी, कक्षा 10 के मृगांक राजपूत, अंश स्वर्णकार, कक्षा 8 के देवांग सोनी, मयंक, कक्षा 7 के सक्षम गुप्ता ने कुल खेले गए 7 राउंड्स में से 4 राउंड्स में तथा कक्षा 5 के अंश पटेल ने 3 राउंड्स में जीत हासिल की।

22 और 23 अक्टूबर को झांसी में आयोजित हुई इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पूरे देश के लगभग 200 उच्च स्तरीय खिलाड़ियों ने शिरकत की। इस प्रतियोगिता में जहां एक ओर 7 वर्ष की आयु के स्कूल खिलाड़ी थे तो दूसरी ओर कैंडिडेट मास्टर स्तर के 40 वर्ष से अधिक उम्र के अनुभवी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने जमकर धमाल मचाया।

# दोबारा अतिक्रमण में दुकानदारों पर जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अतिक्रमण अभियान चलने से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** चरखारी के ज्येन्द्र नगर मंडी तिराहा के पास महोबा-मुस्करा मार्ग की पटरियों पर अतिक्रमण को गुरुवार को प्रशासन ने न सिर्फ हटवाया, बल्कि पूर्व में अतिक्रमण हटाए जाने के बाद पुनः अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना भी ठोंका गया।

महोबा-मुस्करा मार्ग पर स्थित मंडी तिराहा व्यस्तम तिराहा है। जहां चरखारी से मुस्करा, चरखारी से राठ सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मार्ग है। मंडी तिराहा से मुस्करा व राठ रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों को सड़क तक फैलाकर लगाने पर दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया।

पटरी दुकानदारों द्वारा सड़क से सटाकर दुकाने लगाने से प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों की मांग पर प्रशासन ने इस बार कड़ा रुख अपनाया है। चरखारी एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार सीओ रविकान्त गौड़ ने न सिर्फ अतिक्रमण हटवाया, बल्कि जिन दुकानदारों के अतिक्रमण हटाए गए थे, उनके द्वारा पुनः अतिक्रमण किए जाने पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना सहित अतिक्रमण हटाए जाने से दुकानदारों में हड़कम्प मच गई लेकिन मंण्डी तिराहा पर लगने वाले जाम से निजात मिलने पर लोगों ने प्रशासनिक कार्यवाही की सराहना की है।

## नहर में डूबने से बच्चे की मौत

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम बच्वेछर कला में नहाने गई एक बच्चे की नहर में डूब जाने से मौत हो गई। इससे गांव में गमगीन माहौल पैदा हो गया। बच्चे के डूबने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ नहर पर पहुंच गई और बच्चे को पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी

ग्राम बच्वेछर कला निवासी आयुष पुत्र हरनारायण गुरुवार को मित्रों के साथ नहर में नहाने गया था तभी अचानक नहाते समय पर गहराई में चला गया और डूबने लगा उसके साथी भाग कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को सूचना दी लेकिन ग्रामीणों के नहर पर पहुंचने से पहले ही बालक की मौत हो चुकी थी। इससे गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। परिवार को लोग मौत पर रोते-बिलखते रहे।

# उद्यमिता प्रशिक्षण में जुटे युवा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से एक जनपद एक उत्पाद के तहत दस दिवसीय कौशल वृद्धि व उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के एक पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें खादी ग्रामोद्योग अधिकारी हीरालाल के संरक्षण में युवाओं और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण लेकर युवा रोजगार से जुड़ सकें।

वित्तीय वर्ष 2024-25 उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम के तहत शहर के छतरपुर रोड पर एक पैलेस में एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना अंतर्गत 10 दिवसीय कौशल वृद्धि व उद्यमिता

- प्रशिक्षण दौरान युवाओं को सिखाए गए रोजगार के गुर

प्रशिक्षण खादी ग्रामोद्योग अधिकारी हीरालाल के संरक्षण में एवं शफीक खान व अनुपम गोयल की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसमें गौरा पत्थर, मूर्तिकार, बढ़ई, हलवाई, धातु शिल्प, सिलाई आदि उद्योग सम्बन्धी ट्रेडों का प्रशिक्षण ट्रेनर अंजलि, आरिफ, विवेक, शिवम्, भगवानदास आदि द्वारा ट्रेनिंग कराई जा रही है। इस कार्यक्रम के आयोजक मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी जिला जालौन व संयोजक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र महोबा की देखरेख में 17 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हुआ जो 26 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

# प्रशिक्षण से अब आत्म निर्भर बनेंगे दिव्यांगजन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेन्ट की ओर से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गाय के गोबर से रामदरबार, राम की अदभुत प्रतिमा, लक्ष्मी-गणेश, राधे-कृष्ण,शिव की प्रतिमा, आकर्षित दीपक, धूप बत्ती गमला बनाने का हुनर सिखाया जा रहा है।

संस्था प्रतिमाओं पर चढ़ाए जाने वाले फूलों को उठाकर सुखाया जाता है, फिर पाउडर बनाने के बाद धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह उत्पाद पूर्ण रूप से जैविक और प्रदूषण रहित हैं। धूपबत्ती बनाने के लिए गोबर, फूलों का पाउडर और उसमें कपूर, लोबान, गूगल, हवन सामग्री, नारियल तेल आदि का मिश्रण कर बनाई जाती है। मूर्ति, दीपक बनाने के लिए गौशाला से गोबर लाकर प्रीमिक्स मिलाया जाता है, जो इमली के बीज और मैदा लकड़ी का पाउडर होता है। उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाकर धूप में सुखाते है। फिर कलर करते है। बत्ती लगाते है फिर जैल भरकर दीपक की पैकिंग करते है। यह दीपक और प्रतिमाये सांचे से बनाये जाते हैं। दिव्यांग शालिनी, प्रीती, रीना, दिव्या, लवली, अखिलेश, मनोज, इन्द्रेश, संस्था के प्रबंधक आकाश राय, शिक्षक दीप शिखा के देखरेख में मूर्तियों में रंग भरना, दिनेश प्रजापति सिखाते हैं। देवेन्द्र प्रजापति दीपक और मूर्ति बनाते हैं ।


मेधावी बत्तों को प्रमाण पत्र देते विधायक राकेश गोस्वामी और जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

# इंटर-हाईस्कूल के मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली प्रत्येक बालिका को 5,000 रुपये का चेक और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों को 24,000 और 7,500 का चेक व उपहार जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में वितरित किए।

अपनी ग्राम पंचायत में महिलाओं/बालिकाओं के उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाकर महिलाएं और युवतियां खासी खुश नजर आईं । कार्यक्रम में विधायक सदर राकेश गोस्वामी , जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता , जिला पंचायत अध्यक्ष, जेपी अनुरागी मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेट में दर्द होने से बालिका की मौत

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुरहा में एक बालिका के पेट में दर्द होने के बाद मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। इसके साथ ही बालिका के माता-पिता को भी सूचना दे दी गई है।

बताते हैं कि अरविंद कुमार की 11 वर्षीया बेटी आकांक्षा बचपन से ही अपने मामा के यहां ग्राम सुरहा में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस समय वह गांव के परिषदीय विद्यालय में ही शिक्षा ग्रहण करती थी। मामा ने बताया कि आकांक्षा के पेट में अचानक दर्द होने लगा। दर्द से उसे तड़पता देखकर गांव के ही एक डॉक्टर को दिखाया गया। डॉक्टर ने दवा दी, लेकिन दवा खाने के बाद भी उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी।

# वैश्य समाज को संगठित करना मुख्य उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा


वैश्य समाज की बैठक में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज का विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन में विश्व के कई देशों के उद्योगपति एवं राजनीतिज्ञ जुड़े हैं। संगठन का उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित कर उनका हक दिलाना और समाज के हित में कार्य करना है।

डॉ गुप्ता ने एकता का संदेश देते हुए कहा कि अगर हमें कुछ प्राप्त करना है तो आपसी मतभेदों को दरकिनार करते हुए एक मंच पर आना होगा। जिलाध्यक्ष डॉ अजय बरसैयां के क्लीनिक पर बड़े भाई डॉ विजय बरसैयां का कुशलक्षेम लिया। उनके घर जाकर परिवार के लोगों कों शीघ्र स्वस्थ्य होने व ईश्वर पर विश्वास रखने की संतवना दी।

वहां से श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष संजय मिश्रा, संयोजक प्रकाश सक्सेना, एके त्रिपाठी, राजेश चतुर्वेदी के साथ प्रदेश महामंत्री शिवकुमार सोनी के निज निवास चरखारी पहुँचे और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उप्र के प्रदेश अध्यक्ष /विधायक लखनऊ, विधानसभा सचेतक डॉ नीरज बोरा का शोक संदेश पत्र देकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी।

यहां भाजपा के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, हमीरपुर के जिलाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, हमीरपुर महिला इकाई जिलाध्यक्ष दीप्ती गुप्ता, महोबा के जिलाध्यक्ष डॉ अजय बरसैयां, भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष प्रशान्त गुप्ता, समाजसेवी तारा पाटकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला महामंत्री शशिकांत सोनी, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष डॉ विभा पुरवार, जिला प्रभारी अंशु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कल्पना सोनी, भूपेन्द्र साहू, राकेश गुप्ता, नरेश गुप्ता, कृपाशंकर साहू छोटू, अनुज सोनी, आयुष गुप्ता, अमित साहू, अनिल चौरसिया, कुलदीप सोनी, अगम अग्रवाल आदि रहे। इससे पूर्व संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री का फाटक के पास स्वागत हुआ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नोनार विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत नोनार में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक– 25/10/2024से 28/10/2024 तक**

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत नोनार में राजनारायन यादव के घर से पहलादी के घर तक नाली निर्माण | 142304 | 2850 | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायत नोनार में सुनील के घर से भइया कारीगर के घर तक नाली निर्माण | 127285 | 2450 | 500 |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत नोनार विकास खंड पहाड़ी, चित्रकूट


बढ़ा गुस्सा | बिजली समस्या को लेकर किसानों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# बिजली कटौती से नहीं हो पा रही सिंचाई

संवाददाता, कुलपहाड़


एसडीएम से बातचीत करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से किसानों के ट्यूबवेलों का संचालन सही ढंग नहीं हो पा रहा है। बिजली संकट के चलते ट्यूबवेल बंद होने से और खाद बीज न मिलने से किसानों की समस्या और बढ़ गई है। इससे नाराज होकर किसानों ने जमकर को हल्ला मचाया बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ को सौंपा।

किसानों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर समस्या का निदान कराने की मांगली। पूर्व की भांति 18 घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल करने की भी मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि मूंगफली की फसल उखाड़ने एवं पलेवा करने के लिए किसान ट्यूबवेल के पानी पर निर्भर है। लेकिन ट्यूबवेल पर विद्युत आपूर्ति चार से पांच घंटे आने के कारण किसान परेशान है। ट्यूबवेल कनेक्शन धारक किसानों ने उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद से इस संबन्ध में शिकायत की। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार एवं अवर अभियंता जयवीर सिंह ने बताया कि शासन स्तर से मात्र 12 घंटे विद्युत आपूर्ति का आदेश निर्गत किया गया है। किसान अनिल मिश्रा, कुंवर राजपूत, ज्ञानेंद्र तिवारी, मनीष, लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि कागजों में 12 घंटे की आपूर्ति हो रही है। लेकिन बार बार शट-डाउन, तार टूटने, लाइन जोड़ने से विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है। जिससे विद्युत आपूर्ति मात्र चार से पांच घंटे ही हो रही है। जिससे दिन में बमुश्किल एक बीघा जमीन की सिंचाई हो पाती है।

बिजली की इस अव्यवस्था की चलती किसानों ने जमकर हो हल्ला मचाया और बिजली आपूर्ति 18 घंटे किए जाने की मांग की जिस समय से खेतों में सिंचाई हो सके और समय से बुवाई हो सके। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आदेश का हवाला देकर आपूर्ति बढ़ाने से मना कर दिया है, जिससे किसानों में गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने विधायक बृजभूषण राजपूत और एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर से दखल देने की मांग की है। जिससे समय से सिंचाई होने के बाद बुवाई हो सके।

# आमरण अनशन पर बैठी मां-बेटी की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दादा की प्रताड़ना से क्षुब्ध न्याय की आस में तीन दिनों से कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में मां बेटी का आमरण अनशन जारी है। गुरुवार को मां की हालत बिगड़ गई। इसके बावजूद अभी तक कोई अधिकारी अनशनकारियों को देखने तक नहीं आया है।

सुमेरपुर के भौनिया निवासी वंदना ने बताया कि उसके पिता रामसिंह की 16 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद मां सियाप्यारी ने मजदूरी कर उसका लालन पोषण किया। बताया पिता के जीवित होने के दौरान घर व जमीन का आपसी बंटवारा हो गया था। उसके दादा कमल सिंह नशे की लत के चलते अपने हिस्से की जमीन बेंच चुके हैं। अब उनकी जमीन व घर पर कब्जा करने की नीयत से उनकी मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं।

पिछले 20 अक्टूबर को दादा कमल, उसकी पत्नी सरोज व दो पुत्रों पंकज व पुरुषोत्तम ने घर में घुसकर मारपीट की और सोने चांदी के जेवरात छीन कर ले गए। मारपीट में दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस से शिकायत की किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

न्याय की आस में यहां आमरण अनशन करना पड़ रहा है। मेडिकल कराने के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में 21 अक्टूबर से आमरण अनशन जारी है। भूख हड़ताल से सियाप्यारी की हालत बिगड़ती जा रही है, लेकिन प्रशासन ने इनकी सुधि नहीं ले रहा है।


**कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट चित्रकूट**

पत्रांक– 496/न0प0मा0/2024–25 दिनांक– 24 अक्टूबर 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची के कॉलम नं0– 2 में आवेदक द्वारा भवन के निर्माण के लिए भवन मानचित्र आवेदन पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 180(1) के अन्तर्गत दी गयी व्यवस्था के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत के सम्बन्ध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति मय साक्ष्यों सहित नगर पंचायत मानिकपुर सरहट कार्यालय में आकर लिखित रूप से प्राप्त करा दे। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर सम्बन्धित पक्ष की कोई प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी भी पक्षकर को उक्त भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है। तदानुसार नगर पंचायत द्वारा उक्त भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

**भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति की प्रकाशन सूची**

| क्र0 सं0 | भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रार्थी आवेदक का नाम | भूमि का विवरण/ गाटा सं0 रकबा/ चौहद्दी सहित | नगर पंचायत में प्रस्तुत अभिलेख (रजिस्ट्री, वसीयत, पैत्रक आदि) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार, श्री राकेश चन्द्र, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार पुत्रगण स्व0 रामआसरे एवं कलावती पत्नी स्व0 रामआसरे | भू–राजस्व खतौनी, मोहल्ला महावीर नगर पूर्व में रोड, पश्चिम में स्वयं की जमीन, उत्तर में सुन्दरलाल भारतीय का मकान, दक्षिण में आनन्द राज का मकान, कुल क्षेत्रफल 891 वर्ग फीट हे0। | भू–राजस्व की खतौनी की छायाप्रति एवं भवन मानचित्र |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट**

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,065.16 | 24,399.40 |
| गिरावट | 16.82 | 36.10 |
| प्रतिशत में | 0.02 | 0.15 |

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6600 -6700 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14400-14500 अरहरस्पेशल 11400-11500 चनादाल 8450-8550 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7300-7350 मसूरदाल 7575-7625 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11800 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14100-14200 अलसी 12400-12500 अण्डी 13900-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1965-1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1965-1963 मयूर 1965-1963 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलड्डू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4170-4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 100700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 80350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59900-60100 |

# विश्व बैंक के अध्यक्ष से वित्तमंत्री मिलीं, एमडीबी सुधारों पर चर्चा

## विश्व बैंक की ओर से आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा

वाशिंगटन, एजेंसी



- भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का किया अनुरोध

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की। विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने वैश्विक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा व बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की है। इसके तीन तत्व गरीबी समाप्त करना, साझा समृद्धि बढ़ाना व वैश्विक वस्तुओं के लिए ऋण तीन गुना बढ़ाने और तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है।

### कोई भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80 : प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड में परिचर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

# नेशनल फंड्स : विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान

नेशनल फंड्स एक महत्वपूर्ण वित्तीय साधन हैं, जो सरकारी और सार्वजनिक विकासात्मक परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने का कार्य करते हैं। इनमें निवेश करके आप न केवल अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि देश के विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। हालांकि, निवेश करते समय कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार का उतार-चढ़ाव और लिक्विडिटी के मुद्दे। सही जानकारी और रणनीति के साथ, आप नेशनल फंड्स में सफलतापूर्वक निवेश कर सकते हैं और इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आइए इसके बारे में जानें...

### नेशनल फंड्स क्या है?

नेशनल फंड्स आमतौर पर सरकारी या सार्वजनिक संस्थानों की ओर से प्रबंधित फंड होते हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए पूंजी जुटाना होता है। ये फंड्स अलग-अलग सेक्टरों में निवेश कर सकते हैं, जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और पर्यावरण।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** सबसे पहले, विभिन्न नेशनल फंड्स की जानकारी प्राप्त करें और अपनी जरूरतों के अनुसार एक फंड चुनें।
- **प्रवेश प्रक्रिया :** फंड में निवेश करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करें। इसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक विवरण शामिल हो सकते हैं।
- **ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन :** कई फंड्स में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा होती है। आप वेबसाइट पर जाकर या संबंधित कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।
- **निवेश की राशि :** निर्धारित राशि का निवेश करें।



### निवेश के लाभ

- **विकास में योगदान :** नेशनल फंड्स में निवेश करने से आप विकासात्मक परियोजनाओं का हिस्सा बनते हैं।
- **कर लाभ :** कुछ नेशनल फंड्स में निवेश करने पर कर में छूट भी मिल सकती है।
- **स्टेबल रिटर्न :** अक्सर ये फंड्स स्थिर और सुरक्षित रिटर्न प्रदान करते हैं।

### निवेशक रखें सावधानी

- **बाजार का उतार-चढ़ाव :** जैसा सभी निवेशों में होता है, नेशनल फंड्स में भी उतार-चढ़ाव का जोखिम होता है।
- **लिक्विडिटी का मुद्दा :** कुछ फंड्स में राशि तुरंत वापस नहीं मिल सकती, इसलिए लिक्विडिटी का ध्यान रखें।
- **सिस्टमेटिक रिस्क :** अगर देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, तो फंड्स पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### जोखिम से कैसे बचें

- **अच्छी रिसर्च :** फंड के बारे में अच्छे से जानें और उसकी परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें।
- **विविधता :** अपने निवेश को विभिन्न फंड्स में बांटें ताकि जोखिम कम हो।

# त्योहारों के मद्देनजर कुछ शहरों में जोमैटो, स्विगी ने बढ़ाया मंच शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों प्रतिद्वंद्वी कंपनियां मंच शुल्क के तौर पर ले रहीं 10 रुपये

खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो और स्विगी ने कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाने की गुरुवार को घोषणा की। दोनों प्रतिद्वंद्वी अब दिल्ली में मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में उस खबर पर स्पष्टीकरण दिया, जिसमें कहा गया था कि त्योहारों के मद्देनजर मंच ने शुल्क को 10 रुपये तक बढ़ा दिया है। जोमैटो ने कहा कि हमने वास्तव में कल (बुधवार) कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाया है। कंपनी अब दिल्ली में त्योहारी सीजन मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही है। जोमैटो ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किन शहरों में मंच शुल्क में कितनी वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि मंच शुल्क में ऐसे बदलाव नियमित व्यावसायिक प्रक्रिया है और ऐसा समय-समय पर होता है। यह (शुल्क) हर शहर में अलग होते हैं। इसी तरह, स्विगी ने भी अपने मंच शुल्क में वृद्धि की है, लेकिन कंपनी से इस संबंध में किए सवालों का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं दिया।

# ऑनलाइन गेमिंग व डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए धन शोधन बेहद खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिजिटल इंडिया फाउंडेशन ने की दिए सुझावों की वकालत



तेजी से बढ़ते भारतीय ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इसकी निरंतर सफलता सुनिश्चित करने और देश की मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में अवैध परिचालकों से निपटने के लिए कार्यबल बनाने, वैध संचालकों की श्वेत सूची बनाने, भ्रामक विज्ञापनों से निपटने तथा वित्तीय अखंडता व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांतों को शामिल करने की वकालत की गई है। इसमें कहा गया है कि अन्य उपायों में जागरुकता तथा शिक्षा शामिल है, ताकि उपयोगकर्ता सतर्क निर्णय ले सकें व भ्रामक व्यवहार में संलग्न मंच से बच सकें। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) क्षेत्र वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2022-23 तक 28 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ वैश्विक बाजार में अग्रणी बन गया है। पांच वर्षों में इस क्षेत्र का राजस्व 7.5 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंचने का अनुमान है। फाउंडेशन के सह-संस्थापक अरविंद गुप्ता ने कहा कि अवैध परिचालकों पर अंकुश लगाने के नियामकीय प्रयासों के बावजूद कई मंच मिरर साइट्स, अवैध ब्रांडिंग और असंगत वादों के जरिये प्रतिबंधों को दरकिनार कर देते हैं।

# भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना बनाएंगी एनवीडिया और रिलायंस

मुंबई, एजेंसी

- रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का करेगा उपयोग

कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक कंपनी एनवीडिया कॉर्प के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी से समझौता किया है। रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा। एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से मौजूदगी है। अमेरिकी कंपनी अपने त्वरित कम्प्यूटिंग स्टैक द्वारा संचालित एआई अवसंरचना बनाने को उद्यमों, क्लाउड प्रदाताओं और स्टार्टअप इकाइयों के साथ काम करती है, जिसमें इसके हजारों उन्नत जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट), उच्च प्रदर्शन नेटवर्किंग और एआई सॉफ्टवेयर मंच और उपकरण हैं। एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन-2024 में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### राजस्थानः दुर्घटना में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई। कोतवाली के थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यह हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक तेज रफ्तार कार टायर फटने के कारण पलट गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार लोग गुजरात से फलौदी से जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में प्रताप (53), उनकी पत्नी उषा (48), रामूराम (50), पूजा (25) और आशु (11 माह) की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला घायल है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोयला घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक का अनुरोध किया है, ताकि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीश मामले की फाइल पर गौर नहीं कर पाए हैं, क्योंकि वे उन्हें देरी से भेजी गई थीं, इसलिए मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### कांकेर में कार दुर्घटना में छह शिक्षक घायल

**कांकेर।** शिक्षक मोर्चा द्वारा गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर सभी विकासखंड मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जा रहा है। कांकेर में भी ये प्रदर्शन जारी है। इसी में शामिल होने के लिए पखांजुर से कांकेर जिला मुख्यालय के लिए छह शिक्षक एक कार में सवार होकर निकले थे। शिक्षकों की कार जैसे ही दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के पास पहुंची पुत्तरवाही के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई और कार सवार छह शिक्षक घायल हो गये।

### झारखंड में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिले में वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रांची से 165 किमी दूर उरुर जंगल के पास बुधवार रात हादसा हुआ। वाहन पलटने से चार की मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नहीं आईं सेबी प्रमुख, पीएसी की बैठक स्थगित

## एकतरफा निर्णय का आरोप लगाकर भाजपा ने की लोस अध्यक्ष से वेणुगोपाल की शिकायत

- पीएसी अध्यक्ष पर असंसदीय आचरण का भी लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी





पीएसी बैठक स्थगित होने के बाद केसी वेणुगोपाल व भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच के गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता जताने के कारण समिति के प्रमुख के.सी. वेणुगोपाल ने इसकी बैठक स्थगित कर दी। भाजपा ने वेणुगोपाल पर एकतरफा निर्णय लेने और असंसदीय आचरण करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल का कहना है कि बुच की तरफ से गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे सूचित किया कि वह निजी कारणों से पीएसी की बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी, जिसके बाद बैठक को स्थगित करने का फैसला किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत बड़ा विषय है। उनका कहना है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए फैसला किया गया। आपने कैसे निर्णय लिया? पीएसी का काम सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के कामकाज को देखने के लिए संबंधित विभागों की स्थायी समितियां हैं। बाद में भाजपा नेताओं ने वेणुगोपाल के आचरण को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विरोध दर्ज कराया।

### बुच को बुलाना सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं आया पसंद

पीएसी की बैठक के एजेंडे में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और सेबी के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल थे। इस एजेंडे में संचार मंत्रालय और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य भी थे। एजेंडे में कानून द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को शामिल करने के समिति के फैसले का कोई विरोध नहीं था, लेकिन बुच को बुलाने का वेणुगोपाल का निर्णय सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को पसंद नहीं आया।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मोदी से मिले उमर

**नई दिल्ली।** जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पद संभालने के बाद दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनाव में अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीट प्राप्त कर सरकार बनाई है। नई सरकार ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है।

# चुनाव के दौरान अजित को घड़ी चिह्न के इस्तेमाल का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायालय ने शरद पवार की याचिका पर अजित को जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री में घड़ी चिह्न के प्रयोग का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार नीत खेमे की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। साथ ही, पीठ ने अजित को एक नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने 19 मार्च और चार अप्रैल को अजित पवार नीत खेमे को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषा के अखबारों में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर उसमें यह उल्लेख करने का निर्देश दिया था कि घड़ी चिह्न का आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि अजित पवार खेमा को मामले में निर्णय आने तक इस चिह्न के उपयोग की अनुमति होगी। गुरुवार को कार्यवाही के दौरान पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर किया। वह शरद पवार खेमे की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने दलील दी कि विरोधी समूह को घड़ी चिह्न का इस्तेमाल करने से रोका जाए क्योंकि इसने अपनी प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर का उपयोग नहीं किया और मतदाताओं को गुमराह किया है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों का उत्तर प्रदेश में समर्थन करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विस उपचुनावों में सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ रहे गठबंधन के उम्मीदवार

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसने संविधान, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के लिए उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में उम्मीदवार नहीं उतारने तथा सपा के चुनाव चिह्न लड़ रहे प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के बाद समाज, प्रदेश और देश के हित में यह निर्णय लिया गया है।

इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। पांडे ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा केसी वेणुगोपाल के साथ गहन चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है और उत्तर प्रदेश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। परिस्थिति को देखते हुए फैसला हुआ है जो प्रदेश के हित में है।

# 3 आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की अनुमति नहीं मिली

**1984 दंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगों के मामले में 27 साल से अधिक की देरी के बाद तीन आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की सरकार को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को कहा कि उसे जान-माल के बड़े पैमाने पर हुए नुकसान के बारे में जानकारी है, लेकिन वह अभियोजन पक्ष द्वारा अपील दायर करने में किये गये लंबे विलंब की अनदेखी नहीं कर सकती।

# सोरेन, बाउरी सहित 50 से अधिक का नामांकन

रांची, एजेंसी

**झारखंड चुनाव**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री व झामुमो के नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी और अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री ने बरहेट क्षेत्र जबकि उनकी विधायक पत्नी कल्पना ने गांडेय से नामांकन पत्र दाखिल किए। हेमंत सोरेन ने एक्स पर कहा कि अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। झामुमो नेताओं के अलावा भाजपा और कांग्रेस के 50 से अधिक नेताओं ने विभिन्न सीट से नामांकन पत्र दाखिल किए।

भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने चंदनकियारी क्षेत्र से नामांकन किया, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। गठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे के चार मंत्रियों रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और बन्ना गुप्ता समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन किए। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन ने घाटशिला सीट जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा ने पोटका विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किए।



साहिबगंज जिले के बरहेट क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते झारखंड के मुख्यमंत्री व झामुमो उम्मीदवार हेमंत सोरेन।

# ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सतकार कौर भाजपा से निष्कासित

**चंडीगढ़।** भाजपा ने फिरोजपुर की पूर्व विधायक सतकार कौर को ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के बाद छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव अनील सरीन ने गुरुवार को पत्र जारी कर उनकी बर्खास्तगी की घोषणा की। कौर को पुलिस उनके भतीजे के साथ मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले आई थी। जब उनसे उनके घर से किसी भी तरह की बरामदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की बरामदगी से इनकार किया।

# एमवीए में सीट को लेकर अंतिम समझौते की आज होगी घोषणा

**पुणे।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के सीट-बंटवारे को लेकर अंतिम समझौते की घोषणा शुक्रवार सुबह की जायेगी। पटोले ने कहा कि पार्टी ने अपने उन कुछ उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा है, जिन्हें 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की घोषणा कल सुबह तक कर दी जाएगी। कई दिन के गतिरोध के बाद विपक्षी गठबंधन ने घोषणा की थी कि कांग्रेस, राकांपा (एसपी) व शिवसेना (यूबीटी) 85-85 सीट पर चुनाव लड़ेंगे तथा शेष सीट के लिए बातचीत जारी है।

# केरल : जीएसटी विभाग ने 104 किलो सोना किया जब्त

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

- अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर की छापेमारी

सोने के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया, जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपये है। इस अभियान को टोरे डेल ओरो नाम दिया गया है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है सोने की मीनार। बुधवार शाम शुरू हुआ यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और इस दौरान 700 से अधिक अधिकारियों ने पूरे मध्य केरल जिले में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित लगभग 78 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा पिछले छह माह से आभूषण निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है।

# ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका को शीर्ष अदालत ने किया खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इन याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। शीर्ष अदालत ने कहा कि तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त किया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं होगा। वकील ने कहा कि आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना तोड़फोड़ नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था।

### आरोपी पत्रकार पर दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकियों में उन पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पत्रकार ममता त्रिपाठी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया गया है। त्रिपाठी ने दावा किया कि ये प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास में दर्ज हुई हैं। पीठ ने कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाये।

## खेल डायरी

### पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। रानी ने आज कहा कि उनके हॉकी करियर की यात्रा शानदार रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था।

### साजिद के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 पर समेटा



**रावपिंडी।** पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में पहली बार अलग तरह की गेंदबाजी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड को 267 पर समेटने के बाद 73 रन पर तीन विकेट गवां कर बैकफुट पर है। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 10वें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (14) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद 13वें ओवर में जैक लीच ने सईम अयूब (19) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कामरान गुलाम (तीन) को गस ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को 46 के स्कोर पर तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन बना लिये थे और शान मसूद (नाबाद 16) और साउद शकील (16) क्रीज पर मौजूद थे। आज इससे पहले साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम 68 .2 ओवर में 267 पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 29 .2 ओवर में 128 रन देकर (छह विकेट) लिए और नोमान अली ने 28 ओवर में 88 रन देकर (तीन विकेट) झटके। जाहिद महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### रबाडा की गेंदबाजी से द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** अनुभवी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (दूसरी पारी में 39 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां चौथे दिन बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त देकर 1-0 की बढ़त बना ली। रबाडा की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले के सत्र में 22 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। बांग्लादेश की पहली पारी 106 रन पर सिमटी थी जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाकर 202 रन की बढ़त हासिल की थी। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन से आगे से की लेकिन रबाडा और वियान मुलडर ने दूसरी नयी गेंद से बल्लेबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। रबाडा ने दिन की शुरुआती ओवर में नईम हसन को पगबाधा कर टेस्ट पारी में 15वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (97) को शतक पूरा करने से पहले चलता कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोनी डि जॉर्जी ने 41 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 30 रन बनाए।

# डब्ल्यूएफआई ने टीम को विश्व चैंपियनशिप से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



● यूडब्ल्यूडबल्यू को सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत, अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो नहीं होंगे ये सभी मुद्दे

भारतीय कश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया और विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 12 गैर ओलंपिक वर्गों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में आयोजित होगी।

डब्ल्यूएफआई ने हाल में अंडर 23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की घोषणा की थी और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने चयन ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत की अवमानना के तौर पर चुनौती दी थी। डब्ल्यूएफआई ने चयन ट्रायल नोटिस वापस ले लिया और अदालत ने 4 अक्टूबर को अवमानना याचिका पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल में अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि डब्ल्यूएफआई पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया जाना चाहिए। यह सब मंत्रालय के निलंबन के कारण हो रहा है।निलंबन बनाए रखने का कोई आधार नहीं है। अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो ये सभी मुद्दे नहीं होंगे।

### डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हो रहा हस्तक्षेप

खेल मंत्रालय ने नए अधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान के तुरंत बाद 24 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच को पत्र में लिखा दुर्भाग्य से खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करना जारी है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई के दैनिक प्रशासन का काम बंद करने और रोकने का आदेश दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया। आईओए ने फरवरी में यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा डब्ल्यूएफआई पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद इस साल मार्च में महासंघ का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल को भंग कर दिया था।

# राधा की फिरकी में उलझी न्यूजीलैंड की महिला टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

● भारत ने पहला एकदिवसीय मैच 59 रन से जीता, शृंखला में 1-0 की बनाई बढ़त

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले महिला एकदिवसीय मैच में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को 59 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली

भारत के 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम राधा (35 रन पर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी साइमा ठाकोर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 40.4 ओवर में 168 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा (35 रन पर एक विकेट) और अरुंधति रेड्डी (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को 44.3 ओवर में 227 रन समेटा। लेग स्पिनर अमेलिया ने चार जबकि जेस ने तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए।

# सुंदर के शिकंजे में फंसे कीवी बल्लेबाज

## वाशिंगटन ने झटके सात विकेट, 259 पर सिमटी न्यूजीलैंड



वाशिंगटन सुंदर

7 विकेट

59 रन

23 ओवर

<< न्यूजीलैंड की पारी का अंतिम विकेट लेने के बाद सुंदर को बधाई देते जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

पुणे, एजेंसी

हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर (59 रन पर सात विकेट) की शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारत ने तीन मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स तक एक विकेट पर 16 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर शुभमन गिल नाबाद 10 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नाबाद छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टिम साउथी ने अपने दूसरे ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया।

कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे। भारत के लिए अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय सरजमीं पर यह पहली बार है जब किसी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दायें हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो। अश्विन डेवोन कोन्वे को आउट कर अपने विकेटों की संख्या 531 तक पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कोन्वे ने 76, रचिन रविंद्र ने 65 और मिचेल सेंटनर ने 33 रन का योगदान दिया। कुलदीप की जगह टीम में शामिल करने के फैसले को सही साबित करते हुए सुंदर ने अपने 14वें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर रविंद्र को आउट कर पहली सफलता हासिल करने के बाद अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।




रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते टिम साउथी व अन्य। ● एजेंसी

### टीम में तीन बदलाव, घबराहट भरा फैसला : गावस्कर

पुणे। पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत ने घबराहट में अंतिम एकादश में कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किए। उन्होंने मोहम्मद सिराज और लोकेश राहुल की जगह क्रमश: आकाश दीप और शुभमन गिल टीम में शामिल करने के साथ कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन को मौका दिया। गावस्कर ने टॉस के बाद कहा यह भारतीय टीम का घबराहट भरा फैसला लगता है। आप अक्सर टीम में तीन बदलाव नहीं करते हैं। पिछले सप्ताह पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बाद भारत तीन मैचों की शृंखला में 0-1 से पीछे है। गावस्कर ने कहा जब तक चोट की चिंता न हो, मैं बहुत सी टीमों को तीन बदलाव करते नहीं देखता।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 259/10 (79.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा अश्विन | 15 | 22 | 2/0 |
| डेवोन कोन्वे का पंत बो अश्विन | 76 | 141 | 11/0 |
| विल यंग का पंत बो अश्विन | 18 | 45 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो वाशिंगटन | 65 | 105 | 5/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा सुंदर | 18 | 54 | 0/0 |
| टॉम ब्लंडेल बो सुंदर | 3 | 12 | 0/0 |
| ग्लेन फिलिप्स का अश्विन बो सुंदर | 9 | 31 | 0/0 |
| मिचेल सेंटनर बो सुंदर | 33 | 51 | 3/2 |
| टिम साउदी बो सुंदर | 5 | 8 | 1/0 |
| एजाज पटेल बो सुंदर | 4 | 9 | 1/0 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : बुमराह 8-2-32-0, आकाश दीप 6-0-41-0, अश्विन 24-2-64-3, सुंदर 23 .1-4-59-7, जडेजा 18-0-53-0

**भारत पहली पारी : 16/1 (11 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 6 | 25 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउथी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 10 | 32 | 1/0 |

गेंदबाजी : साउथी 3-1-4-1, ओ'रोउर्के 3-2-5-0, पटेल 3-1-5-0, सेंटनर 2-0-2-0

### मैच के दौरान पानी की कमी पर भड़के प्रशंसक, एमसीए ने मांगी माफी

**पुणे।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान पानी की बोतलें पहुंचने में देरी के कारण एमसीए स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई और प्रशंसकों ने संघ के खिलाफ नारे लगाए। बाद में मेजबान संघ ने इस चूक के लिए माफी मांगी। गुरुवार को शुरू हुए मुकाबले के लिए लगभग 18 हजार दर्शक मैदान पर पहुंचे। एमसीए के अधिकांश हिस्से में छत नहीं है और धूप में बैठे प्रशंसक जब पानी लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि पानी की बोतलें उपलब्ध नहीं हैं।

# लीवरपूल ने लीपजिंग को हराया, मैनचेस्टर सिटी और बार्सीलोना ने दर्ज की बड़ी जीत

बार्सीलोना, एजेंसी



**सीएल राउंडअप**

● मैनचेस्टर सिटी ने लीग के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का बनाया रिकॉर्ड

यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल में इंग्लैंड के क्लबों के साथ बार्सीलोना ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत से दबदबा कायम किया। प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज लीवरपूल ने लगातार तीसरी जीत के बाद चैंपियंस लीग में शीर्ष पर काबिज एस्टोन विला से अंकों की बराबरी की तो वहीं मैनचेस्टर सिटी ने प्रतियोगिता के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का नया रिकॉर्ड बनाया।

डार्विन नुनेज के गोल से लीवरपूल ने लीपजिंग को 1-0 से हराया। एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से सिटी ने स्पार्टा प्राग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। कप्तान राफिन्हा की हैट्रिक की से बार्सीलोना आखिरकार बायर्न म्यूनिख को शिकस्त देने में सफल रहा। टीम ने 4-1 की एकतरफा जीत दर्ज की। बार्सीलोना ने जर्मनी की इस टीम के खिलाफ लगातार छह हार के बाद जीत का स्वाद चखा है। तीन दौर के मैचों के बाद लीवरपूल और एस्टोन विला के पास तालिका में शीर्ष पर मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल पर दो अंकों की बढ़त है। बार्सीलोना की बायर्न म्यूनिख पर 2015 के बाद पहली जीत में राफिन्हा के अलावा दिग्गज रोबर्ट लेवांडोवस्की ने भी गोल दागा। लेवांडोवस्की ने बायर्न म्यूनिख का प्रतिनिधित्व किया है। बायर्न के इस इस मैच का इकलौता गोल हैरी केन ने किया। मैनचेस्टर सिटी ने स्पार्टा प्राग को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड को अपने नाम किया। सिटी पिछले 26 मैचों से अपराजेय है।

# स्विस इंडोर्स : वावरिंका ने मन्नारिनो हराया, रुबलेव भी आगे बढ़े

बेसल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी



39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत

● आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

● रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने कैस्पर रूड को किया पराजित, अलियासिमे ने भी जीता अपना मैच

<< अपने मैच के दौरान शॉट लगाते स्टैन वावरिंका। ● एजेंसी

स्टैन वावरिंका ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 3-6, 7-5 से हरा स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज मैच विजेता बन गए। घरेलू दर्शकों के सामने 39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत है।

वावरिंका को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अब 22 वर्षीय बेन शेल्टन से भिड़ना होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6 (3), 6-1 से हराकर सत्र के अपने 13वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया तो वहीं दो बार के गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सेबेस्टियन बेज को 7-5, 6-1 से मात दी। डेविड गोफिन और पेड्रो मार्टिनेज भी जीत के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

### पेरिस मास्टर्स से हटे जोकोविच

**पेरिस।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा।

### एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वियना प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**वियना।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एर्स्टे बैंक ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल यहां मार्कोस गिरोन को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के इस खिलाड़ी की यह मौजूदा साल की 61वीं जीत है। इससे उन्होंने 2018 में दर्ज 60 जीत की अपनी रिकॉर्ड में सुधार किया। ज्वेरेव के सामने क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेटी की चुनौती होगी। गेल मोनफिल्स के बीमारी के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से हटने से मुसेटी ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। ग्रिगोर दिमित्रोव ने झांग झिझेन को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को रिलीज होगी। 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक पुष्पा 2 : द रूल पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर शेयर किया है। चिल्लम पीते हुए पुष्पाराज अपने हाथ में पकड़े बंदूक को निहार रहे है। वह नोटों की गड्डी के सामने खड़े हुए हैं। अल्लू अर्जुन ने हैशटैग में पुष्पा 2 : द रूल ऑन 5 दिसंबर लिखा है। पुष्पा 2 : द रूल पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा। अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 :द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2, स्क्रिप्ट पर हो रहा काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनाई जा सकती है। 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा।साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनाई जा सकती है।गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है। अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

### द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है।यह मोशन पोस्टर काफी दिलचस्प और शक्तिशाली लग रहा है, जिसमें एक जलती हुई अखबार की कतरन और बैकग्राउंड में गुस्से से भरी आंखें दिख रही हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे ज़ी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।

# हॉकी में भारत ने जर्मनी को 5-3 से हराया पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी ने जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी



गोल दागने के बाद एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

भारत ने गुरुवार जर्मनी को हॉकी के दूसरे मैच में 5-3 से हरा कर पहले मैच को बदला ले लिया। जीत के बावजूद भारतीय को उस समय मायूसी हाथ लगी जब सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।

आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में जर्मनी से 2-0 से हार के बावजूद नई स्पूर्ति के साथ मैदान में उतरी। पहले क्वार्टर में माजकोर ने भारतीय गोलकीपर को छकाते हुए गोल दाग दिया और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। उसके बाद दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कप्तान के गोल से अगले मिनट ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत सिंह ने फिर से गोल दागते हुए टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई।

भारत के लिए सुखजीत सिंह (34वें और 48वें मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (42वें और 43वें मिनट में) और अभिषेक (45वें मिनट में) ने गोल किए। जबकि हॉकी विश्व रैंकिग में दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के लिए इलियन मैजकर (7वें और 57वें मिनट में) और हेनरिक मर्टगेन्स (60वें मिनट में) ने गोल किए। सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भारतीय समुदाय की आभारी है राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा: स्ट्रीटिंग

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक दिवाली समारोह में हुए शामिल



ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि ब्रिटिश राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) भारतीय समुदाय की बहुत आभारी है व भारत के साथ साझेदारी से ब्रिटेन को भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के आधुनिकीकरण के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

बुधवार शाम लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक दिवाली समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर उन्होंने आने वाले समय में अपने विभाग में व्यापक सुधारों की आशा व्यक्त की। स्ट्रीटिंग ने कहा यदि मैं, पिछले 76 वर्षों में एनएचएस को आकार देने के तरीके के बारे में बात करूं तो हम ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा प्रवासी भारतीयों ने 1948 में एनएचएस की स्थापना में मदद की थी और आज हम देखते हैं कि उनके बच्चे, नाती-नातिन व परपोते-परपोतियां इसका भविष्य तय कर रहे हैं। मंत्री ने भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रिटेन इस मामले में भारत से सीख सकता है।

## चिली की राजधानी में स्कूल में विस्फोट 35 लोग घायल

**सैंटियागो।** चिली की राजधानी में एक स्कूल के अंदर विस्फोटक उपकरणों के इस्तेमाल के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 35 छात्र घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। सैन्यीकृत पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल फर्नांडो अल्बोर्नोज़ ने बताया कि बुधवार की सुबह, बैरोस अराना नेशनल बोर्डिंग स्कूल में छात्रों का एक समूह विरोध प्रदर्शन के लिए विस्फोटक उपकरण तैयार कर रहा था, तभी एक उपकरण में विस्फोट हो गया। घायल छात्रों को अस्पतालों में ले जाया गया, और एक शिक्षक को चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। म्युचुअल डी सेगुरिदाद अस्पताल के चिकित्सा निदेशक राफेल बोर्गोनो ने कहा अस्पताल में भर्ती पांच मरीजों में से वर्तमान में विभिन्न जलने के कारण चार की हालत गंभीर है।

# ओडिशा पहुंचा चक्रवात दाना, तटीय इलाकों में भारी बारिश

## प्रभावित क्षेत्रों के करीब तीन लाख लोगों को आश्रय स्थलों पर पहुंचाया, उखड़े पेड़, मार्ग अवरुद्ध

भुवनेश्वर, एजेंसी



भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' गुरुवार दोपहर ओडिशा तट के नजदीक पहुंच गया तथा इसके प्रभाव के चलते राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं वहीं समुद्र भी अशांत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने तटीय जिलों में लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्रयास भी तेज कर दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बालासोर, भद्रक, भितरकनिका और पुरी के कुछ इलाकों से पेड़ उखड़ने की खबरें मिली हैं, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से एक भी व्यक्ति हताहत नहीं हो। चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है और हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक तक रह सकती है। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान दाना पिछले छह घंटे के दौरान 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा है और यह पारादीप (ओडिशा) से लगभग 210 किमी दक्षिणपूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 310 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। तूफान दाना के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट को पार करने का अनुमान है।

### 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए

माझी ने बताया कि करीब तीन लाख लोगों को विभिन्न चक्रवात आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है और यह अभियान जारी है। अब तक कुल 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं और 91 चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को स्थानांतरित करने और अवरुद्ध सड़कों को साफ करने के लिए अधिकारियों ने एनडीआरएफ के 19 दल, ओडीआरएएफ के 51 दल और अग्निशमन सेवा कर्मियों को भी लगाया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले चार घंटों में पारादीप में सबसे अधिक 62 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर में 24 मिलीमीटर बारिश हुई। उसने बताया कि दिन के दौरान भद्रक, बालासोर, जाजपुर, कटक, खुर्दा, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा और पुरी जिलों के कुछ हिस्सों में 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलने के साथ मध्यम से तीव्र बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान के बाद में थोड़ा पश्चिम और पश्चिम-दक्षिण दिशा में मुड़ने की संभावना है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति भवन परिसर में फिर गिरे कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में गुरुवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी।

### बुशरा बीबी तोशाखाना मामले में जमानत पर हुईं रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में करीब नौ महीने तक सलाखों के पीछे रहने के बाद बृहस्पतिवार को जमानत पर जेल से रिहा हो गईं। इस रिहाई से एक दिन पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके बांड पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। पीटीआई ने व्हाट्सऐप संदेश में बुशरा की रिहाई की पुष्टि की।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति होगी बहाल

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- इसको लेकर व्यापक सहमति बनी, समझौते को महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है।

सिंह ने कहा भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। सिंह ने कहा इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत-चीन समझौते का बुधवार को समर्थन किया तथा विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 की सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत देते हैं। रूस के कजान में, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित करीब 50 मिनट की बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उचित तरीके से निपटाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परस्पर विश्वास, एक-दूसरे का सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता संबंधों का आधार बने रहना चाहिए।

### कजान में मोदी व शी की बैठक द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अत्यधिक महत्व रखती है: चीन

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में बुधवार को हुई बैठक अत्यधिक महत्व रखती है क्योंकि वे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा वे चीन-भारत संबंधों में सुधार और इन्हें विकसित करने पर महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे तथा द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस सवाल पर कि बीजिंग बैठक के नतीजे को कैसे देखता है, लिन ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखने तथा आगे बढ़ने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। लिन ने कहा कि चीन संचार और सहयोग बढ़ाने, पारस्परिक रणनीतिक विश्वास वृद्धि, मतभेदों को दूर करने और द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने के लिए भी तैयार है।

### विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए : जयशंकर



**कजान।** संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने को आज के समय की विशेष जरूरत बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए और एक बार सहमति बन जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए। एक अधिक समतामूलक वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए पांच सूत्री मंत्र देते हुए जयशंकर ने वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को सुधारने पर जोर दिया जो औपनिवेशिक कालखंड की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ यह किया जाना चाहिए। जयशंकर ने रूस के कजान में ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शामिल होते हुए यह बात कही। सम्मेलन के मेजबान रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन हैं। उन्होंने कहा, हम कठिन परिस्थितियों में मिल रहे हैं। विश्व को दीर्घकालिक चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारा यहां एकत्रित होना इस बात का संदेश है कि हम ऐसा करने के लिए वाकई तैयार हैं। जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा, यह युद्ध का युग नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटना आज के समय की विशेष जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। एक बार सहमति हो जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए।

# कनाडा ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा, खालिस्तान के नाम पर चल रहा अपराध का कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने एक साक्षात्कार में किया खुलासा



कनाडा के व्यवहार को अत्यंत घटिया बताते हुए वहां से वापस बुलाए गए भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि ऐसे देश ने, जिसे हम मित्रवत लोकतांत्रिक देश मानते हैं, भारत की पीठ में छुरा घोंपा और सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि मुट्ठीभर खालिस्तान समर्थकों ने इस विचारधारा को एक आपराधिक उपक्रम बना दिया है जो मानव तस्करी और हथियार तस्करी जैसी अनेक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस सबके बावजूद कनाडाई अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं क्योंकि कट्टरपंथी स्थानीय नेताओं के लिए वोट बैंक होते हैं।

कनाडा ने अपने नागरिक और भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में हत्या के मामले में कहा था कि वर्मा इस मामले में जांच के तहत 'निगरानी की श्रेणी' में हैं। इस मामले में कनाडा आगे कोई कार्रवाई करता, उससे पहले भारत ने वर्मा और पांच अन्य राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया। वर्मा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक किया और वह एक परमाणु विज्ञानी हैं। वह जापान तथा सूडान में भारत के राजदूत रह चुके हैं। क्या उन्होंने अपने 36 साल के राजनयिक कॅरियर में कभी इस तरह का कुछ देखा है, इस सवाल पर वर्मा ने कहा यह अत्यंत घटिया बात है। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रति सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया है। अगर वे मानते हैं कि यह उनके लिए भी एक व्यापक रिश्ता है तो राजनयिक के पास अन्य कूटनीतिक साधन होते हैं। चीजों का संतोषजनक समाधान निकालने के लिए इन साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता था। बुधवार को पीटीआई के नई दिल्ली स्थित स्टूडियो में अनेक विषयों पर बातचीत करते हुए वर्मा ने कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन, स्थानीय नेताओं से राजनीतिक लाभ के लिए खालिस्तान समर्थकों को मिल रही सहायता और खालिस्तानियों की आपराधिक गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी।

# गाजा में स्कूल पर हमला, 16 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में शरणार्थी शिविर के रूप में उपयोग में लाये जा रहे एक विद्यालय पर गुरुवार को इजराइली हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अवदा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि यह हमला नुसीरात के एक शरणार्थी शिविर पर हुआ। इस हमले में 32 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया।

इजराइली सेना ने तत्काल इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। इजराइल ने हाल के महीनों में ऐसे शरणार्थी शिविरों (विद्यालयों) पर यह कहते हुए कई हमले किये हैं कि वह आम नागरिकों के बीच छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाता है। इन हमलों में अक्सर महिलाओं और बच्चों की जान चली जाती है। हमास की अगुवाई वाले आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमला करने, 1200 लोगों को मौत के घाट उतार देने तथा 250 अन्य को अगवा करने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई थी। 100 बंधक अब भी गाजा में ही हैं और माना जाता है कि उनमें एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

### इजराइल ने गाजा में अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का लगाया आरोप

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** इजराइली सेना ने गाजा में जारी युद्ध को कवर करने वाले अंग्रेजी समाचार पत्र अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का बुधवार को आरोप लगाया। हालांकि, अल जजीरा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने आरोप लगाया कि अल जजीरा के छह पत्रकार फिलिस्तीन के आतंकवादी समूह से पूर्व में या वर्तमान में जुड़े रहे हैं और वे इसके लिए काम करते थे तथा इसके बदले उन्हें भुगतान भी किया जाता था।

## बर्गर खाने से संक्रमण फैलने के आरोप के बाद मैकडोनाल्ड्स ने कहा- रेस्तरां सुरक्षित हैं

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का आरोप लगने के बाद कंपनी ने बुधवार को ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसके रेस्तरां सुरक्षित हैं। दूसरी ओर, अमेरिका के संघीय जांचकर्ता इस बात की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं कि मैकडोनाल्ड्स का 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' खाने से ही ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैला है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने मंगलवार को बताया था कि 'मैकडोनाल्ड्स' का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर में प्याज के कारण ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का संदेह है। मैकडोनाल्ड्स' ने कहा कि वह ताजा प्याज उपलब्ध कराने के लिए नये आपूर्तिकर्ता की तलाश कर रहा है। इस बीच, ई.कोली बैक्टीरिया से प्रभावित राज्यों के साथ-साथ अन्य राज्यों के कुछ हिस्सों में स्थित 'मैकडोनाल्ड्स' से 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' को हटा दिया गया है।

# राष्ट्रपति बनने के लिए अयोग्य हैं ट्रंप: हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश का नेतृत्व करने के लिए अयोग्य हैं। हैरिस ने वाशिंगटन में अपने आधिकारिक आवास पर बुधवार को कहा कि हमें पता चला कि डोनाल्ड ट्रंप के चीफ ऑफ स्टाफ रहे जॉन केली ने इस बात की पुष्टि की है कि ट्रंप जब राष्ट्रपति थे तब वह चाहते थे कि उनके पास वैसे जनरल हों, जैसे एडॉल्फ हिटलर (जर्मन तानाशाह) के पास थे।

उन्होंने कहा, ट्रंप ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह नहीं चाहते कि सेना अमेरिकी संविधान के प्रति निष्ठावान हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो उनके प्रति वफादार हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से उनके प्रति निष्ठावान हो, जो उनके आदेश माने, चाहे इसके लिए उसे उनके कहने पर कानून तोड़ना पड़े।

### देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा

हैरिस ने कहा, बीते सप्ताह के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा और यह तक कहा कि वह अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ सेना का इस्तेमाल करेंगे। इससे एक दिन पहले केली ने कहा था, निश्चित रूप से, पूर्व राष्ट्रपति (ट्रंप) दक्षिणपंथी विचारधारा के हैं।

## फिलिपीन में तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटना में 23 लोगों की मौत

**मनीला।** फिलिपीन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र में गुरुवार को उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और कई कारें बह गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई लोग फंस गए और कुछ लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारियों को मोटरबोट की मदद लेनी पड़ी। देश के उत्तरपूर्वी प्रांत इसाबेला में मध्यरात्रि के बाद उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' ने दस्तक दी जिसके बाद सरकार ने आपदा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर स्कूलों और कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य द्वीप लूजोन में दूसरे दिन भी स्कूल और कार्यालय बंद रहे। तूफान के प्रभाव से इफुगाओ के पर्वतीय प्रांत के एगुइनाल्डो शहर में सुबह के समय 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवाएं चलीं। सरकारी मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार, हवाओं का रुख पश्चिम की दिशा में है और बृहस्पतिवार को बाद में इसके दक्षिण चीन सागर में प्रवेश करने का अनुमान है। पुलिस और प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर की मौत बुरी तरह प्रभावित बिकोल क्षेत्र और निकटवर्ती क्यूजोन प्रांत में तूफान के कारण आई बाढ़ की वजह से हुई है।

# तुर्की ने सीरिया और इराक में पीकेके के 32 ठिकाने किए नष्ट

इस्तांबुल, एजेंसी

- सरकारी विमान निर्माता कंपनी पर हमले का बदला लिया



तुर्की की वायु सेना ने बुधवार को उत्तरी सीरिया और इराक में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के कम से कम 32 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। टीआरटी हैबर प्रसारक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह रिपोर्ट दी। तुर्की की राजधानी अंकारा में सरकारी विमान निर्माता कंपनी तुर्किश एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (यूएसएएस) के कारखाने पर बम से हमला किया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि हमले में चार लोग मारे गये हैं। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कुछ घंटों बाद बताया कि मृतकों की संख्या को संशोधित कर पांच कर दिया गया है, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तुर्की के अधिकारियों का मानना है कि आतंकवादी हमला संभवतः पीकेके सदस्यों द्वारा किया गया था। प्रसारक की रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु सेना की कार्रवाई में बड़ी संख्या में पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। गौरतलब है कि पीकेके और तुर्की के बीच सशस्त्र संघर्ष 1984 में शुरू हुआ और 2015 में फिर से भड़क गया।

## जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई का किया आग्रह

**लाहौर।** पाकिस्तान के ईसाई नेताओं ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर कहा है कि ईसाई धर्म पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार के निमंत्रण पर एक महीने की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे नाइक ने कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे शहरों में विवादास्पद व्याख्यान दिए। तीन दशकों में यह उसकी पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह 1992 में पाकिस्तान आया था। धनशोधन और नफरत भरे भाषणों के जरिए चरमपंथ भड़काने के आरोप के चलते नाइक ने 2016 में भारत छोड़ दिया था। उसे मलेशिया सरकार द्वारा वहां स्थायी निवास की अनुमति दी थी।

खगोल विज्ञान | हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए हुआ है खुलासा

# जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** आकाशगंगाओं का जीवन भी निश्चित नही है, जो कभी भी खत्म हो सकता है। एक ऐसी ही आकाशगंगा का पता चला है, जो विलुप्त के कगार पर जा पहुची है। इस आकाशगंगा का नाम मेसियर 90 है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए इसका खुलासा हो पाया है। ब्रह्मांड हमारी कल्पनाओं से परे की वस्तु है। जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक विशाल व रहस्यमय है।

चार शताब्दी गुजर चुकी हैं, ब्रह्मांड को समझने में, लेकिन अभी तक हमारी समझ एक सीमित सीमा तक ही पहुच पाई है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि किसी आकाशगंगा का अस्तिव भी मिट सकता है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अपनी आकाशगंगा में हमारी पृथ्वी का कितना स्थान है, जो एक कण जितना भी नही है और अविरल असाधारण अनंत में फैली हमारी आकाशगंगा भी एक दिन समाप्त हो जाएगी। इससे जाहिर है कि ब्रह्मांड की थाह पाना आसान नही है और अब एक आकाशगंगा के विलुप्त होने की खबर मिलना हैरत मे डालता है। विलुप्त होने जा रही मेसियर 90 नामक आकाशगंगा सर्पिल है। जिसकी ताजा तस्वीरें हबल दूरबीन ने ली हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई तस्वीरें आश्चर्यजनक हैं। इसके चारों ओर धूल भरी डिस्क और एक गैसीय प्रभामंडल है। इसके चमकीले कोर का संपूर्ण दृश्य नजर आता है। डिस्क के आंतरिक क्षेत्र तारों का निर्माण स्थल हैं। एम90 अपेक्षाकृत निकटवर्ती कन्या समूह की आकाशगंगाओं के बीच स्थित है और इसकी कक्षा लगभग 300 मिलियन वर्ष पहले क्लस्टर के केंद्र के निकट एक पथ पर एम90 को ले गई थी। इस दौरान विपरीत तेज हवा आकाशगंगा में भारी पड़ गई । जिस कारण आकाशगंगा से भारी मात्रा में गैस निकल गई और नए तारे बनाने के क्षमता खत्म हो गई। परिणामस्वरूप सर्पिल आकाशगंगा अंततः लुप्त हो रही है।



हबल द्वारा ली गई आकाशगंगा मेसियर 90 की तस्वीर।

### हमारी दिशा में बढ़ रही आकाशगंगा

नैनीताल : एम90 पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह हमारे करीब आ रही है। आकाशगंगाओं में से एक है। विर्गो क्लस्टर के कारण इसकी कक्षा में गति बेहद तेज हो गई है। जिस कारण यह पूरी तरह से क्लस्टर से बाहर निकलने की प्रक्रिया में है। संयोगवश यह हमारी दिशा में आगे बढ़ रही है।